ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 05 जनवरी 2023 • वर्ष-23 • अंक-330 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगी अनन्या

पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### ममता देवी को एक अन्य मामले में दो साल की सजा

**रामगढ़।** जेल में सजा काट रही रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी और राजीव जयसवाल को गोला-गोली कांड के एक और मामले में कोर्ट ने दो वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अपर न्यायाधीश चतुर्थ सह विषेष अदालत एमएलए-एमपी कुमार पवन की अदालत ने दोनों अभियुक्तों को भादवि की धारा 147 में एक वर्ष, 323 में छह माह, 341 में 15 दिन, 342 में छह माह और 435 में दो वर्ष की सजा के साथ पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर तीन माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शाह की रैली स्थल का किया निरीक्षण

**चाईबासा।** आगामी सात जनवरी को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसको लेकर भाजपा द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बुधवार को रैली स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों के मद्देनजर दिशा-निर्देश दिया। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, वरिष्ठ नेता जेबी तुबिद और चाईबासा जिला अध्यक्ष समेत अन्य नेता भी उपस्थित थे।

### इंटर स्टेट अपराधी गिरोह का भंडाफोड़

**दुमका।** दुमका पुलिस ने एक कुख्यात इंटर स्टेट अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो दुमका में कारोबारियों से आसानी से रंगदरी वसूलने के लिए पिछले कुछ माह से दहशत का माहौल बनाने में जुटा था। पुलिस ने साहेबगंज-गोविंदपुर हाइवे के कुरुवा डंगाल से गिरोह के चार अपराधियों मुन्ना राय, करण कुमार, नईम खान और एतवारी राय को तीन कीमती कार, एक मोटरसाइकिल, दो पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और कई दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया है।

### भारत में मिला ओमिक्रोन एक्सबीबी.1.5 का केस

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में कोरोना के ओमिक्रोन एक्सबीबी.1.5 का पहला केस मिला है। चिकित्सा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार संक्रमित व्यक्ति सीकर का रहनेवाला बताया जा रहा है और हाल ही में विदेश से लौटा था। बता दें कि युवक 19 दिसम्बर को अमेरिका से जयपुर आया था। 23 दिसम्बर को कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद जीनोम सीक्वेंसिंग में अमेरिकन वेरिएंट का पता चला।

### जैन समाज 13 को करेगा शक्ति प्रदर्शन

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर का दिगंबर जैन समाज श्री सम्मेद शिखर जी मामले में 13 जनवरी को शक्ति प्रदर्शन करेगा। शक्ति प्रदर्शन के लिए जैन समाज के बैनर तले एक संघर्ष समिति का गठन भी किया गया है। अजमेर का जैन समाज झारखंड और केंद्र सरकार के खिलाफ सम्मेद शिखर जी को बचाने के लिए जल्द ही आगे रणनीति तय करेगा। इसके लिए 13 तारीख को स्थानीय नया बाजार चौपड़ पर एक आम सभा का आयोजन किया जाएगा।

### काबुल में ब्लास्ट, कई लोगों के मारे जाने की आशंका

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार रात हजारा कम्युनिटी को निशाना बनाकर एक के बाद एक कई बलास्ट किए गए हैं। इसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। हालांकि, तालिबान हुकूमत ने अब तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इससे पहले रविवार को काबुल के मिलिट्री एयरपोर्ट के पास ब्लास्ट और फायरिंग में 10 लोग मारे गए थे।

# अभी राहत के आसार नहीं : झारखंड में अभी और बढ़ेगी ठंड, पारा गिरेगा

### न्यूनतम तापमान में चार-पांच डिग्री सेल्सियस तक की हो सकती है गिरावट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यवासियों को अभी ठंड से राहत नहीं मिलनेवाली है। सर्दी का सितम फिलहाल कम नहीं होगा और अगले तीन से चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में चार-पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। बुधवार को गढ़वा, चतरा, पलामू, लातेहार और लोहरदगा में कोल्ड डे रहा।

बता दें कि झारखंड के मौसम में अचानक बदलाव आया है। आसमान में बादल और कोहरे की वजह से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सुबह और शाम कनकनी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि 6 जनवरी के बाद आसमान साफ होगा वहीं ठंड में इजाफा होगा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया है कि अगले तीन से चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। अभी कुहासा और बादल का मिलाजुला असर है। देश के उत्तरी हिस्से में चल रही बर्फीली हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है। मौसम खुलने के साथ ही आज से ठंड और सतायेगी। मौसम केंद्र रांची के पूर्वानुमान के मुताबिक, आनेवाले दो दिनों के दौरान भी यही स्थिति बनी रहेगी।

(अंदर के पेज भी देखें)



### कोहरे की वजह से विमान सेवा प्रभावित

**झारखंड** में मौसम का बिगड़ा हुआ मिजाज विमान परिचालन के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। बुधवार को रांची में कोहरे की वजह से विमान सेवा प्रभावित हुई। कई विमानों को रीशेड्यूल किया गया। वहीं, सुबह की कई विमानें 4-5 घंटे लेट हुई। सुबह, एक भी विमान रांची एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका। ऐसे में दिल्ली सहित अन्य महानगरों में आवाजाही करनेवाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों को पांच घंटे से भी ज्यादा वक्त तक एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा। पुणे, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु और कोलकाता से आनेवाली फ्लाइट कोहरे की वजह से प्रभावित हुई। एयरपोर्ट अधिकारियों ने कहा कि मौसम में सकारात्मक बदलाव होने तक ऐसी स्थिति रहेगी।

# आत्मसमर्पण...

## मिसिर और पतिराम दस्ते के आठ नक्सलियों ने किया सरेंडर

### सरेंडर करनेवालों में तीन महिला नक्सली भी शामिल

### एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा और पतिराम मांझी को लगा बड़ा झटका

### शीर्ष माओवादियों के मारक दस्ते के सदस्यों ने पुलिस व सीआरपीएफ के समक्ष किया सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा माओवादियों के एक करोड़ के इनामी माओवादी मिसिर बेसरा और पतिराम मांझी को बड़ा झटका लगा है। दोनों शीर्ष माओवादियों के मारक दस्ते के आठ सदस्यों ने पुलिस व सीआरपीएफ के समक्ष सरेंडर किया है। सरेंडर करनेवालों में पश्चिमी सिंहभूम का जयराम बोदरा, खरसांवा की सरिता उर्फ मुंगली सरदार, तमाड़ सोमवारी कुमारी उर्फ टोनी, गोईलकेरा का मारतम अंगरिया, टोन्टो का तुंगीर पूर्ति, पातर कोड़ा, कुसनू सिरका और संजू पूर्ति उर्फ रोशनी पूर्ति शामिल है। बुधवार को आठों माओवादियों ने आईजी अभियान अमोल वी होमकर, रांची जोन के आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी अनूप बिरथरे व सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष सरेंडर कर दिया।




### सदस्यों के पास माओवादियों के चप्पे-चप्पे की है जानकारी

सरेंडर के दौरान मीडिया से बात करते हुए आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ लगातार चल रहे अभियान व माओवादी संगठन के बीच अंदरूनी शोषण के कारण मारक दस्ता के सदस्यों ने सरेंडर किया। सरेंडर करनेवाले माओवादियों को मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी के दस्ता सदस्यों के विषय में पूरी जानकारी है। साथ ही उन्हें कोल्हान, पौड़ाहाट के सुदूर जंगलों की चप्पे-चप्पे की जानकारी है। जयराम के खिलाफ पुलिस मुखबिरी के आरोप में हत्या, उग्रवादी कांड के तकरीबन 11 एफआईआर चाईबासा के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। वहीं, सरिता के खिलाफ चाईबासा, सरायकेला में छह, सोमवारी के खिलाफ कुचाई व टोकलो में दो, मारतम अंगरिया के खिलाफ पांच, तुंगीर पूति के खिलाफ एक, पातर कोड़ा के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

### तीन वर्षों में मुठभेड़ में 31 उग्रवादी मारे गये, 56 ने डाले हथियार

**झारखंड** सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर कई नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। आईजी ऑपरेशन एवी होमकर ने कुछ आंकड़े साझा करते हुए बताया कि राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में अबतक 1300 से अधिक नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं जिनमें से 106 इनामी बड़े इनामी नक्सली भी शामिल रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में मुठभेड़ के दौरान 31 उग्रवादी ढेर कर दिये गए जबकि 56 नक्सलियों ने हथियार डालते हुए पुलिस और सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आईजी ऑपरेशन ने बताया कि नक्सलियों का गढ़ समझे जानेवाले 40 से अधिक इलाकों को मुक्त कराकर उन्हें जन कल्याण केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है।

# ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी

### केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

### 8 लाख करोड़ का सीधा निवेश होगा

### 6 लाख नई नौकरियां होंगी सृजित




**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारत ग्रीन हाइड्रोजन का हब बने, इसको लेकर केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि साल 2021 में ग्लासको में पीएम ने भारत की ओर से महात्वाकांक्षी योजना की बात कही थी। 2021 में 15 अगस्त को ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर घोषणा की थी। नए जॉब की बात भी कही थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी है। भारत में लो कास्ट ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन पर इंसेटिव दिया जाएगा। देश में ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देना का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सन 2047 तक ऊर्जा को लेकर आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा गया है। देश में अलग-अलग सेक्टर में ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग बढ़ाने के लिए मिशन डायरेक्टर ऐसे व्यक्ति को लिया जाएगा जो इस सेक्टर में जानकारी रखता हो।

ठाकुर के अनुसार, भारत ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन में ग्लोबल हब के रूप में उभर सकेगा। साल 2030 तक ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में 8 लाख करोड़ डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट होगा। इससे छह लाख जॉब क्रिएट होंगे। केंद्रीय कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश में 382 मेगावाट के सुन्नी हाइड्रोजन इलेक्ट्रिक डैम को मंजूरी दी है। इसकी क्षमता 382 मेगावाट की है। यह पांच साल तीन महीने में पूरा होगा। इससे हिमाचल में हजारों की जॉब क्रिएट होंगे। इससे हिमाचल को 13 प्रतिशत बिजली मुफ्त में मिलेगी। ठाकुर ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन होगा। 60-100 गीगावाट की इलेक्ट्रोलाइजर क्षमता को तैयार किया जाएगा। इलेक्ट्रोलाइजर की मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन पर 17,490 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। ग्रीन हाइड्रोजन के हब को विकसित करने के लिए 400 करोड़ का प्रावधान किया है। इससे 6 लाख नौकरियां मिलेंगी।

# निलंबित आईएस पूजा सिंघल जेल से रिहा



### सुप्रीम कोर्ट से मिली है शर्तों पर अंतरिम जमानत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित निलंबित आईएस पूजा सिंघल को करीब आठ माह बाद शनिवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारावास से रिहा कर दिया गया। कोर्ट का आदेश जेल पहुंचा और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूजा सिंघल को जेल से रिहा कर दिया गया। उन्हें लेने उनके पति अभिषेक झा पहुंचे थे, जिसके साथ वह कार में बैठकर जेल से बाहर निकल गई। इस दौरान पूजा सिंघल के अधिवक्ता ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार झारखंड छोड़ देंगी, लेकिन उन्हें कुछ समय दिया जाए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को एक माह की अंतरिम जमानत दी है। अदालत ने यह शर्त लगाई है कि वह अपनी बेटी के इलाज के लिए उसके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा प्रदेश प्रभारी सात जनवरी से झारखंड प्रवास पर

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी 7 जनवरी से झारखंड के चार जिलों में सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने दी। साहू ने बताया कि डॉ. वाजपेयी अपने संगठनिक प्रवास के क्रम में सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिलों में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, नगर निकायों के महापौर, उप महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष, महामंत्री के साथ बैठक को संबोधित करेंगे। वहीं. डॉ वाजपेयी मंडल कार्यसमिति, मंडल के सभी सात मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक के साथ मंडल में निवास करनेवाले प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में भी शामिल होंगे।

# झारखंड के विकास में अग्रणी होगा साहिबगंज

### दो दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचे सीएम

### पतना प्रखंड स्थित धर्मपुर मैदान में जनसभा को किया संबोधित

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

अपने दो दिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को साहिबगंज पहुंचे। उन्होंने पतना प्रखंड स्थित धर्मपुर मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री सोरेन ने कहा कि साहिबगंज जिला और संथाल परगना प्रमंडल का यह क्षेत्र शुरू से ही झारखंड के अन्य क्षेत्रों से अलग एवं पिछड़ा रहा है। यहां के आदिवासी-मूलवासी विकास के क्रम में बहुत पीछे हैं। हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे किए हैं आनेवाले दो वर्षों में संथाल परगना का यह क्षेत्र और जिला झारखंड के विकास में अग्रणी होगा। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## बदइंतजामी: बिना प्लान के लागू किया वन-वे, यातायात व्यवस्था बेपटरी

# घंटों जाम में फंसे जज समेत कई वीवीआईपी

### मेकॉन से राजेंद्र चौक तक ट्रॉयल के तौर पर किया गया है वन-वे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही की वजह से बुधवार को शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गयी। मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक तक फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने इस मार्ग को बिना तैयारी और पूर्व सूचना के ही बुधवार को वन-वे कर दिया। इससे डोरंडा इलाके की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गयी। राजेंद्र चौक, कडरू फ्लाइओवर, हिनू इलाका, हाईकोर्ट मार्ग, डोरंडा बाजार आदि इलाके में हर तरफ जाम हो गयी। इस जाम में एम्बुलेंस, अधिवक्ता, सरकारी कर्मी के अलावा हाईकोर्ट के जजों की भी गाड़ियां फंस गयी। उन्हें घंटो जाम में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग निर्धारित

- सुजाता चौक से हिनू की ओर जाने वाले वाहनों को राजेंद्र चौक से हाईकोर्ट मार्ग होते हुए मेकॉन चौक से गंतव्य तक भेजा जाएगा। इसके अलावा इस मार्ग के वाहन डोरंडा बाजार होते हुए भी जा सकते हैं।
- कडरू फ्लाईओवर से आनेवाले वाहनों को देवेंद्र मांझी चौक होते हुए राजेंद्र चौक भेजा जाएगा। वहां से अगर उन्हें हिनू जाना है तो राजेंद्र चौक से हाईकोर्ट होते हुए मेकॉन चौक से हिनू की ओर जाने दिया जाएगा।
- न्यायाधीशों और अन्य वीआईपी, जो कांके और हरमू इलाके में रहते हैं। उन्हें डीपीएस, सेटेलाइट कॉलोनी, मेकॉन से एजी मोड़ जाने से गंतव्य तक जाना होगा।

# आतंकी हमले के इनपुट के बाद गृह मंत्रालय अलर्ट

### पुंछ-राजौरी भेजे जा रहे 1800 सीआरपीएफ जवान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के इनपुट मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 18 कंपनियां भेजेने का फैसला लिया है। राजौरी और पुंछ में हुए आतंकी हमलों में आम नागरिकों को निशाना बनाए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। सीआरपीएफ की 18 कंपनियों में लगभग 1,800 कर्मियों को मुख्य रूप से पुंछ और राजौरी जिलों में तैनाती के लिए जम्मू भेजा जाएगा। इनपुट्स के मुताबिक, सीआरपीएफ की आठ कंपनियां जल्द ही जम्मू-कश्मीर में तैनाती के नजदीकी स्थानों से तैनात की जाएंगी, जबकि सीआरपीएफ की 10 कंपनियां दिल्ली से भेजी जा रही हैं। सूत्र ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमले के बारे में खुफिया जानकारी के बीच गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी एक आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के ऊपरी डांगरी गांव में रविवार शाम और सोमवार सुबह हुए दो अलग-अलग आतंकी हमलों में दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## NEWS इन ब्रीफ

### अवैध महुआ भट्ठी को पुलिस ने किया नष्ट



**सिल्ली।** सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप के द्वारा क्षेत्रों मे चल रहे अवैध महुआ भट्ठी को ध्वस्त किया गया। जिसमें सुडील रेलवे लाइन के समीप चल रहे अवैध महुआ भट्ठी से 400 सौ किलोग्राम जावा महुआ को बरामद कर नष्ट किया गया और भट्ठी को भी तोड़फोड़ किया गया। प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि यह अभियान लगातार क्षेत्रों में चलता रहेगा। सिल्ली प्रखंड को अवैध महुआ भट्ठी से मुक्त कराना है जिससे कई घर बर्बाद होने से बच पाए।

### करमचंद भगत का मनाया गया जयंती समारोह

**बेड़ो।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के संस्थापक स्वर्गीय करमचंद भगत का जयंती बुधवार को कॉलेज प्रशासन से मिलकर आदिवासी छात्र संघ के द्वारा मनाया गया। इस दौरान स्वर्गीय करमचंद भगत के जीवनी के बारे में उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार के द्वारा बतलाया गया। वही पूर्व आदिवासी छात्र संघ सचिव संदीप उरांव ने कहा कि बाबा करमचंद भगत का जन्म 1934 ईस्वी में हुई थी।

### झारखंड में ग्रीन कार्ड धारकों की थाली से चावल गायब

**रांची।** झारखंड में पिछले 15 नवंबर 2020 को बड़े ही तामझाम के साथ ग्रीन कार्ड योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत ऐसे परिवारों को 1 रुपए में 5 किलो चावल देने की बात की गई। मगर हकीकत यह है पिछले कई महीनों से झारखंड के ऐसे 15 लाख कार्डधारियों को चावल नसीब नहीं हुआ है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित लोगों को राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में ग्रीन कार्ड योजना की शुरूआत हुई। लेकिन दूसरी योजनाओं की तरह इसकी हालत भी अब खस्ता हो गई है। लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित हैं। अधिकारी अपना रोना रो रहे हैं।

### रांची की सड़कें कब बनेंगी एक्सीडेंट फ्री जोन

**रांची।** रांची में रोड एक्सीडेंट को कैसे रोका जाए इसे लेकर बहुत सारे अभियान चलाए जाते हैं। लेकिन नतीजा कुछ खास निकल नहीं रहा है। अभी और काम करने की जरूरत है। उम्मीद है कि प्रशासन की ओर जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाए जिससे कि कीमती जान बच सके। देखें स्पेशल रिपोर्टरांचीः सड़क हादसे को रोकने के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं और इसको लेकर समय-समय पर आला अधिकारियों के द्वारा पदाधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए जाते हैं।

### दूसरे दिन भी रूक्का डैम से पानी नहीं मिला, लोग परेशान

**रांची।** रूक्का डैम से बूटी जलागार को बुधवार को भी जलापूर्ति नहीं पायी। इसके कारण लाखों लोगों को लगातार दूसरे दिन पीने का पानी नहीं मिल पाया। बूटी और रूक्का ईई राधेश्याम रवि ने बताया कि क्षतिग्रस्त रूक्का- बूटी जलागार राइजिंग लाइन की मरम्मत कर ली गयी है। रूक्का में पंपिग कार्य शुरू कर बूटी जलागार को पानी भेजने का काम शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को वाटर सप्लाई सामान्य होने का दावा किया गया है। बताया गया कि देर शाम जिला स्कूल पाइप लाइन में पानी भेजे जाने का काम शुरू कर दिया गया है। बता दें कि रूक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निकट पथ निर्माण विभाग ने रूक्का से बूटी जलागार आने वाली मेन राइजिंग लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया थी। इसके कारण बूटी से वाटर सप्लाई पूरी तरह ठप हो गयी। पूरा कर लिया गया।

### राज्यपाल रमेश बैस ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

# गांवों की उपेक्षा पर जताई गहरी चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची / जमशेदपुर।** राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को कृषि एवं ग्रामीण विकास पर करीम सिटी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज गांव ,शहर पर आश्रित होती जा रही है। जब गांव शहर बन जाएगा ,तो खेती योग्य भूमि कम हो जाएगी और हमारी जनसंख्या बढ़ेगी, तो मांग और आपूर्ति की समस्या हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले जब गांव आत्मनिर्भर था, तभी नमक छोड़कर गांव की सभी जरूरतें गांव में ही पूरी हो जाती थी। उन्होंने कहा कि हमें गांधी जी की परिकल्पना को साकार करना है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक बार जब खेती के ऊपर कंक्रीट जंगल बन जाएगा ,उसके बाद फिर उसमें




खेती नहीं हो सकेगी ।अभी हमारी जनसंख्या 135 करोड़ है, आने वाले 20 वर्षों के बाद हम लोगों की क्या स्थिति होगी, इस पर विचार करना जरूरी है। आज जब किसान घाटे में हो तो वह किसानी नहीं करना चाहता, इसलिए किसान अपने बच्चों को कोई भी छोटी मोटी भी सरकारी नौकरी दिलाना चाहता है, ताकि उसके आय का एक ठोस स्त्रोत हो। वहीं नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने कहा कि नाबार्ड की स्थापना 1982 में संसद एक्ट के तहत हुई। आज नाबार्ड बैंकों के अलावा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को भी ऋण प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं ग्रामीण विकास में ऋण प्रदान कर किसानों की स्थिति को आर्थिक रूप से मजबूत करना नाबार्ड का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विश्व में जब गरीब उन्मूलन की बात हुई, तो नाबार्ड ने ही 1990 में स्वयं सहायता समूह की शुरूआत की। वहीं कृषि अर्थशास्त्री डॉ के जे एस सत्यसाईं ने कहा कि आज झारखंड की स्थिति में किसानों की स्थिति काफी खराब है। यहां के मजदूरों को 6 महीने से भी कम का काम मिलता है, इसलिए इनकी आय का स्त्रोत कम है। 2012 एवं 2018 में जो सर्वे हुआ था, उसमें झारखंड का ग्रोथ नहीं बढ़ा। आज भी 4,780 इनके का आय है। उन्होंने कहा कि किसानों का नेगेटिव ग्रोथ रहने के कारण यहां की समस्या गंभीर है। कृषि में आय कम है और मजदूरी का इनकम बढ़ा है। इस अवसर पर कोल्हन विश्वविद्यालय चाईबासा के कुलपति डॉक्टर गंगाधर पांडा एवं करीम सिटी के कॉलेज के प्रचार डॉक्टर मोहम्मद रियाज ने भी अपने विचार रखे।

### अपहरण के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** रांची के किशोरगंज की रहने वाली 15 साल की नाबालिग लड़की गायब हो गयी है। मामले में परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। परिजनों ने बताया कि बुधवार को उनकी पुत्री घर कुछ सामान खरीदने के लिए निकली। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों का आरोप है कि उनकी पुत्री अरमान खान नामक के एक युवक से बातचीत करती थी। इसको लेकर कई बार घर वालों ने उसे डांट फटकार भी लगाया। इसके बाद भी वह उससे बातचीत किया करती थी। खोजबीन के क्रम में परिजन अरमान के घर भी गए, मगर घर पर ताला लगा हुआ था और परिवार के लोग गायब थे। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि अरमान ने ही उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ कहीं ले गया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोपी का मोबाइल लोकेशन निकाल रही है।

## विवाहिता की शादी तोड़ने के लिए फोटो वायरल कर दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विवाहिता की शादी तोड़ने के लिए एक युवक ने उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया। धमकी भी दी कि उसके साथ संबंध नहीं रखा तो वह उसका वीडियो व फोटो देशभर में वायरल कर देगा। यह आरोप रातू के कमड़े निवासी मुकेश सिंह पर लगा है। इस संबंध में विवाहिता शोभा देवी ने मुकेश के खिलाफ महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने धारा 354डी, 506, 509 और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आरोपी द्वारा व्हाट्सएप पर भेजे गए अश्लील मैसेजों की जानकारी ले रही है। उसका आईपी एड्रेस की भी जांच कर रही है।

**विवाहिता ने शादी से किया इंकार, तब पति को भेजा फोटो :** विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी दो दिसंबर को चंद्रशेखर दास के साथ हुई थी। शादी से दो दिन पहले आरोपी ने उसके पति के व्हाट्सएप पर गंदे मैसेज किया और उसकी कुछ तस्वीरें भी भेजी थी। उसके बाद आरोपी मुकेश के साथ वह और परिजनों ने बातचीत कर सुलह किया। इसके बाद शादी हो गयी। शादी के बाद जब वह ससुराल गयी तो आरोपी ने उसका गंदा मैसेज और फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इसी दौरान आरोपी ने उसे फोन पर एक जनवरी को देशभर में उसका फोटो को वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि जांच में विवाहिता और आरोपी के बीच शादी से पहले संबंध की बात सामने आयी है। दोनों के बीच दोस्ती थी। शादी से इंकार करने के बाद आरोपी ने विवाहिता का फोटो वायरल किया है। जिसकी पुलिस जांच हो रही है।

## युवा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना, आर्थिक मदद की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के लमकाना गांव निवासी मजदूर हिंदू उरांव की सोमवार की रात्रि बेड़ो बाजार टांड़ के शोड में रात भर रह जाने और ठंड लग जाने के कारण मौत हो गई। इसके बाद हिंदू उरांव के परिवारों में पत्नी समेत बच्चों के समक्ष जीवन यापन को लेकर एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया जा रहा है कि हिंदू उरांव अपने घर की माली स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण सोमवार को अपने घर से बाहर काम करने जाने को लेकर निकला था। लेकिन सोमवार की रात्रि में बेड़ो बाजार टांड़ के शोड में उसकी मौत अत्यधिक ठंड लगने से हो गई। इधर हिंदू उरांव की ठंड लगने से हुई मौत के बाद बुधवार को मांडर



विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपने कार्यकर्ताओंओं के साथ मृतक हिंदू उरांव के घर लमकाना गांव पहुंचकर परिजनों से मिले। जहां उन्होंने मृतक के पत्नी समेत बच्चों को ढांढस बांधा और आर्थिक मदद करते हुए आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर रंजन गुप्ता, महादेव कुजूर, अनमोल विनय तिर्की, नारायण महली, राजेश सहाय, परमेश्वर प्रजापति, राकेश उरांव, लक्ष्मी साहू, ईश्वर साहू, समेत कई लोग।

### झामुमो सिल्ली प्रखंड का वन भोज संपन्न

**सिल्ली।** बुधवार को सीधा बागान हाथी जोबड़ा नाला के समीप दोपहर 12 बजे से झामुमो पार्टी सिल्ली प्रखंड के तीन पंचायत लोटा गोराडीह और नागेडीह के सक्रिय कार्यकर्ताओं का वनभोज सह बैठक रखी गई जिसमें तीनों पंचायत के झामुमो पंचायत कमेटी का गठन एवं वन भोज का आयोजन झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया तथा बलराम महतो उर्फ राधिका प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। सक्रिय कार्यकताओं के द्वारा सर्व समिति से कमेटी का गठन किया गया जिसमें गोराडीह पंचायत से प्रभारी दिलीप कुमार महतो, अध्यक्ष भोंदू नायक, उपाध्यक्ष रामदास बेदिया, सचिव बुद्धेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र महतो। नागेडीह पंचायत से प्रभारी अनिल बेदिया, अध्यक्ष नरेश चंद्र बेदिया, उपाध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, सचिव शिवचरण मुंडा आदि उपस्थित थे।

## साहिल प्रियांशु ने सीबीएसई नेशलन आर्चरी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुरी।** संत माईकल (10+2) स्कूल मुरी के छात्र साहिल प्रियांशु बनवार कक्षा आठवीं ने सीबीएसई नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं इस क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता विध्या निकेतन स्कूल पंचगणी, महाराष्ट्र में 28 से 30 दिसंबर तक सीबीएसई द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के साहिल प्रियांशु बनवार कक्षा आठवी एवं सुरभी पाल कक्षा नवी ने हिस्सा लिया। जिसमे साहिल प्रियांशु बनवार अंडर 14 वर्ग में 664 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस शुभअवसर पर विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय में सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक



राकेश कुमार ने साहिल प्रियांशु बनवार को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार एवं प्राचार्य सि. एल. प्रजापति ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बधाई के साथ भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दिए। मौके पर शिक्षक वाहिद अली, प्रशांत गोराई, मिथिलेश महतो, शेखर कुमार, रमेश गोराई, किशोर कुमार महतो एवं अभिभावक प्रदिप बनवार उपस्थित थे। दोनो छात्र बिरसा आर्चरी एकेडमी सिल्ली में कोच प्रकाश राम एवं सिसिर महतो के नेतृत्व में अपना प्रशिक्षण लेते हैं।

### मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को अब स्वेटर दिया जायेगा। जो बाल विकास परियोजना के द्वारा हर आंगनबाड़ी केंद्र को दिया जाएगा। प्रखंड कार्यालय के बाल विकास कार्यालय में मंगलवार को जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने सेविकाओं के बीच आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वेटर का वितरण किया। मौके पर राकेश भगत ने कहा बच्चों के बीच स्वेटर वितरण होने से इस बढ़ते ठंड में उन्हें राहत मिलेगी बाल विकास परियोजना कार्यालय से सेविकाओं को बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध कराया गया है। इसी के तहत बुधवार को प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के कुरहाटोली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के बीच आंगनबाड़ी सेविका और पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया के द्वारा स्वेटर का वितरण किया गया।

## वर्षों से बंद पड़े विद्यालय को मुखिया की पहल पर खोला गया, ग्रामीणों में हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में बंद पड़े राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय को पुनः पंचायत के मुखिया के अगुवाई में खोला गया। विद्यालय के पुनः खुल जाने को लेकर ग्रामीण खुशी मनाते हुए ग्रामीणों की अगुवाई में पाहन एवं पुजार से विद्यालय प्रांगण में धुप अगरबत्ती दिखाकर सांस्कारिक तरीके से विद्यालय एवं बच्चों ने मंगलकामना करते हुए विद्यालय प्रवेश कार्यक्रम किया गया। जहां प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, पंचायत मुखिया वीरेंद्र भगत के द्वारा सयुक्त रूप से बच्चों को विद्यालय में प्रवेश के लिए फीता काटकर बच्चों को प्रवेश कराया गया और विद्यालय का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में नेहालु कपरिया के मुखिया विरेंद्र भगत ने विद्यालय को



प्रगति और शिक्षा का विकास कैसे हम सबको मिलकर करना है इसके लिए ग्रामीण एव बच्चों के अभिभावक को विस्तृत दिशनिर्देश दिए। बीईईओ सुनील कुमार केशरी ने शिक्षा विकास का बढ़ावा हेतु सुयोग जानकारी दिए। वही समाजसेवी जगरनाथ भगत ने ग्रामीणों एवं बच्चों के लिए शुभकामनाएं दिए। इसके अलावा पहले दिन खुले विद्यालय में नामांकित बच्चों के लिए बने मिड डे मील का भोजन को उपस्थित अतिथियों समेत बच्चों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। विद्यालय पुनः खुलने के मौके पर वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, ग्राम प्रधान सूरज मुंडा, सकुल साधन, विकाश कुमार गुप्ता , एस.एम.सी अध्यक्ष सुशीला खलखो, उपाध्यक्ष जयमोंन खलखो, राधा भगताइन, आंगनवाड़ी सेविका उमा देवी, पहान विजय भगत, पुजार वीजा भगत, कोटवार मनोहर कुजूर, संजय कोया समेत रोगो गांव के ग्रामीण शामिल हुए।

### आजसू नेता राजू महतो के पिता के श्राद्ध कर्म में पहुंचे सांसद व विधायक



**सिल्ली।** आजसू नेता राजकुमार महतो ऊर्फ राजु महतै के दिवंगत पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए विधायक सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं गोमिया विधायक लंबोदर महतो बुधवार को गोला थाना क्षेत्र के डीमरा गांव पहूंचे और दिवंगत मुकुटधारी महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सुदेश कुमार महतो ने कहा कि दिवंगत मुकुटधारी महतो के निधन अपूरणीय क्षति है। व्यक्तिगत तौर पर भी मुझे उनके जाने का पीड़ा है। उनकी कमी पूरी नहीं की जा सकती है। इस दुख की घड़ी में सांसद एवं विधायक ने उनके पुत्र राजकुमार महतो, उपेन्द्र महतो एवं परीजनो को सांत्वना सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। इस कार्यक्रम में गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, रामगढ़ के पुर्व जिप अध्यक्ष ब्रम्ह देव महतो, हिमांशु पाठक, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू , आनंद राव, संजय सिद्धार्थ, सुशील महतो, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक , ग्रामीण एवं आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए।

झारखण्ड सरकार
परिवहन विभाग
(लीड एजेन्सी, सड़कसुरक्षा)

**NOTICE INVITING TENDER**
**Very-Short Tender**

**Memo No:- RSC/RS-2/2019/TRANS 04 Dated:-03 /01/2023**

On behalf of the Department of Transport, Government of Jharkhand, (DoT, GoJ) Lead Agency, Road Safety, Jharkhand invites agency for Tender Notification for selection of Agency for Video making/ Audio-Visual Creative Clippings/ Real Footage for Lead Agency, Road Safety, Department of Transport, Jharkhand.
A complete set of tender documents can be downloaded from https://jhtransport.gov.in
The details are given below:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 04 Dated:-03/01/2023 |
| 2. | Name of the work | Tender Notification for selection of Agency for Video making/ Audio-Visual Creative Clippings/ Real Footage for Lead Agency, Road Safety, Department of Transport, Jharkhand. |
| 3. | Name of the issuer of this tender | Joint Transport Commissioner (Road Safety), Lead Agency, Road Safety, Ground Floor, Engineers Hostel-II, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 4. | Start date of submission of tender document | 04/01/2023 |
| 5. | Last Date/Time for Submission of Bids | 11/01/2023 at 05:00PM |
| 6. | Date of Opening of Technical Bids | 12/01/2023 at 03:00 PM |
| 7. | Place of Communication/ Bid Submission | Lead Agency, Road Safety, Ground Floor, Engineers Hostel, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004 |

**Note:** The bidders have to submit their bids offline in the office of Joint Transport Commissioner(Road Safety), Lead Agency, Road Safety, Department of Transport, Government of Jharkhand Engineers Hostel II, Dhurwa Goal Chakkar, Ranchi, Jharkhand, 834004.

The technical Bid containing submit as (Annexure I) and Performa for Quoting Rates (Annexure-II).

Department of Transport (DoT,GoJ) reserves the right to cancel the tendering process at any stage without assigning any reason thereof.

**Joint Transport Commissioner (Road Safety),**
**Lead Agency,**
PR 286691 (Transport) 22-23 (D) **Department of Transport, Jharkhand**

### बदलाव की पहल: जबरन प्रलोभन देकर बनाया गया था माओवादी, प्रेम में छोड़ा संगठन

## संगठन में रहते हुए कार्तिक और रोशनी ने की शादी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माओवादी संगठन में युवक- युवतियों के जुड़ने के किस्से अलग अलग हैं। कोई माओवादियों की रसूख, ताकत और गांव में प्रतिष्ठा देख संगठन से जुड़ा तो किसी को प्रलोभन लेकर माओवादियों ने अपने साथ जोड़ा। किसी को जमीन बचाने की मजबूरी में माओवादियों का मददगार बनना पड़ा, बाद में संगठन में हथियार चलाने से लेकर आईईडी लगाने तक की ट्रेनिंग मिली और हार्डकोर उग्रवादी की पहचान मिली। लेकिन संगठन की अंदरूनी ज्यादतियों, पुलिस के अभियानों से बढ़े दबाव में माओवादी संगठन से मोह भंग होने लगा है। ऐसी ही परिस्थितियों में फंसे 18-22 साल के आठ माओवादियों ने बुधवार को पुलिस व सीआरपीएफ के समक्ष सरेंडर कर दिया। आठ माओवादियों की कहानी अलग अलग है, लेकिन



एक प्रेमी जोड़ा भी है जिसने प्यार के लिए संगठन छोड़ा। इससे पहले संगठन के भीतर रहते हुए शादी की, लेकिन मुख्यधारा से जुड़कर नई शुरूआत करने की अकुलाहट ने हथियार का मोह छुड़वा दिया।पुलिस के समक्ष सरेंडर करने वालों में उड़िसा के क्योंझर का कुशनू सिरका उर्फ कार्तिक भी है। 22 साल के कार्तिक को माओवादी अनमोल का दस्ता अपने साथ साल 2020 में ग्राम बहदा से राजाबासा ले आया था। इसके बाद कार्तिक को अनमोल ने अपने दस्ते में शामिल करा लिया। दो साल तक कांडे होनहागा, सुरेश मुंडा, लोहरो लोहरा, अनल के दस्ते में काम करते हुए कार्तिक की सक्रियता कोल्हान, पौड़ाहाट, ट्राईजंक्शन के इलाके में रही। वह प्लाटून कमांडर बन गांव गांव घुमता रहा। इसी दौरान उसकी दोस्ती अपने ही संगठन में रहने वाली रोशनी पूर्ति उर्फ संजू से हो गई। जिसके बाद दोनों ने शादी कर ली। शादी करने के बाद दोनों ने माओवादी संगठन छोड़ने का फैसला लिया। चाईबासा की रहने वाली रोशनी को साल 2019 में सांगेन अंगरिया अपने साथ जबरन चावल पहुंचाने के बहाने चिड़ियाबेड़ा जंगल ले गया था।इसके बाद उसे दस्ता में शामिल करा लिया गया था। दो साल तक संगठन में सांगेन, कांडे होनहागा और अनमोल के दस्ते में रोशनी बतौर प्लाटून कमांडर जुड़ी रही थी।

### महाराज से जयराम ने ली थी आईईडी लगाने की ट्रेनिंग

सरेंडर करने वाले जयराम बोदरा को जीवन कंडुलना ने संगठन में जोड़ा था। 11 माओवादी कांडों में शामिल रहा जयराम साल 2018 में संगठन से जुड़ा था। इस दौरान महाराज प्रमाणिक से इसकी मुलाकात हुई। उसने ही जयराम को आईईडी की ट्रेनिंग दी थी। बाद में अनल व जीवन कंडुलना के साथ वह सक्रिय रहा।

कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग-825301
Email Id-dsehazaribagh4@gmail.com

**अतिअल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या-एम. डी. एम.-01/2022**
**(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, हजारीबाग)**

हजारीबाग जिला अंतर्गत स्कूल डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखंडवार परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु दिनांक-12.01.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक जिला के सभी प्रखंडों के लिए निहित शर्तों के अनुसार निविदा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04.00 बजे उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम, सभी शर्तें एवं अन्य जानकारियाँ हजारीबाग जिला के अधिकृत Website:-hazaribagh.nic.in पर एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
हजारीबाग

PR 286680 School Education and Literacy(22-23)#D

NEWS इन ब्रीफ

### नशा मुक्त समाज के निर्माण में हर संभव सहयोग : सांसद




**रांची ।** रांची सांसद संजय सेठ ने जैन मुनि डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वचन सुना तथा मार्गदर्शन लिया। समाज में बढ़ते नशे की लत को लेकर महाराज जी बहुत चिंतित दिखे। नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए खुद महाराज अभियान चला रहे हैं। रांची सांसद सेठ ने उन्हें इस अभियान में हर संभव सहयोग देने की बात कही।

### रिम्स के सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली कर्मियों ने किया हड़ताल

**रांची।** सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली कर्मी के हड़ताल पर जाने की वजह से रिम्स की व्यवस्था बुधवार को लगभग अस्त व्यस्त रही। यहां पर कार्यरत सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली कर्मी पिछले 4 महीनों से वेतन नहीं मिलने और हटाए जाने की अधिसूचना के विरोध में हड़ताल चले गए। इलाज कराने पहुंचे मरीज और उनके परिजन भटकते दिखे।

### केंद्र सरकार की तर्ज पर सरकार ने तय किया होल्डिंग टैक्स

**रांची।** झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में होल्डिंग टैक्स का निर्धारण किया है। इसी के आलोक में सर्किल रेट भी तय किया गया है। बुधवार को सरकार की ओर से हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर यह जानकारी दी गई। इसके बाद अदालत ने प्रार्थी को सरकार के जवाब पर प्रतिउत्तर देने का निर्देश देते हुए सुनवाई 23 जनवरी को निर्धारित कर दी।
सरकार के होल्डिंग टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ गौरव बागराय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

### रणजी ट्रॉफी में झारखंड की स्थिति खराब

**रांची।** जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले जा रहे राजस्थान और झारखंड के बीच रणजी ट्रॉफी के मुकाबले का दूसरा दिन खत्म हो गया। दूसरे दिन राजस्थान की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट के नुकसान पर 287 रन बनाये। राजस्थान के कर्ण लांबा ने शानदार 122 रनों की पारी खेली। जबकि यश कोठारी ने अपनी टीम के लिए 52 रनों का योगदान दिया।झारखंड टीम के आशीश कुमार ने 5 विकेट चटकाये। जबकि सुप्रियो ने 3 और नदीम ने 2 विकेट लिये। झारखंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 92 रन बनाया था। वहीं राजस्थान की टीम ने पहली पारी में 195 रनों की बढ़त बनायी। दूसरे दिन के आखिरी सत्र में झारखंड की टीम ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी। झारखंड की टीम ने 25 ओवर बल्लेबाजी की और बिना विकेट गंवाये 66 रन बनाये।

## उपायुक्त ने प्रखंड का किया दौरा, विभिन्न विकास योजनाओं की ली जानकारी

# संबंधित पदाधिकारियों को दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बुधवार को बेड़ो प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया गया। प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। उपायुक्त द्वारा बेड़ो बाजार में जिला परिषद मद से 1.33 करोड़ की लागत से बन रहे मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त द्वारा गुणवत्ता और निर्माण कार्य सही से करने का निदेश दिया गया। इसके बाद उपायुक्त द्वारा करंजी डैम का भ्रमण किया गया। यहां उपायुक्त ने सहकारी समिति के अध्यक्ष डेविड तिर्की से मछली पालन की जानकारी ली। डेविड तिर्की द्वारा बताया गया कि यहां पर 26 सदस्यों की सहयोग समिति है, जिसमें 26 बैटरी है और 50 केज हैं। यहां पंगस एवं मोनोस्ट्रेलिया मछली का पालन किया जा रहा है, यह सहकारी समिति 2016-17 से स्थापित है। उपायुक्त द्वारा सहकारी समिति के सदस्यों को बेहतर ढंग से मछली पालन करने का निर्देश दिया गया। सहयोग समिति द्वारा बरसात में फीड रखने के लिए फीड सिड का निर्माण कराने का आग्रह किया गया जिस पर उपायुक्त ने निर्माण कराने का आश्वासन दिया। करंजी डैम के अवलोकन के बाद उपायुक्त द्वारा बेड़ो प्रखंड स्थित मनरेगा पार्क, ग्राम ईटा का अवलोकन किया गया। जहां पर 29 एकड़ में आम का बागवानी की गई है। इस मनरेगा पार्क में टीसीबी., सिंचाई कूप, दीदी बाड़ी, वर्मी कम्पोस्ट, जलकुंड का निर्माण बेहतर ढंग से किया गया है। यहां 34 लाभुकों के 29 एकड़ में आम का बागवानी की गई है। जहां वर्तमान में कृषक आम बागवानी के साथ-साथ मिक्स क्रॉपिंग के रूप में गेहूं ,मटर सरसों की खेती कर रहे हैं। मिश्रित खेती देख कर उपायुक्त ने प्रसन्नता जाहिर की। मनरेगा पार्क के निरीक्षण के बाद उपायुक्त द्वारा मनरेगा एवं महिला बाल विकास विभाग से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र ईटा का निरीक्षण किया गया। यह आंगनबाड़ी केंद्र 6.63 लाख की लागत से बना है। जिसमें मनरेगा द्वारा 4.63 लाख और समाज कल्याण विभाग द्वारा दो लाख की राशि दी गई है। इस आंगनबाड़ी केंद्र में वर्तमान में 25 बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उपायुक्त ने बच्चों के खानपान, उपस्थिति को जांचने के पश्चात निर्देश दिया कि इसमें कम से कम 40 बच्चे नामांकित होने चाहिए।

### सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु वन वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रांची।** रेल मंत्रालय द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि यात्रियों की सुविधा के लिए हटिया - सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु के बीच वन वे (एक तरफा) स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08887 हटिया - सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु वन वे (एक तरफा) स्पेशल ट्रेन दिनांक 07/01/2023 (शनिवार) को हटिया से प्रस्थान करेगी। (केवल एक ट्रिप) ट्रेन का हटिया प्रस्थान 04:50 बजे, राउरकेला आगमन 07:54 बजे प्रस्थान 08:02 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 09:50 बजे प्रस्थान 09:55 बजे, संबलपुर आगमन 10:45 बजे प्रस्थान 10:55 बजे, रायगड़ा आगमन 17:10 बजे प्रस्थान 17:15 बजे, विजयवाड़ा आगमन 03:45 बजे प्रस्थान 04:00 बजे, काटपाडी आगमन 15:15 बजे प्रस्थान 15:35 बजे, जोलारपेट आगमन 17:03 बजे प्रस्थान 17:05 बजे एवं सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु आगमन (रविवार) 20:00 बजे होगा।

## रांची में मिनीसो स्टोर का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्लाजा सिनेमा के सामने भगत हाइट्स में जापान की प्रसिद्ध रिटेल कंपनी मिनीसो के नये स्टोर का शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस स्टोर का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने किया। मौके पर विस अध्यक्ष ने कहा कि इस स्टोर से ग्राहकों को उनकी जरूरत की उत्पाद उपलब्ध कराये गये हैं। अब रांची वासियों को इस स्टोर से उनकी जरूरत के उत्पाद मिलेंगे। स्टोर संचालक स्वप्निल सौरभ एवं गीत गौरव ने बताया कि मिनीसो स्टोर में खासतौर से युवा वर्ग को आकर्षित करने वाले गिफ्ट के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों की भी विभिन्न सामग्री उपलब्ध है। यहां 99 रुपए से कई सामग्री उपलब्ध है। स्टोर के अन्दर घर की जरुरत की बहुत सी चीज सेल की जाती है है, जैसे रसोई, स्वास्थ्य और सौंदर्य, खिलौने और खेल, खाद्य और पेय, स्टेशनरी, घरेलू सामान, उपहार और सजावट, बाथरूम, रेडी टू वियर आदि की पूरी रेंज उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि मिनीसो ब्रांड देश कई बड़े शहरों में काफी प्रचलित है और इसकी बढ़ती मांग और उच्चतम क्वालिटी के प्रोडक्ट को देखते हुए रांची में भी दित्य इंटरप्राइजेज द्वारा लॉन्च किया गया है। उन्होंने बताया कि रांची भी अब बड़े शहरों में शामिल है एवं युवा वर्ग और स्टूडेंट बड़ी संख्या में यहां प्रवास करते है। स्टोर उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के अल्ट्रा मॉडर्न प्रोडक्ट्स उपलब्ध किफायती कीमतों में है।

## राज्य सरकार श्री सम्मेद शिखरजी को धार्मिक तीर्थस्थल घोषित करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पवित्रम गोसेवा परिवार झारखंड के प्रांतीय संयोजक अजय भरतिया एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मधुबन स्थित श्री सम्मेद शिखरजी की धार्मिक गरिमा कायम रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर कहा है कि राज्य सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। जैन धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी मधुबन को पर्यटन स्थल घोषित करने से दुनिया भर में स्थित जैन समाज आहत है। विश्व प्रसिद्ध श्री सम्मेद शिखर जी जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पवित्र तीर्थस्थल है। जैन समाज के 24 तीर्थकरो में से 20 तीर्थकरो ने इस पर्वत पर तपस्या की और मोक्ष प्राप्त किया। इसे पर्यटन स्थल बनाने से पवित्रता भंग होगी। उस क्षेत्र में मांसाहार और शराब सेवन जैसी अनैतिक गतिविधियां प्रारंभ होने लगेगी। इससे अहिंसक जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गिरिडीह पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र को पर्यटन घोषित करने से जैन समाज मे निराशा का माहौल है। इसलिए जैन धर्मावलंबियों की वास्तविक मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने पर रोक लगे। इस पवित्र तीर्थ स्थल को धार्मिक तीर्थस्थल घोषित किया जाए। इससे दुनिया भर के जैन समाज के लोगों में सकारात्मक संदेश जायेगा। अगर राज्य सरकार अपने निर्णय को वापस नहीं लेगी तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। धार्मिक एवं पुनीत राष्ट्रीय धरोहर की रक्षा करना सभी का कर्तव्य है।

### बांका जिले में भारत जोड़ो यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष होंगे शामिल

**रांची।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आहूत भारत जोड़ो उपयात्रा गुरुवार को बांका जिले के मन्दार से आरम्भ होगी जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे भारत जोड़ो उपयात्रा को उदघाटन करेंगे। इस भारत जोड़ो उपयात्रा में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, विधायक दीपिका सिंह पांडे एवं कांग्रेस के कार्यकर्तागण हजारों की संख्या में अध्यक्ष के नेतृत्व में शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह भारत जोड़ो यात्रा कन्यकुमारी से प्ररम्भ हुई लगभग तीन हजार किलोमीटर का सफर तय हो चुका है। इस यात्रा को आपार जनसमर्थन, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, छोटे व्यावसासियों, सिनेस्टार, खिलाड़ियों का साथ मिल रहा है।

## बनी रहे पारसनाथ की पवित्रता घोषित हो तीर्थ स्थल : चंद्रप्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने लोकसभा क्षेत्र के पूरे पारसनाथ पर्वत ( सम्मेद शिखरजी ) को धार्मिक स्थल घोषित करने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने इसको लेकर केंद्रीय पर्यावरण ,वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में मधुबन क्षेत्र को अन्य धार्मिक नगरों जैसे काशी - विश्वनाथ, अयोध्या, मथुरा व वैष्णो देवी आदि की तरह 5 किलोमीटर के घेरे को शराब, मांस और नशा से मुक्त क्षेत्र घोषित करने के साथ-साथ संपूर्ण तीर्थराज पर्वत को ही पवित्र एवं जैन आस्था का क्षेत्र घोषित करने एवं इको टूरिज्म जोन के स्थान पर पवित्रतम शिखर जी को धार्मिक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जैन धार्मिक परंपरा और रीति रिवाज के अनुसार ही पर्वतराज पर पर दर्शन, पूजन एवं भ्रमण की व्यवस्था हो । सभी तरह की प्रबंधन समितियों में जैन समुदाय का प्रतिनिधित्व हो। उन्होंने देश-विदेश के जैन समाज की भावनाओं और संवेदनाओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने केंद्र द्वारा 2 अगस्त 2019 को उस अधिसूचना का जिक्र किया है जिसमें मधुबन में पारसनाथ पहाड़ को वन्य जीव अभ्यारण का एक भाग घोषित कर पारसनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एवं उसकी तलहटी को इको सेंसेटिव जोन घोषित कर दिया गया। उनके अनुसार, इस निर्देश में जैन समूदाय से कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। न ही राष्ट्रीय व स्थानीय अखबारों में इसका गजट प्रकाशन किया गया। उन्होंने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ पहाड़ जैन धर्म के वर्तमान 20 तीर्थंकर भगवानों की मोक्ष स्थली है। इस पहाड़ पर हजारों वर्षों से जैन समाज के सभी अनुयायी पवित्रता का पालन करते हुए नंगे पांव, शुद्ध वस्त्र पहनकर, वर्ष में अनेक बार 27 किलोमीटर पैदल चलकर पूरे पारसनाथ पहाड़ की वंदना करते हैं और हजारों यात्री पूरे पहाड़ की तलहटी में 58 किलोमीटर परिक्रमा भी करते हैं।

## सुरेंद्रनाथ सक्सेना की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री साहित्य कुंज रांची के तत्वावधान में कविवर सुरेंद्र नाथ सक्सेना की स्मृति काव्य संध्या आयोजित की गई। कविवर सुरेंद्र के नौजर कटरा, दीवान मुहल्ला, पटना सिटी स्थित जन्म स्थान पर आयोजित इस काव्य संध्या की अध्यक्षता देश के जाने-माने गजलकार प्रेम किरण ने की। मुख्य अतिथि के रुप में बिहार राज्य गीत के रचयिता कविवर सत्यनारायण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन कमलनयन श्रीवास्तव ने किया और मंच संचालन कवि पीयूष कांति ने किया। श्री साहित्य कुंज ,राँची की संस्थापिका मनीषा सहाय सुमन ने स्वागत भाषण से सभी सम्मानित कवि-कवयित्रियों का स्वागत किया।

## कक्षा एक से 5 तक के सभी विद्यालयों को बंद करने का निर्णय स्वागत योग्य : आलोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने शीतलहर एवं कड़ाके की ठंड को देखते हुए झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के द्वारा कक्षा एक से कक्षा 5 तक के सभी विद्यालयों को बंद करने के निर्णय का स्वागत किया है। दूबे ने बुधवार को कहा कि बच्चों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से झारखंड सरकार द्वारा लिया गया निर्णय स्वागत योग्य है,पासवा सरकार के इस निर्णय के साथ खड़ी है। दूबे ने राज्य में संचालित 47000 से अधिक निजी विद्यालयों के संचालकों व प्रिंसिपल से आग्रह किया है कि ऑनलाइन कक्षाएं ले सकते हैं ताकि घरों में भी बच्चे पठन-पाठन जारी रख सकें। उन्होंने कहा कोरोना काल में निजी विद्यालयों ने



ऑनलाइन के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने का काम किया था। इसलिए उनके पास सारे आधारभूत संरचना मौजूद हैं जिनका इस्तेमाल कर बच्चों को ऑनलाइन क्लास ले सकते हैं ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित नां हो। उन्होंने कहा 8 जनवरी के बाद ठंढ़ एवं शीतलहर की स्थितियों को देखते हुए पासवा फिर सरकार से चर्चा करेगी।आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद किया जाए: राजकुमार राजरांची। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने बढ़ते शीतलहरी को देखते हुए स्कूलों को बंद करने के निर्णय का स्वागत किया है और कहा कि दूसरी तरफ नौनिहालों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने का कोई निर्देश निर्गत नहीं हुआ है। राज ने बुधवार को सरकार से मांग की है खासकर समाज कल्याण विभाग से कि वह अपने स्तर से आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने का निर्देश जारी करें। राज ने कड़कड़ाती ठंड और बढ़ते शीतलहर के मद्देनजर सभी चौक चौराहा पर अलाव की व्यवस्था करने तथा गरीबों के लिए व्यापक पैमाने पर कंबल वितरण करने की व्यवस्था करने की मांग भी सरकार से की है। उन्होंने कहा है इस आशय का एक पत्र भी वह मुख्य सचिव झारखंड को प्रेषित कर रहे हैं।

## धूम-धाम से मनाया जाएगा श्री जीण माता जी का 13वां वार्षिकोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी दुर्गा स्वरुपनी आदि शक्ति श्री जीण माता जी का 13वां वार्षिकोत्सव स्थानीय मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में 07 एवं 08 जनवरी, 2023 को मनाया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 07 जनवरी, 2023 को दोपहर 1:00 विशाल शोभायात्रा 351 निशानों के साथ लक्ष्मी-नारायण मंदिर से शुरू होकर वंशीधर अडुकिया लेन, बड़ालाल स्ट्रीट, जैन मंदिर, शहीद चौक, पुस्तक पथ, गाँधी चौक, बाबूलाल प्रेमकुमार, चुरुवाला गली, कार्ट सराय रोड, गाडीखाना चौक, हरमू रोड होते हुए मारवाड़ी भवन पहुंचेगी। निशान यात्रा में माता की अलोकिक झांकी के साथ साथ राधा कृष्ण की झाकी विशेष आकर्षण होगी। 08 जनवरी, 2023 को कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य यजमान विजय पालडीवाल सपत्निक प्रातः 10 बजे गणेश पूजन, माता का अभिषेक के साथ ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ करेंगे। दोपहर 1 बजे से 751 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेश भूषा में सामूहिक मंगलपाठ किया जायेगा।

**आत्मनिर्भर** | बीएयू में राज्य स्तरीय एग्रोटेक किसान मेला 3 से आयोजित

# आधुनिक कृषि तकनीकी पर होगा फोकस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी से सटे कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 3 से 5 फरवरी तक राज्यस्तरीय एग्रोटेक-2023 किसान मेला का भव्य आयोजन किया जायेगा। विवि द्वारा हरेक वर्ष राज्यस्तरीय मेला का आयोजन किया जाता है। मेले का केन्द्रीय विषय वस्तु कृषि आधुनिकीकरण से आय में वृद्धि रखा गया है। मेले में अंतरराष्ट्रीय मिल्लेट्स वर्ष -2023 के अवसर पर मोटे अनाजों (विशेष कर मडुआ) की प्रोद्यौगिकी, मूल्यवर्धन, प्रसंस्करण एवं विपणन तथा झारखंड राज्य के किसानोपयोगी आधुनिक लाभकारी कृषि तकनीकी पर फोकस होगा। मेले में स्टॉल आवंटन के लिए इच्छुक बीज, उर्वरक, कीटनाशक व यंत्र निर्माता एवं विक्रेता, बैंक एवं स्वयंसेवी संस्थान आदि बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है। मेला में राज्य के आईसीएआर संस्थानों, नाबार्ड, ईफको, 24 जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, समेति व आत्मा संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कृषि हितकारकों के के प्रादर्श भी स्टाल में प्रदर्शित किये जायेंगे। ले के प्रदर्शनी में समेकित कृषि प्रणाली, फसल उत्पादन एवं विविधिकरण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, पौधा संरक्षण, फसलोत्तर प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन, कृषि यांत्रिकीकरण एवं उर्जा प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तथा बाजार व्यवस्था, वनोत्पाद प्रबंधन, औषधिय पौधे, उच्च कृषि शिक्षा आदि विषयों के तकनीकी पर फोकस होगा। तीन दिवसीय मेले में उद्यान प्रदर्शनी में सब्जी, फल, फूल, औषधीय एवं सगंधीय पौधों से युक्त तकनीकी प्रदर्शनी, पशु-पक्षी प्रदर्शनी के गोवंश, भैंस, बकरी, सूकर, मुर्गी, बत्तख, खरगोश व पक्षी, किसान - वैज्ञानिक गोष्ठी तथा महिला कृषक गोष्ठी मुख्य कार्यक्रम होंगे। मेले में फसल एवं सब्जियों के संकर बीज तथा पौध सामग्री का प्रदर्शन एवं बिक्री, मिट्टी एवं जल की निःशुल्क जांच एवं पशु स्वास्थ्य जांच एवं सलाह उपलब्ध होगी। मेले में प्रगतिशील एवं नवोदित किसान, स्वयंसेवी संगठन, आम लोग अपने कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। एग्रोटेक मंच से किसानों को सम्मान तथा प्रतियोगी विजेता को पारितोषिक भी प्रदान की जाएगी।

### पार्टी को प्रखंड स्तर पर मजबूत करें कार्यकर्ता

**रांची।** जिले में प्रवास करने वाले जदयू के सभी प्रदेश पदाधिकारियों, प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, जिला कमिटी के पदाधिकारियों एवं प्रखंड अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय में हुई। जदयू के जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण महतो ने बैठक की अध्यक्षता की। प्रदेश जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम किया जाएगा। लोगों के बीच जाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने का काम करें। साथ ही रांची महानगर में मुहल्ला स्तर पर पार्टी की बैठक कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। श्रवण ने कहा कि जिला में संगठन को मजबूत करने के लिए रांची में रहने वाले प्रदेश के पदाधिकारी सभी प्रखंड में जाकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण महतो ने कहा कि इस महीने के अंत तक रांची जिला का संगठन पूरी तरह से बन जायेगा।

## अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट में जमशेदपुर बना उपविजेता

# सीएए रांची दूसरी बार चैंपियन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन छोटानागपुर एथलेटिक एसोसिएशन, रांची (सीएए) बना। बुधवार को चक्रधरपुर के रेलवे स्टेडियम में खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में रांची ने टाईब्रेकर में जमशेदपुर को 3-2 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम किया। रांची जिला लगातार दूसरी बार अंतर जिला ट्रॉफी जीता। कोविड-19 से पहले रांची ने खुंटी में चैंपियन बना था। खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शुरू से ही बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल दिल जीत लिया। दोनों टीमों की ओर से मैदानी खेल के दौरान गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन खिलाड़ी इस मौके को गोल में तब्दील नहीं कर सकें। रांची की टीम ने पहले हाफ के खेल में कम से कम दो आसान गोल करने के मौके गवाएं। इस तरह पहले हाफ का खेल बिना गोल का खत्म हुआ।

**रांची के गोलकीपर ने खेला उम्दा खेल :** दूसरे हाफ के खेल में रांची के खिलाड़ियों ने शानदार रणनीति बनाकर हमला किया। उधर, मजबूत जमशेदपुर टीम के खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर रांची के खिलाड़ियों को गोल करने का मौका नहीं दिया। रांची के गोलकीपर रेमंड लकड़ा ने जमशेदपुर के हमले को हर हर मोर्चे पर नाकाम किया। रेमंड ने पूरे खेल के दौरान कम से कम 5 बेहतरीन बचाव कर रांची को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

NEWS इन ब्रीफ

### लड़की के भगाने के आरोप में एक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी जैनुल अंसारी का पुत्र इरफान अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि इरफान पर गांव के ही एक लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए लड़की के पिता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था। उसके आलोक में आज इरफान को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इरफान का शादी 5 वर्ष पहले ही हो गया था और उसके दो बच्चे भी हैं

### टेंपो की चपेट में आने से महिला घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के चिनिया मोड़ के समीप टैंपू के चपेट में आने से रमुना थाना क्षेत्र के मडवनिया गांव निवासी भोला चौधरी की पत्नी प्रमिला देवी घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार से चिनिया रोड स्थित एक निजी क्लीनिक में मिलने गई थी। वहां सुबह मिल कर लौट रही थी। उसी दौरान चिनिया मोड़ पर वह एक टेंपो के चपेट में आ गए। जिसमें वह घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पांच जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों पर 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये बीडीओ श्रवण राम ने बताया कि बीएलओ पर्यवेक्षक के माध्यम से सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ को मतदाता सूची उपलब्ध करा दिया गया है.मतदाता अपने अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते है।

### ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर एन एच 75 पर जतपुरा के समीप ट्रक के चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया घायल व्यक्ति श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल है। गांव निवासी मनोज कुमार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह दुकान बंद कर साइकिल से अपने घर जा रहा था इसी बीच जेतपुरा के समीप ट्रक ने धक्का मार दिया। जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया जब इस बात की सूचना घरवालों को हुआ तो घायल अवस्था में उसे उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया है। घायल के माथे में गंभीर चोट लगी है।

### आदिम जनजाति परिवारों के बीच कंबल का वितरण



**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे आरहोएच शेड के सहायक मडंल यांत्रिक अभियंता जीशान अली द्वारा सीएंडडब्ल्यू के अधिकारी व कर्मियों के सहयोग से मोरवाई पंचायत के ततहा में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कम्बल के वितरण किया गया। वही इसके अलावा प्रखंड के कई अन्य जरूरतमंदों को भी ग्रामीण क्षेत्र में जाकर कंबल वितरण किया गया। जीशान अली ने बताया कि मानव जीवन में अपनी जरूरत से हटकर लोगों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है और इसी उद्देश्य के साथ मानव सेवा करने का प्रयास कर रहा हूं। मौके पर वरीय अनुभाग अभियंता सरोज सिंह, जुगनू दास, प्रकाश कुमार समेत काफी संख्या में आदिम जनजाति बहुल ग्रामीण मौजूद थे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र मे पंचम वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

# किसानों को प्राकृतिक खेती की करने की जरूरत

### बायोफोर्टिफाइड किस्मों को कृषि प्रणाली में अपनाने के लिए किसानों से अपील

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़.** । कृषि विज्ञान केन्द्र, माण्डू, रामगढ़. में पंचम वैज्ञानिक सलाहकार समिति की भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना, के निदेशक डा. आशुतोष उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ डा. ऐके सिंह, प्रधान शोध केन्द्र प्लाण्डु, रांची ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया । साथ ही उन्होंने केन्द्र की स्थापना से लेकर चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पटना के निर्देश डा. आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से उत्पादन किये जाने वाले सब्जियों के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन पर जोर दिया जायेगा। युवा किसानों को खेती की ओर आकर्षित करने हेतु सघन खेती तकनीक एवं जलवायु अनुकूल फसल प्रणाली, बायोफोर्टिफाइड किस्मों को कृषि प्रणाली में अपनाने हेतु किसानों से अपील की गई। बैठक में डा एन.पी. मंडल एवं शिव मंगल प्रसाद, केन्द्रीय उपराउ भूमि चावल अनुसंधन केन्द्र, हजारीबाग ने कृषि विज्ञान केन्द्र में बीज उत्पादन कि सरहना करते हुए उसे बृहद स्तर पर ले जाने पर बल दिया साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी, रामगढ़ रमेश मिश्रा ने केन्द्र के कार्यो की प्रशंसा करते हए केन्द्र के द्वारा कृषि कि नई तकनीक को किसानों तक पहुचाने पर बल दिया एवं प्रगतिशील कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा बताई गई तकनीकों के माध्यम से खेती करने के लिए कहा। उपेन्द्र साह, डी.डी.एम., नाबार्ड ने बताया की एफ.पी.ओं. के माध्यम से किसान संगठित होकर विपणन की समस्या का हल कर सकते हैं और उन्होंने किसानों को खेती के साथ पशुपालन कि ओर अग्रसर होगी। अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, सदस्य, क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति, नाबार्ड, झारखण्ड ने जिले में शरीफा एवं स्वीट कार्न के उत्पादन के बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के खुल जाने से यहा सब्जियों एवं फलों के उत्पादन में अधिक वृद्धि हुई है।

#### दी गयी जानकारियां

पिछले वर्ष में किसानों को नई तकनीकी टूल्स जैसे वाट्सअप, विडियो, आडियों एवं आन-लाईन के माध्यम से तथा केन्द्र आयोजित किसानों को प्रशिक्षण से अवगत कराया । प्रभारी डा. दुष्यन्त कुमार राघव ने बताया की केन्द्र के वैज्ञानिकों ने जिले में शकरकन्द की उन्नत प्रभेद-भू-कृष्णा एवं भू-सोना की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों को प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, महत्व एवं लाभ की ओर जागृत कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, केन्द्र द्वारा किये गये बैंगन एवं टमाटर में कीट प्रबंधन एवं मशरुम, प्लास्टिक मल्चिंग विधि से खेती हेतु प्रशिक्षण शोध प्रणाली पर परीक्षण परिणाम प्रस्तुत किये। जिससे जिले के किसानों को इन फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन एवं कीट प्रबंधन प्रशिक्षण प्रणाली पर अनुशंसा कि जा सकेगी। हाईटेक नर्सरी की स्थापना कृषि विज्ञान केन्द्र में हुई है जिसके माध्यम से रामगढ़ जिले एवं आस-पास के किसानों को गुणवत्तायुक्त फल एवं सब्जी के पौधे उपलब्ध हो सकेगें।

# पेंशन की आस में बैंक का चक्कर लगा रहा है वृद्ध

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बेहरिनबासा पंचायत अंतर्गत गिरजा टोली गांव के लिविना एक्का वृद्धा पेंशन के लिए एक सप्ताह से लगा रहा है चक्कर उसका कोई सुधि लेने वाला नहीं । लिबिन एक्का एक वृद्ध व्यक्त है उन्हें वृद्धा पेंसन का लाभ सरकार की ओर से मिलता है । वह शारीरिक रूप से लाचार है । कुर्सी के सहारे चलता है। उसे कुछ लोगों ने क्या काम है इसकी जानकारी ली तो, उन्होंने बताया कि वृद्धापेंशन के लिए तीन दिन से बैंक आ रहे हैं किंतु बैंक में कोई सुनने वाला नहीं है । वह बैंक के ऊपर तल्ला में चढ़ने के लिए किसी न किसी की सहारा लेना पड़ता है ।इसी क्रम में समसेरा पंचायत के मुखिया ने उसका हाल जानने के बाद बैंक मैनेजर से खाता के संबंध में



जानकारी लिया गया। बैंक मैनेजर ने कहा कि उसका खाता को केवाईसी करना पड़ेगा। अंचल अधिकारी बलिराम मांझी ने कहा कि उसको वृद्धावस्था पेन्सन मिलता है या नही इसकी जाँच की जायगी । साथ ही अगर बैंक में कोई समस्या आ रही है तो उस समस्या का तत्काल निष्पादन किया जायेगा। बेहरिनबासा पंचायत के मुखियास्नेहलता केरकेटा ने बताया कि मुझे इसकी जानकारी नही है। पता करना पड़ेगा।

# लंबित मामलों का तेजी से निपटारे पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**गोड्डा** । बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोड्डा उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में क्रेन्द्रीय लोकशिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पर लंबित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की गई ।

#### लंबित मामलों की प्रस्तुति

उक्त बैठक में जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा अविनाश कुमार के द्वारा क्रेन्द्रीय लोकशिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली में विभिन्न कार्यालयों में पंजीकृत लंबित मामलों की विवरण उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की गई।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि जिले मे क्रेन्द्रीय लोकशिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली में प्राप्त हुए आवेदनों के निवारण की अद्यतन स्थिति पर विशेष ध्यान दिए जाएं। पाया गया कि अब तक जितने भी मामले क्रेन्द्रीय लोकशिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली में दर्ज किए गए थे उसमें से मात्र 08 मामलों का निष्पादन किया गया है। उपायुक्त के द्वारा लंबित पड़े हुए मामलें की विभागवार समीक्षा कर अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा एवं अनुमंडल पदाधिकारी महागामा को पेंडिंग मामलों की जांच करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि अपीलीय मामलों पर निरंतर मानिटरिग करते रहें। साथ ही साथ उक्त मामले के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाएं।

# 31 जनवरी तक पीएम आवास पूर्ण करें : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने सढ़ाबे पंचायत के विभिन्न ग्राम के प्रधानमंत्री आवास योजना के वैसे लाभुकों से मिलकर आवास निर्माण कार्य को हरहाल में 31 जनवरी 2023 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कहा 31 जनवरी तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण नही कराया जाता है तो जिनके नाम से आवास स्वीकृत है उन पर सर्टिफिकेट केस दर्ज कराते हुए आवश्यक कानूनी करवाई की जाएगी। मौके पर बीपीओ मृणाल प्रकाश, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक दिनेश कुमार,प्रखण्ड समन्वयक पंचायती राज्य आकाश कुंवर, कनीय अभियंता रौशन उरांव, पंचायत सचिव सुहैल अहमद, पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, उप मुखिया जगबन्धन भगत आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक

# पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति पर दी गयी जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़** । बुधवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है।

#### दी गयी कई जानकारी

बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा श्री हरिनाथ महतो के द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में उप विकास आयुक्त एवं अन्य



अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने गोला प्रखंड अंतर्गत ऊपरबरगा पंचायत के नेमरा क्षेत्र में मोबाइल टावर स्थापित करने हेतु जमीन चिन्हित कर आगे की कार्यवाही करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़, अंचल अधिकारियों, परियोजना पदाधिकारी यू०आई०डी० रामगढ़, बीएसएनल के पदाधिकारियों, अग्निशमन अधिकारियों, विभिन्न टेलीकॉम एजेंसियों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

# पारा शिक्षकों के अनुमोदन विषय को लेकर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मसमानो में बुधवार को नॉइस से डीएलएड एवं डीपीई पास करने वाले पारा शिक्षकों के अनुमोदन विषय पर ग्राम पंचायत शिक्षा समिति की बैठक ग्राम पंचायत शिक्षा समिति के अध्यक्ष ममता कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रिक्त पड़े दो पारा शिक्षकों के अनुमोदन पर विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा किया गया।

#### चार साल सेवा नहीं दे रहे पारा शिक्षक

पारा शिक्षक राजेंद्र भगत एवं बिहारी उरांव पिछले 4 साल से विद्यालय में अपनी सेवा नहीं दे रहे थे। दोनों पारा शिक्षक न्यूनतम अहर्ता नहीं रहने के कारण वे सेवा नहीं दे पा रहे थे। कहा गया कि राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मसमानो में बिहारी उरांव एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टोटो छापर टोली में राजेंद्र भगत की न्यूनतम अहर्ता संबंधी पत्र जिला कार्यालय के द्वारा प्राप्त है। मौके पर दोनों पारा शिक्षक का अनुमोदन जिला कार्यालय को भेजा गया। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, ग्राम पंचायत शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष सुचिता उरांव, बीईईओ जयनाथ महतो, बीपीओ रामविजय खलखो, सीआरपी बिनोद कुमार, सीआरपी निशांत कुमार, सहायक शिक्षक विनोद कुमार भगत, ग्राम पंचायत शिक्षा समिति के सचिव सह प्रधानाध्यापक नूतन कुमार, मध्यान भोजन प्रभारी युसूफ अंसारी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## कैरो के हनहट में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन

# नफरत की राजनीति नहीं चलेगी



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** कैरो के हनहट पंचायत के ग्राम हनहट शहीद विनोद उरांव प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा प्रारंभ करते हुए भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि नफरत की राजनीति नहीं चलेगी। केंद्र में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से गंगा जमुनी तहजीब को मिटाने का काम किया गया है।

#### देश से आपसी सद्भाव को खत्म किया जा रहा

जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि देश से आपसी सद्भाव को भारतीय जनता पार्टी खत्म कर नफरत और द्वेष फैलाने का काम कर रही है। भारत में आपसी सामंजस्य,समरसता और समरूपता को मिटाने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

#### देश से नफरत-बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को खत्म करने भारत जोड़ो पदयात्रा

विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल ने कहा कि देश से नफरत बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो पदयात्रा कर रहे हैं। देश के हर तरह के लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। वरिष्ठ कांग्रेसी प्रभात भगत ने कहा कि भाजपा का समाज को बांटते हुए राजनीति करने का मंसूबा विफल होगा। प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद ने कहा कि देश एवं राज्य का विकास सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है।

# दुखद: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरिनारायण साहू का निधन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सह कांग्रेस के कद्दावर नेता हरिनारायण प्रसाद साहू का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए हाजी शकील अहमद ने कहा कि स्वर्गीय साहू जीवन पर्यंत कांग्रेस पार्टी के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करते रहें। अपने युवा काल से ही कांग्रेस पार्टी और मजदूर संगठन इंटक से जुड़कर क्षेत्र के आम जनों और मजदूरों के हित में हमेशा तत्परता




के साथ कार्य करते रहे थे। उनके निधन पर कांग्रेस पार्टी को काफी क्षति हुई है। जिसका भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उनके निधन पर शोक सभा में कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, निशित जायसवाल संदीप कुमार मोहन दुबे, प्रभात भगत हाजी सदरुल अंसारी, सामूल अंसारी, परवेज सिद्दीकी, शाहिद अहमद बेलू, शेख सादिक, जीशान अंसारी समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## मौसम सिमडेगा जिले में कड़ाके की ठंड से लोगों का जीना मुहाल

# ऊनी कपड़े की खरीदारी को उमड़ रहे लोग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा में विगत दो-तीन दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिससे कि जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रखी है ठंड के कारण लोग ठंड से प्रभावित हो रहे हैं और इधर मौसम विभाग ने भी सिमडेगा को लेकर चेतावनी जारी की है। ठंड बढ़ने के साथ ही ठंड का असर बाजार पर भी चढ़ने लगा है।

#### कपड़ों की खरीदारी

पिछले कुछ दिनों से सुबह और शाम में पड़ रही ठंड को देखते हुए व्यापारियों ने अपनी दुकानें गर्म कपड़ों से सजा दी हैं। ऊनी कपड़ों के साथ जैकेट, गर्म कुर्ता, पायजामा आदि की बिक्री भी शुरू हो गई है। गर्म कपड़े खरीदने के लिए गांवों के लोग बाजार पहुंचने लगे हैं। जिसे देखते हुए कई जगह गर्म कपड़ों की सेल भी लग गई है, जहां छूट पर कपड़े बेचे जा रहे हैं। ठंड का सीजन आते ही लोग पतले

### महावीर चौक के अलावा प्रखंडों में भी गर्म कपड़ों की दुकानें सजने के साथ सेल लगनी शुरू हो गयी



और सूती कपड़ों को संभालकर गर्म ऊनी कपड़े निकाल लेते हैं। इस बार नवंबर में कड़ाके की ठंड भले ही शुरू न हुई हो, लेकिन सुबह और शाम के समय काट खाने वाली ठंड जरूर पड़ रही है। शाम के समय लोग गर्म कपड़ों के साथ टोपी और मफलर बांधकर निकल रहे हैं। मौके की नजाकत बाजार ने भी भांप ली है।

#### जैकेट की जमकर खरीदारी

जलडेगा, केरसई, कुरडेग, कोलेबिरा बोलबा के बाजारों में भी अब दुकानों के बहार गर्म कपड़े टंगे नजर आ रहे हैं। बाजार में महिलाओं के लिए खास किस्म के डिजाइनदार गर्म कुर्ते और पायजामे और कई प्रकार का शाल भी आ चुके हैं। इन कपड़ों कीमत पांच सौ रुपये से लेकर डेढ़ हजार रुपये तक है। वहीं जैकेटों को युवा लोग खूब पंसद कर रहे हैं। बाजार में पांच सौ रुपये से 22 सौ रुपये तक के जैकेट आसानी से बिक रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए भी गर्म कपड़ों में तमाम वैराइटी हैं। बाजार में खरीदारी करने आये लोगो ने बताया कि ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े जरूरी हैं। मंहगें भी हैं तो उन्हें मजबूरी से खरीदना पड़ रहा है।

# ब्रेल दिवस पर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशार्नुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के आदेशानुसार 04 जनवरी '2023 को विश्व ब्रेल दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर सभी प्रखंडों में कार्यरत पीएलवी द्वारा लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही उनके अधिकारों के बारे बताया गया। वहीं प्राधिकार के सचिव ने कहा कि नेत्रहीन व मंद दृष्टि के शिकार लोगों के मानवाधिकार को सुनिश्चित करने और उनके मुलभत जरूरतों को पूरा करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस लुईस ब्रेल की याद में मनाया जाता है। फ्रांस के लुईस ब्रेल दृष्टिहीन होने के बावजूद दृष्टिहीनों को पढ़ने लिखने योग्य



ब्रेल लिपि बनाया। उन्होंने मात्र 15 वर्ष की उम्र में दृष्टिहीनों के लिए इस लिपि का अविष्कार किया, जिसे ब्रेल लिपि नाम प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन के अनुच्छेद 2 में वर्णित उपबंध को पूरा करने के लिए ब्रेल लिपि को आवश्यक माना गया है। विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन के अनुच्छेद 2 में विकलांग व्यक्तियों के शिक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक समावेशन इत्यादि का लक्ष्य रखा गया है।

### 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की हुई बैठक

**जामताड़ा ।** जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक मंत्री अध्यक्ष चंपई सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक के दौरान मंत्री ने विभिन्न विभागों से संबंधित विकास एवं संचालित कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में मंत्री ने किसानों एवं गरीबों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए लाभुक परिवारों तक पहुंचाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया । बैठक के दौरान पूर्व मंत्री ने किसानों का सिंचाई कार्य में प्रयोग किए जा रहे बिजली नहीं काटने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों का बिजली बिल नहीं काटा जाना चाहिए। सिंचाई कार्य करने वाले किसानों का बिजली बिल बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है जो उचित नहीं है। कम से कम किसानों के हित में सरकार को सोचने की जरूरत है।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर डीसी ने किया सिद्धू कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ शहर के बाजारटांड़ स्थित सिद्धू कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सिद्धू कान्हू स्टेडियम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने स्टेडियम में पार्किंग व्यवस्था, परेड, मीडिया गैलरी, झांकियों के आयोजन सहित अन्य के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने जमीन समतलीकरण व गणतंत्र दिवस के दिन यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सार्जेंट मेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

### अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

**रामगढ़** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को खनन निरीक्षक विनोद विहारी प्रमाणिक के द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान पतरातू थाना क्षेत्र में 1 स्टोन चिप्स लदे डंपर वाहन को बिना चालान के स्टोन चिप्स का परिवहन करने का दोषी पाया गया जिसके उपरांत वाहन को पतरातू थाना में आगे की कार्यवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया।

## कोहरे के आगोश में समाया कोडरमा

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा में दिनभर बुधवार को आसमान में बादल छाए रहे। जबकि कोहरे के आगोश में भी घंटो पूरा जिला रहा। ऐसे में दिनभर धूप नहीं खिले। कनकनी भी इलाके में चलती रही। इंसान के साथ के जानवर भी दिनभर परेशान रहे। बढी ठंड से बचाव के लिए लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे। सुबह आठ बजे तक सडाकों पर सन्नटा पसरा रहा और कोहरे के बीच वाहन सडकों पर सरकती रही। वाहनें लाइट जलाकर चल रही थी। जबकि मंगलवार की रात कनकनी बहने से झुमरी तिलैया और कोडरमा समेत अन्य इलाकों में सन्नाटा छाया रहा। जो कुछ दिखे वे या तो अलाव ताप रहे थे, या चाय की चुस्की लेकर अपने-अपने घरों को लौट रहे थे। दूकानों में सन्नाटा पसरा हुआ था। कई दूकानें समय पूर्व ही बंद हो गयी। लोगों को दिनभर धूप के दर्शन नहीं हुए। इस तरह ठंड के प्रकोप से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पारा भी लुढक गया है। सरकार के निर्देश पर बढी ठंड के बीच क्लास पांचवीं तक के सभी स्कूलों में पढाई आठ जनवरी तक बंद कर दिया गया है। बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कन्या मिडिल स्कूल में अध्यनरत क्लास सातवीं की स्कूली छात्र अभिषेक कुमार, पिता- प्रकाश दास, शिव मुहल्ला निवासी ठंड से प्रार्थना सभा के दौरान गिर कर बेहोश हो गया। उसे तत्काल इलाज कराकर घर पहुंचा दिया गया। जिले का अधिकतम 16 डिसे और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

**NEWS इन ब्रीफ**

### गैस पाइप लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतगर्त गोरहर थाना के समीप गैस पाइप लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे चालक घायल हो गया। घटना बीती रात करीब 12बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बरही की ओर से आ रही बस और बगोदर की ओर से आ रही ट्रक में अचानक क्रॉसिंग करने के दौरान नियंत्रण खोने की वजह से ट्रक पलट गई। जबकि बस फरार हो गया। इसकी सूचना गोरहर पुलिस को दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी के सहयोग से ड्राइवर, खलासी को बाहर निकाला गया। वही ड्राईवर को मामूली चोटें आई हैं। ट्रक संख्या एन एल 01 एन 2061 हैं। स्थानीय लोगों ने बताया की एनएचआई द्वारा सड़क निर्माण कार्य में बहुत ही शिथिलता बरती जा रही है। चोरदाहा चौपारण से गोरहर तक वनबे कई जगह कर दी गई हैं। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है।

### पारसनाथ अहिंसक धार्मिक क्षेत्र घोषित हो : जैन समाज

**झुमरीतिलैया।** केंद्र सरकार द्वारा गिरिडीह के पारसनाथ को पर्यटन स्थल घोषित करने के खिलाफ देश भर में विरोध का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को भी जैन समाज के लोगों ने विरोध का स्वर मुखर किया। व्हाट्सएप संवाद के दौरान जैन समाज के युवाओं, पुरूषों और महिलाओं ने अपने विार रखे। लोगों ने एक स्वर से सरकार की घोषणा का विरोध किया और पारसनाथ को अहिंसक धार्मिक क्षेत्र घोषित करने की मांग की।

## अज्ञात वाहन ने टेम्पू को मारी टक्कर, एक की मौत, चार गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत धरगुली मोड़ के समीप जीटी रोड पर अज्ञात वाहन ने टेम्पू को टक्कर मार दी। घटना मंगलवार की रात करीब आठ बजे की है। इस दौरान टेम्पू में सवार एक की मौत तथा चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। घायलों में लालो मांझी पिता स्व० शिकारी मांझी 60 वर्ष, तथा उसकी पत्नी मुनिया देवी 55 वर्ष, प्रतीक्षा कुमारी पिता अशोक हांसदा 5 वर्ष, पवन कुमार पिता संजय हांसदा 12 वर्ष, मालो देवी वर्ष पति सीता राम मांझी 60 वर्ष अम्बाकोला चेचकपी निवासी शामिल हैं। वहीं चिकिस्तकों ने लालो मांझी को मृत घोषित कर दिया एवं घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। खबर पाते ही चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने सीएचसी बरकट्ठा पहुंचकर अपने निजी वाहन से सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा । पुलिस ऑटो को जब्त कर थाने ले आई साथ ही शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। घटना के बाद ट्रक भागने में सफल रहा। घायलों ने बताया कि टेंपू में सवार हो कर अपने रिश्तेदार के घर नरकी से अंबाकोला वापस लौट रहे थे। इसी बीच अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी।

### ट्रैक्टर पलटने से दर्जन से अधिक लोग घायल, 4 को किया रेफर

**थाना** क्षेत्र के तुईयो पंचायत अंतर्गत माधोपुर के सिवाना में बुधवार को ट्रेक्टर ड्राइवर के नियंत्रण खोने के कारण ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से सवार बच्चे समेत दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में चंपा कुमारी (12) पिता रातू सिंह, बिरेन्द्र भुईयां(28) पिता लाटो भुईयां, रीता देवी( 35) पति परमेश्वर भुईयां, राखी कुमारी(13)पिता अजय भुईयां, जोगेंद्र कुमार(7) पिता लखन भुईयां, काजल कुमारी(18) पिता सुरेश भुईयां, पूजा देवी(35) पति लखन भुईयां, चंदन कुमार(15) पिता लाटो भुईयां, पूनम कुमारी(15) पिता सूरजभुईयां, सुगिया देवी (32) पति राजू भुईयां, मनीषा कुमारी(15) पिता जोगेंद्र भुईयां, काजल कुमारी(16) पिता बिनोद सिंह, सूरज भुईयां(45) पिता मुरारी भुईयां सभी ग्राम कपका थाना बरकट्ठा निवासी है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया।

### केश कलाकार संघ ने वनभोज कार्यक्रम

**झुमरीतिलैया।** केश कलाकार संघ सैलून की बैठक अध्यक्ष प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई। संघ के द्वारा फुलवरिया जंगल में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अजय शर्मा ने किया। वनभोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संघ के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सिकंदर शर्मा, जिला सचिव विनोद कुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश शर्मा, एवं वीरेंद्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम संगठन मंत्री गोपाल शर्मा, अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, सचिव उमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा, मीडिया प्रभारी मनीष कुमार शर्मा की देखरेख में हुआ। इस दौरान संगठन की सबलता और एकता पर जोर दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन नगर उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने किया। मौके पर विजय शर्मा, विकास शर्मा, सोमर ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, दिलीप शर्मा, रविंद्र शर्मा, शंभू शर्मा, ननकी शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, विजय ठाकुर, समेत सैकड़ो गणमान्य उपस्थित थे।

## शीतलहरी का दिखा असर बढ़ी कनकनी, पसरा सन्नाटा



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से पारा गिरते रहने से ठंड में वृद्धि हो गई है। कोहरा, सर्द और बफीर्ली हवाओं के चलने से कनकनी बढ़ गई है। सबसे अधिक कनकनी बुधवार को चली। तापमान 12 डिग्री तक पहुंच गया। इस वजह से लोग घरों में दुबके रहे। अतिआवश्यक होने पर ही लोग घरों से निकले। गांव में लकड़ी की कमी होने से लोग अलाव भी नहीं जला पा रहे हैं। पहले लोग चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था रखते थे। लेकिन घरेलू गैस के उपयोग के वजह से लोग लकड़ी नहीं रखते हैं। ठिठुरन भारी ठंड बुजुर्गों के लिए आफत साबित हो रहा है। हरवक्त कंबल या फिर रजाई के अंदर घुसे रहने को लोग विवश हैं। वही सड़कों एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। बुधवार को ल्लँ2 पर कोहरे के कारण अधिकांश गाड़ियों के हेड लाइट जले रहे। स्थानीय निवासी बिंदु सोनी ने प्रशासन से अलाव जलाने की मांग की है ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत की तैयारी में जुटा वैश्य समाज

**रामगढ़।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अमित साहू ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड इकाई के प्रदेश कार्य समिति की बैठक एवं स्वागत समारोह 8 जनवरी को रांची के दिगंबर जैन भवन में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए अमित साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गिरीश कुमार संघी, राष्ट्रीय महामंत्री पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल एवं गोपाल जी मोर के साथ कई अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बलीराम साहू करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रदेश के महामंत्री संजय चौधरी के नेतृत्व में राज्यभर में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विजय प्रकाश, ललित कुमार चौधरी, दिलीप कुमार सोनी, मनोज कुमार साहू, संजय पोद्दार, रंजीत जयसवाल, दिलीप कुमार साहू आदि जुटे हुए हैं।

### कोहरा और पाला ने प्रखंड के किसानो की बढ़ाई चिंता

## पाला से बचाने के लिए कृषक मैंकेजिप दवा का करें स्प्रे : कृषि वैज्ञानिक



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** सच ही कहा गया है कि भारतीय कृषि मानसून के साथ जुआ है। कभी अनावृष्टि तो कभी अतिवृष्टि ने किसानों को परेशान किया है। राज्य में कोहरे और पाले ने किसानो को एक बार फिर चिंतित कर दिया है। सब्जी बेचने बरही बाजार आए कुंडवा के राजेश गोप ने बताया कि उन्होंने लगभग दो बीघा में आलू की खेती की है, परंतु शीतलहर और पाला से आलू की खेती पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। परंतु ईश्वर की इस मार से बचना भी असंभव है। उन्होंने बताया कि इसके लिए दवाई का भी छिड़काव किया जाता है, परंतु बहुत ज्यादा सफल नही है। आलू अच्छे नही होते है। पाला सरसो की खेती को भी नुकसान पहुंचाता है। नुकसानदायक बताया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों की माने तो कोहरा और पाला अधिक समय तक पड़ा तो आलू की फसल में झुलसा रोग लग सकता है। इस रोग में आलू के पौधे की पत्ती पर धब्बे आ जाते हैं। रोग से बचाव के लिए किसानों को मैंकेजिप दवा का स्प्रे करना चाहिए। जिससे पौधो को बचाया जा सके।

### विधायक ने किया ऑटो एनालाइजर का शुभारंभ

## बीपीएल व टीबी मरीज के लिए मुफ्त जांच : डीएस

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में विधायक उमाशंकर अकेला ने ऑटो एनालाइजर का शुभारंभ किया। इसके प्रारंभ हो जाने से अब बायोकेमिल जांच के लिए लोगों को बाहर नहीं जाना होगा। जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अब नाम मात्र शुल्क में अनुमंडलीय अस्पताल में ही मरीजों का ब्लड शुगर, लिवर, किडनी, लिपिड प्रोफाइल इत्यादि जैसे बायोकेनिकल जांच किए जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी और बीपीएल धारियों का निःशुल्क जांच किया जा सकेगा जांच शुल्क में सिर्फ उतना ही चार्ज लगेगा जितना मेंटेनेंस के लिए आवश्यक है। अस्पताल में फिलहाल प्रह्लाद कुमार और मो शाहिद जैसे दो अनुभवी लैब टेक्नीशियन है। इसके लिए अस्पताल के ओपीडी में पंजीकरण करवाना आवश्यक है। मौके पर डेंटिस्ट डॉ प्रवीण कुमार, प्रमुख मनोज कुमार रजक, विस विधायक प्रतिनिधि छठु यादव, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रखंड 20सूत्री सदस्य आदि सहित अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मी और कई लोग उपस्थित थे।

### सिर्फ मेंटेनेंस खर्च पर मरीजो की मिलेगी सुविधा



### अनुमंडल कार्यालय के सेवानिवृत अनुसेविका को दी गयी भावभीनी विदाई

## मीना जी ने सेवाकाल के दौरान बेहतर काम किया : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** अनुमंडल कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत अनुसेविका मीना मुर्मू को भावभीनी विदाई दी गई। इस मार्मिक क्षण में बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ पूनम कुजर ने कहा कि सरकारी कर्मियों का स्थानांतरण और सेवानिवृति एक निश्चित प्रक्रिया है। जिससे सभी को गुजारना ही होता है। आवश्यकता है अपने दायित्वों को निष्ठा पूर्वक करते हुए अपने सहयोगियों और वरियों का विश्वासी बने, जो श्रीमती मुर्मू ने बखूबी निभाया। सेवाकाल के दौरान इनके मृदुल स्वभाव और कर्तव्यपरायणता ने लोगो का दिल जीत लिया। यह सेवा क्षेत्र से सेवानिवृत जरूर हुई है परंतु इनकी सेवा हमेशा याद रखी जायेगी। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छतापूर्ण सेवा समाप्ति के लिए उन्हें बधाई भी दिया। विदित हो कि सन 2015 में श्रीमती मुर्मू अपने पति के मृत्यु के उपरांत बतौर अनुकंपा सेवा के रूप में अनुमंडल कार्यालय में योगदान दिया था. लगभग सात वर्षो के सेवा के बाद 31 दिसंबर को सेवानिवृति मिली। वह दुमका जिला के रहने वाले है. कार्यक्रम में एसडीओ सहित कार्यपालक अभियंता दीपा खलखो, कार्यालय अधीक्षक किशोर कुमार, आशु लिपिक मनोज कुमार सोनी, महिला समाज कल्याण निरक्षिका माया दास, लिपिक सीताराम प्रसाद, शबनम आरा सन्नी कुमार, सुनील उरांव, निशांत राज, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद कुमार, विकाश कुमार शर्मा, सुभाष कुमार शर्मा, रंजीत कुमार, आदेशपाल कामेश्वर साव, अनंत किशोर और प्रियंका कुमारी शामिल थे।



**तुगलकी फरमान** | सिर्फ भोजन के लिए शीतलहर में बच्चे पहुंचे स्कूल

# तुगलकी फरमान से शिक्षक व अभिभावक दोनों परेशान



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राज्य में कक्षा 1 से 5 तक की विद्यार्थियों का शैक्षणिक कार्य बंद करने का निर्देश शिक्षा सचिव ने जारी किया है। परंतु इस निर्देश के साथ विद्यालय में मध्यान्ह भोजन भी चालू रखने का निर्देश दिया गया है। जिसका अनुपालन करने के लिए विद्यालय प्रधान मजबूर हैं। जारी निर्देश के आधार पर बुधवार को विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए शिक्षण कार्य बंद रहे, परंतु मध्यान्ह भोजन बनाया गया । अपराह्न 1 बजे कपकपाती सर्दी में खाने के लिए भी कई बच्चे विद्यालय पहुंचे, भोजन किया और वापस घर चले गए। इस तुगलकी फरमान ने शिक्षको सहित अभिभावकों को भी परेशान किया है। अभिभावक गणेश महतो ने बताया कि जब बच्चे खाने के लिए विद्यालय जा सकते है तो पढ़ने क्यों नही? जबकि विद्यालय में शिक्षक मौजूद है। यह एक तुगलकी फरमान है। हालांकि सचिव के आदेश के खिलाफ कोई भी कुछ खुलकर बोलना नही चाहते है, जबकि दबी जुबान से इस आदेश का सभी विरोध कर रहे है। एक शिक्षक ने बताया कि वेलोग भी असमंजस में है कि कितने बच्चो के लिए खाना बनवाया जाय, अंदाज से कभी भी बच्चो की संख्या अधिक हो सकते है तो कभी कम, ऐसे में कभी खाना बच सकता है तो कभी घटने की संभावना बनी रहती है। बुधवार को किसी विद्यालय में 30 फीसदी तो किसी भी 40 फीसदी बच्चो ने मध्यान्ह भोजन किया।

### ठंड से घरों में दुबके लोग, शीतलहर, अलाव की मांग

**शीतलहर** का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। ठंड के कारण सुबह देर से और शाम के पहले ही लोग अपने घरों में दुबके नजर आ रहे। दिन भर सूर्य की किरणें देखने को नहीं मिल रहे। ठंड हवाओ ने लोगो को बेहाल कर रखा है। बावजूद अब तक बरही के विभिन्न चौक चौराहों पर प्रशासन के द्वारा किया जाने वाला अलाव की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी राहगीरों को हो रही है। संबंधित मामलों को लेकर पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य ने स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों से जनहित में अति शीघ्र अलाव व्यवस्था करवाने की मांग की है।



## कौशल महोत्सव 12 को

### 30 बड़ी कंपनियां होंगी शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** केन्द्र सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा 12 जनवरी को बागीटांड स्टेडियम कोडरमा में एक दिनी कौशल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कौशल महोत्सव में 15 से अधिक सेक्टर्स की लगभग 30 बड़ी कंपनियां शामिल होंगी। महोत्सव में युवाओं को जॉब के अवसर और अप्रेन्टिसशिप के अवसर भी मिलेंगे। कौशल महोत्सव में भाग लेने युवा https://kaushalmahotsav.nsdcdigital.org/ पर जाकर फ्री रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कौशल महोत्सव में भाग लेने उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 साल और अप्रेन्टिसशिप के अवसरों के लिए 14 साल जरूरी है। कोई भी उम्मीदवार जो क्लास पांचवीं से 12 वीं पास है, आईटीआई, डिप्लोमा धारक या डिग्री धारक है, कौशल महोत्सव के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने फोटो आईडी, आधार कार्ड और पासपोर्ट आकार की तस्वीरों की एक प्रति संबंधित स्थानों पर ले जानी है। इस आयोजन में विभिन्न सेक्टर्स की विभिन्न कंपनियों की भागीदारी देखी जाएगी। भाग लेने वाली कंपनियों को एक ही प्लेटफार्म पर युवाओं से मिलने और मौके पर ही उम्मीदवारों को चुनने और उन्हें अपने ऑर्गनाइजेशन का हिस्सा बनाने का अवसर मिलेगा। कौशल महोत्सव से पहले युवाओं की काउंसलिंग की जाएगी, ताकि उन्हें एक बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया जा सके।

NEWS इन ब्रीफ

## सेन्हा में बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के एकागुड़ी टंगरा टोली से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बालू उठाव कर ले जाया जा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी धनन्जय पासवान ने टीम बनाकर कोयल नदी से बालू उठाव कर एकागुड़ी गांव रास्ते गन्तव्य स्थान पर ले जाया जा रहा ट्रेक्टर जेएच 07 जे 7963 को जब्त कर थाना लाया और अग्रतर करवाई के लिये अंचलाधिकारी को सुपुर्द कर दिया। मौके पर पुअनि आयता खेस समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे। थाना प्रभारी ने बताया कि जितना भी ट्रेक्टर की बालू उठाव में जब्ती होती है उसमें अधिकतर टेलर का रजिस्टेशन नम्बर अंकित नही रहता है जिससे सरकारी राजस्व का नुकसान होता है।

## अखंड हरी कीर्तन व कलश यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय में रण बहादुर सिंह चौक स्थित महावीर मंदिर में दो दिवसीय अखंड हरी कीर्तन सह कलश यात्रा का आयोजन 6 जनवरी से किया जाएगा। जिसमें पहले दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कोलेबिरा के शिव मंदिर के समीप डैम से जल लेकर महावीर मंदिर श्रद्धालु आएंगे और पूजा अर्चना के बाद अखंड हरी कीर्तन, कीर्तन मंडलियों के द्वारा शुरूआत की जाएगी। वही दूसरे दिन हरि कीर्तन के पूणार्हुति के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सफल बनाने के लिए जीतन साहू बिनोद कुमार धनंजय झा सुमंत कुमार शिवा कुमार शुभम कुमार अभिषेक कुमार जितेंद्र तिवारी के साथ ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।

## विप्र फाउंडेशन ने गरीबों के बीच गर्म कपड़े का किया वितरण

**सिमडेगा।** विप्र फाउंडेशन जॉन-6 शाखा सिमडेगा के द्वारा बुधवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष सजंय शर्मा के नेतृत्व में सिमडेगा के जोगबहार एवं बंगरु पंचायत में सैकड़ो गरीब असहाय लोगों के बीच गर्म कपड़े, कम्बल, टोपी, मोजा एवं चपल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश पदाधिकारी श्यामलाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी गोकुलचन्द्र शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा, सुरेश शर्मा, कृष्णा शर्मा उपस्थित थे कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन महिला समिति ने बढ़-चढ़ भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से महिला समिति के अध्यक्ष अरुणा शर्मा संरक्षक गीता देवी, सरोज देवी, किरण देवी, शुशीला देवी, सावित्री देवी, बबली शर्मा, कुसुम शर्मा, इत्यादि लोग शामिल हुए धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के महामंत्री प्रदीप शर्मा ने किया।

## उप मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर वितरण

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत की आंगनवाड़ी केंद्र में बुधवार को पंचायत के उप मुखिया अशोक गुप्ता की मौजूदगी में समाज कल्याण विभाग की ओर से बच्चों को दी जाने वाली स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान कुल 25 छोटे-छोटे बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद राहुल मिश्रा, आंगनबाड़ी सेविका प्रियंका देवी सहायिका दीपा देवी उपस्थित रहे।उप मुखिया ने कहा कि सरकार की ओर से यह अच्छी पहल है जहां पर छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर उपलब्ध कराई जा रही है जिससे कि आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड में परेशानी नहीं होगी क्योंकि अधिकांश बच्चे गरीब परिवार से हैं और उन्हें सरकार की ओर से मिली मदद से काफी लाभ होगा।

### उपायुक्त ने श्रम नियोजन प्रशिक्षण व कौशल विभाग की समीक्षा की

# त्योहारों में वापस आये प्रवासी मजदूरों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में उपायुक्त ने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित औजार सहायता योजना, साईकिल सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टि किट, मातृत्व प्रसुविधा सहायता योजना, झारखण्ड निर्माण कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृति योजना, अंत्येष्टि सहायता, चिकित्सा सहायता, प्रवासी मजदूर/दुर्घटना सहायता, पूर्ण अपंगता की स्थिति में आर्थिक सहायता सहित असंगठित श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।उपायुक्त ने जिला अंतर्गत सीएससी के माध्यम से अब तक ई-श्रम पोर्टल कुल 141837 निबंधन असंगठित श्रमिकों की समीक्षा की तथा त्योहारों के मद्देनजर घर वापस आये प्रवासी मजदूरों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने की दिशा में प्रखण्ड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की बात कहीं। झारखंड असंगठित कर्मकार समाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत मातृत्व प्रसुविधा सहायता योजना के तहत प्रथम दो प्रसुतियों के लिए श्रम विभाग में निबंधित महिलाओं को उनकी गर्भवती की डिलीवरी के समय 15000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किया जाता है जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने की बात कहीं तथा अधिक से अधिक महिलाओं का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने का निर्देश दिया। मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृति योजना की समीक्षा के क्रम में उन्होंने इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में लाभुक श्रमिकों को शत-प्रतिशत योजना से लाभांवित करने का निर्देश दिया। श्रमिक मित्र के तहत प्रत्येक माह 20 व्यक्तियों का निबंधन कराने हेतु लक्ष्य देने का निर्देश दिया। मानव एवं बाल तस्करी रोकने के लिए एएचटीयू थाना एवं आरपीएफ बानो से समन्वय स्थापित करते हुए रेलवे स्टेशन व बस स्टैंडर्ड पर मानव तस्करी पर रोक लगाने कि दिशा में लगातार गश्ती एवं निगरानी रखने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का फ्लैक्स व बैनर के माध्यम से सभी प्रखंड मुख्यालयों में प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। बैठक में श्रम अधीक्षक पुनित मिंज उपस्थित थें।

## उपायुक्त आर. रॉनीटा ने पेयजल स्वच्छता प्रमंडल के कार्यों का किया समीक्षा



**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उन्होंने जिला वार एफएचटीसी प्रगति रिपोर्ट, प्रखंड वार एफएचटीसी प्रगति रिपोर्ट, वित्तीय वर्ष 2022-23 में एफएचटीसी का निर्धारित लक्ष्य एवं प्रगति क्वार्टर 01, क्वार्टर 02, क्वार्टर 03, एवं एसवीएस व एमवीएस की समीक्षा की। उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित कार्यों की योजनावार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान कार्यपालक अभियंता ने उपायुक्त को जल जीवन मिशन के तहत अब तक हुए कार्यों से आवगत कराया। इस संबंध में उपायुक्त ने नल से जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ली गई योजनाओं को समय से पूरा करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन हेतु चयनित संवेदकों से तय समय सीमा के अनुरूप कार्य को पूर्ण कराने की बात कहीं। इस माह में 20 गांव का शत-प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अनिल प्रसाद गुप्ता व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# हाड़ कंपाने वाली कड़ाके की ठंड से लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में कड़ाके की ठंड से लोग काफी परेशान हैं। सर्दी के सितम से बचने के लिए तरह तहर के उपाए किए जा रहे हैं। पिछले तीन चार दिनों से लगातार चल रही शीतलहर ने आम लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ा दी है। दिन भर चल रही सर्द हवाओं से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पिछले दो तीन दिनों से धूप नहीं निकल रही है। जिस की वजह से लोगों की और परेशानी बढ़ जा रही है। तीन दिन से चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में ही दुबकने को मजबूर कर दिया है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण बाजारों में चहल पहल कम दिखाई दे रही है। लोगों को रात में ठिठुरन भरी ठंड का सामना करना पड़ रहा है।हाड़ कंपा देने वाली ठंड में भी प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। सिर्फ एक बार ठंड के शुरूआती दिनों में अलाव की व्यवस्था कर दिया गया था लेकिन जब सर्द हवाओं से मौसम में नमी आई है तो अलाव की व्यवस्था नहीं दी जा रही है। बढ़ी ठंड के कारण स्कूलों की छुट्टियां होने से बच्चों को कुछ राहत मिली है। ठंड के कारण घर के बुजुर्गों व बच्चों का बुरा हाल है। जाड़े से बचने के लिए लगातार, रजाई, कंबल, हीटर, ब्लोअर आदि लोग खरीद रहे हैं। जबकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग दिनभर सूखी लकड़ी- पत्तियां आदि चुनकर शाम को खाना बनाने के साथ इसी आग से अपने शरीर को भी गर्म करने का प्रयास करते हैं।

### प्रशासन ने नहीं किया अलाव का इंतजाम, लोग खुद कर रहे व्यवस्था

वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम में सर्दी रहने की संभावना है। शहर के रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव, पोस्ट आफिस चौक समेत अन्य जगहों पर मजदूर तबके के लोग खुद के पैसे से लकड़ी आदि का जुगाड़ कर ठंढ से बचने की जद्दो -जहद करते नजर आते हैं। सड़क के किनारे फुटपाथों या खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करने वाले लोगों का बुरा हाल है।

# सुदर्शन भगत के प्रयास से लोहरदगा में होगा छह सड़कों का निर्माण

### कुल 3002.29 लाख रुपये की लागत से बनेगी 46.650 किलोमीटर लंबी सड़क



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से केंद्र सरकार के द्वारा लोहरदगा जिला को छह सड़को की नई सौगात दी गई हैं। कुल 3002.29 लाख में बनेगी 46.650 किलोमीटर लंबी सड़क। जिसमें सड़क निर्माण 2,386.28 लाख रुपये, स्पेन लॉन्ग ब्रीज की राशि 29 354.41 लाख रुपये व मेनटेनेंस राशि 261.60 लाख रुपये है। केंद्र सरकार के द्वारा सड़क की स्वीकृति दी गई है। जिसमे कुड्डु प्रखंड के जीमा चौक से बराटपुर, लोहरदगा प्रखंड के मन्हो मोड़ से भक्सो, भक्सो से नदी नगड़ा तक, सेन्हा में जोगना मोड़ से गगिया, कोराम्बे भाया जामुनडिपा गगिया घाटा, सेरेंगहातु से पीडब्ल्यूडी रोड बख्शिडिपा तक शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण के लिए सुदर्शन भगत ने केंद्र सरकार की मांग की थी। जिसकी स्वीकृति के साथ राज्य को लागत राशि भी क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर आवटिंत कर दी गई है। सांसद ने कहा कि इन सभी सड़कों की स्वीकृति उनके प्रयास से केंद्र सरकार के द्वारा दिया गया। केंद्र की ओर से सड़क निर्माण के लिए राशि भी झारखंड सरकार को आवंटित कर दी गई है। सांसद ने कहा कि सड़क निर्माण होने से क्षेत्र का बहुमुखी विकास होगा। गांव सीधे मुख्य मार्ग से जुड़गें। सड़क की स्वीकृति मिलने के पर भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

## जलसहियाओं को जल जांच की ऑनलाइन विधि को लेकर दी गयी ट्रेनिंग

**सिमडेगा।** सिमडेगा के स्थानीय अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बुधवार को जिला स्तरीय जलसहिया संघ की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता रेशमा परवीन के द्वारा किया गया। बैठक में जिले के सभी प्रखंड से जलसहिया सदस्य उपस्थित रहे जहां पर बताया गया कि सभी जलसहियाओं को पेयजल स्वच्छता विभाग की ओर से जल जांच करने के लिए कार्य में लगाया गया है। जहां पर अभी इन कार्यों को ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत किस प्रकार से डाटा एंट्री करनी है। इन सभी चीजों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही कहा गया कि जहां पर भी जल जांच की जाएगी उसे ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत ही की जानी है।

### एकल श्रीहरि सत्संग धर्म रथ का किया उद्घाटन, सिमडेगा के लिए हुआ रवाना

# ग्रामीणों के उत्थान के लिए काम करती है एकल अभियान : नवल किशोर अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** एकल श्रीहरि सत्संग धर्म रथ का उद्घाटन एकल अभियान भाग अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल, रिटायर्ड आर्मी सह समाजसेवी डॉ टी साहू, एवं एकल अभियान समिति द्वारा पूजा अर्चना, मंत्रोचारण के साथ नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। सिमडेगा अंचल के लिए रवाना किया गया। उद्घाटन के पश्चात एकल अभियान के बारे में बताते हुए भाग अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल ने बताया कि एकल अभियान समिति पांच हिस्से में क्षेत्रों में ग्रामीणों के उत्थान के लिए काम करती है। जिनमें शिक्षा, आरोग्य, ग्रामोत्थान, जागरण एवं संस्कार जैसे सामाजिक कार्य करती है। उन्होंने कहा कि एकल अभियान समिति विगत 32 वर्षो से निशुल्क काम करते आ रही है। इसी कड़ी में जो आज रथ रवाना की गई है, वो अपना सनातन धर्म का गांव-गांव में जाकर व्यास के द्वारा कृतन-भजन कर कर गांव-गांव में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करते आ रही है। पूरे भारत में ऐसा रथ 63 की संख्या में है। आगे भविष्य में 200 रथ वर्ष 2023 की समाप्ति तक करना है। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, एकल अभियान के अंचल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, धनंजय अग्रवाल, जयगोविंद, सरोज खत्री, बलबीर देव, सत्येंद्र कुशवाहा, देवेंद्र प्रसाद, किशोर कुमार बंका, दिपक कुमार, अमीर चन्द्र, कथाकार श्याम लाल यादव, राधे उरांव, अभियान प्रमुख रंजीत यादव, जितबाहन बड़ाईक के अलावे नगर के गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# नेत्रहीन महिला से दुष्कर्म के मामले में तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो(लोहरदगा)।** कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी बाघी गांव में बीते दिन 55 वर्षीय नेत्रहीन महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म व हत्या कर शव को कुआं में डालने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा है। कैरो थाना पुलिस द्वारा बुधवार को जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने बताया कि नेत्रहीन महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में त्वरित करवाई करते हुए धारा 376डी, 302, 201/34 भादवी के तहत मामला दर्ज कर 24 घण्टे के अंदर तीनो आरोपी सूरज मिंज पिता जलसई मिंज, बल्केश्वर उरांव पिता मंगरा उरांव, एवं रोबिन उरांव पिता सोमरा उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि 3 जनवरी को कुआं से एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।



# डालसा ने विश्व ब्रेल दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला संजय कुमार चांधरियावी के आदेशानुसार 'विश्व ब्रेल दिवस' के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पार्थ सारथी घोष ने सिविल कोर्ट परिसर गुमला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों को नेत्रहीन और दृष्टि बाधित छात्रों के आरक्षित कोटे के संबंध में विशेष जानकारी दी गई। श्री घोष ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सभी नेत्रहीन और दृष्टिबाधित, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए नौकरियों के लिए एक कोटा आरक्षित किया है, उम्मीदवारों को उनकी उम्र, विकलांगता और शिक्षा के आधार पर पद के लिए चुना जाता है। दृष्टिहीनता या किसी अन्य शारीरिक अक्षमता का मतलब प्रतिभा या कौशल की कमी नहीं है, हालांकि रास्ते में आने वाले सभी कठिनाईयो के बावजूद जीवन को नेगेटिव करने की क्षमता, साहस और दृढ़ संकल्प दर्शाती है कि तथा उनको जीवन में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों को दिव्यांगजन अधिनियम 2016, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्य एवं सूचना का अधिकार अधिनियम के ब्रेल प्रिंट के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। मौके पर स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, अधिवक्ता बूंदेस्वर गोप, अरुण कुमार, डीएलएसए के जिया उल हक प्रकाश कुमार, मनीष कुमार, नवीन कुमार दत्ता एवं अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।





# दो वक्त की रोटी को तरस रहे हैं दिव्यांग भाई बहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के कोनमेरला पंचायत अंतर्गत टिकुम टोली निवासी अंजनी कुमारी (13 वर्ष) और उसका छोटा भाई अजय कैथवार (10 वर्ष) दोनों भाई बहन चल फिर नहीं सकते हैं। दोनों पैर से दिव्यांग हैं। मां का निधन हो चुका है पिता रोजगार की तलाश मे प्रदेश गया है। सर पर मंडराता गरीबी का साया और पेट भरने के लिए दो वक्त का खाना जुगाड़ करना इन बच्चों के लिए जी का जंजाल बन हुआ है। काफी गरीब होने के कारण इन्हे दो वक्त का खाना भी मयस्सर नही होती है। कई बार तो भूखे रहना पड़ जाता है। हैरानी की बात तो ये है की ये गरीब बच्चों का घर सड़क किनार में ही है फिर भी आज तक इन बच्चों पर किसी जिम्मेदार अधिकारियों ने और न ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने इनकी ओर नजरें इनायत की है। इसे बच्चों की किस्मत कहें या विडंबना.. लेकिन फिर भी परिजन सरकारी मदद की आस लगाए बैठे हैं।

### मां की हो चुकी है मौत, काम की तलास में पिता भी चला गया परदेश

**बैठक**

### गठबंधन सरकार के कार्यकाल में झारखंड का विकास ठप : लक्ष्मण बड़ाईक

# ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का होगा प्रयास : सांसद प्रतिनिधि

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड़।** भाजपा की बैठक पाकरटांड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ पतराटोली में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष मनिंद्र बिंझिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ग्रामीणों के तरफ से गांव की मूलभूत समस्याओं को सांसद प्रतिनिधि के बीच रखा। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि तीन साल के गठबंधन सरकार के कार्यकाल में झारखंड विकास के पायदान पर पीछे छूट चुका है, हर तरफ लूट हत्या बलात्कार की घटनाएं बढ़ गयी है, ये सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है जिसका परिणाम आने वाले चुनाव में दिखेगा। केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार के जाने के बाद जनता को एहसास हो रहा है कि हमसे भूल हुई है झारखंड मैं किसी भी क्षेत्र में विकास का कार्य नहीं हो रहे हैं प्रधानमंत्री आवास का कार्य रुका हुआ है गांव में किसी भी तरह का कार्य नहीं हो रहा है ग्रामीणों की मांग पर सांसद प्रतिनिधि ने उन्हें आश्वस्त किया की केंद्रीय मंत्री एवं सिमडेगा प्रशासन से समन्वय बनाकर इनकी मूलभूत समस्याओं को जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा हम हमेशा जनता के साथ हैं। नगर परिषद उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश साहू ने कहा की ग्रामीणों को घबराने की आवश्यकता नहीं है भारतीय जनता पार्टी का संगठन आपके साथ है किसी से भय खाने की आवश्यकता नहीं गठबंधन सरकार के बनते ही चारों और लूट और भ्रष्टाचार का राज हो गया है बालू की तस्करी जोरों पर है सरकार माफिया लगाकर बालू से लूट कर रही है और ग्रामीण अपने ही गांव घर से बालू ले जाने पर उन्हें जुमार्ना भरना पड़ रहा है इसका परिणाम आने वाले चुनाव में जरूर दिखेगा बैठक को जिला महामंत्री दीपक पुरी एवं पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा जोरदार पेंकी नृत्य एवं ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया और स्वागत करते हुए मंच तक ले जाया गया स्वागत कार्यक्रम से अतिथि काफी खुश नजर आ रहे थे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज साय, पाकरटांड़ प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीपनारायण दास, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह, वासुदेव तिर्की मनोज बड़ाईक, हीरा तिर्की, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाअध्यक्ष सुधु नायक, लालचंद नायक, जय लाल बड़ाईक, विश्वा प्रधान, महेंद्र बेसरा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## NEWS इन ब्रीफ

### आज इप्टा की गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** शहर में इप्टा के द्वारा सफदर हाशमी सहादत सप्ताह के तहत स्थानीय इप्टा कार्यालय में शाम गुरूवसर को 4 बजे से गोष्टी का आयोजन किया जाएगा। जिसका विषय अभिव्यक्ति पर हमला संस्कृतिकर्म है। इप्टा के द्वारा एक जनवरी से 8 जनवरी तक सहादत सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमे सभी कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक और जनगीत के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। आगामी 8 जनवरी को कवि सम्मेलन सह मुशायरा का भी आयोजन किया जाएगा।

### श्रीराम सेना ने ठंड में अलाव की व्यवस्था कराई

**मेदिनीनगर।** पलामू में अत्यधिक कंपकपाती हुई ठंड को देखते हुए मेयर प्रत्याशी सह श्रीराम सेना के राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव के लिए सुखी लकड़ी की व्यवस्था की गई। जिसमें श्रीराम सेना के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित उप राज्य प्रमुख जितेंद्र प्रसाद जायसवाल, चिंटू गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, राजेंद्र पासवान, मंटू जायसवाल, वीरेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, गणेश जायसवाल, पंकज प्रसाद, प्रदीप ठाकुर, शंभू चौधरी, पप्पू गुप्ता, अनिल जायसवाल उपस्थित थे। उन्होंने बताया की अधिक ठंड को देखते हुए आगे भी लगातार पूरे शहर में अलाव की व्यवस्था लगातार श्रीराम सेना के सौजन्य से की जाएगी।

### कैमिकल पाउडर लदा ट्रैक्टर पलटा

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एन एच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग तुंबागड़ा के तीखे मोड़ पर बुधवार को असंतुलित हो कर कैमिकल पाउडर लदा टैंकर यू पी 64 ए टी 3915 पलट गया। जिसमें टैंकर चालक घायल हो गया। घायल को तुम्बागाड़ा नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज चल रहा है। गाड़ी में चालक के अलावा और कोई नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार को करीब 3 बजे रांची की ओर से आ रहे। कैमिकल पाउडर लदा टैंकर यूपी 64,एटी 3915 असंतुलित हो कर पेड़ से टकरा कर पलट गई। जिसमें चालक घायल हो गया। अगर पेड़ नहीं होता गाड़ी सीधे घर में घुस जाती और बडा हादसा हो सकता था।

### समाजसेवी ने कंबल का किया वितरण

**मनातू।** पलामू जिले मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के सभी गाँवो में गरीब असहायों के बीच समाजसेवी सतेन्द्र कुमार साहू ने कंबल वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी साहू ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया हैं कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगा। मैं सार्वजनिक स्थलों पर घूम घूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच कंबल का वितरण कर रहा हूं । उन्होंने बताया कि यह कार्य विगत 2 साल से करते आ रहा हूं। समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। महादलित टोलों में जाकर भी कंबल वितरण किया जा रहा हैं मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में चल रहे चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन बुधवार को युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से तन व मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं। इस दौरान सतगांवा तथा मंसारा टीम के बीच मैच खेला गया।

---

### गंदगी: सदर अस्पताल सहित निजी क्लिनिक में कचरा निस्तारण का अभाव

# हर ओर गंदगी, बीमारी तो फैल सकती है !

## विभाग की ओर से अब तक नहीं किया जा सका स्थायी समाधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के सदर अस्पताल सहित निजी क्लिनिक में कचरा निस्तारण की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सदर अस्पताल सहित निजी क्लीनिक के प्रबंधक मेडिकल वेस्ट को तैसे फेकवाने में लगे रहते हैं। जिला मुख्यालय में संचालित 12 निजी अस्पताल को छोड़कर बाकी सभी निजी अस्पताल मेडिकल वेस्ट को नदी नाले में फेंकबाते हैं। उसे बीमारी फैलने की आशंका बना रहता है वह सदर अस्पताल की बात करें तो मेडिकल वेस्ट को जहां-तहां फेंका जा रहा है। इसका स्थायी समाधान विभाग की ओर से आज तक नहीं किया जा सका। जबकि अस्पताल में आनेवाले मरीजों के इलाज के बाद बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट निकलता है। अब कोरोना के विश्वव्यापी मौजूदा कहर के बाद भी स्वच्छता का जब ख्याल नहीं रखा जा रहा है तो इसका खामियाजा भी जनमानस को भुगतना पड़ सकता है।

**बायोवेस्ट को निस्तारण के लिए लोहरदगा भेजा जाता है। वही जनरल कचरा को नगर परिषद के माध्यम से निस्तारण करवाया जाता है।**

**-अवधेश कुमार सिंह, अस्पताल उपाधीक्षक, गढ़वा।**



गौरतलब है कि सदर अस्पताल का मेडिकल वेस्ट का निस्तारण को लेकर विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी है। यहां तक कि मेडिकल वेस्ट पर्यावरण के साथ खिलवाड़ भी है। इससे प्रदूषण का खतरा तो रहता है ही बीमारियां भी फैल सकती हैं। अस्पताल में इलाजरत मरीजों के लिए भी यह नुकसानदेह है। अस्पताल से निकलनेवाले कचरों के लिए अस्पताल परिसर में ठोस कचरा प्रबंधन का इंतजाम रहने के बाद किसी को यह फुर्सत नहीं कि उस पिट से समय पर कचरा निकाल कर उसे सुरक्षित क्षेत्र में निस्तारित कर दिया जाए। हालांकि विभाग का कहना है कि मेडिकल वेस्ट को पिट में फेंका जाता है। पिट भरे रहने के कारण जानवरों के मेडिकल वेस्ट को जहां-तहां फैला दे रहा है।

सदर अस्पताल के कचरा निस्तारण के लिए कचरा निस्तारण मशीन भी लगा हुआ है और उसका उपयोग खरीदने के बाद से नहीं किया जा रहा है सदर अस्पताल में देखने को मिल रहा है। उसके कारण अस्पताल कचरे को जैसे तैसे फेंका जा रहा है।

#### ऐसे भी होता निस्तारण

अस्पताल के कचरा में इंजेक्शन, निडिल और ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल किए जानेवाले ग्लब्स फेंके हुए हैं। ये अस्पताल परिसर में संक्रमण बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है। यहां तक कि पिट कचरा से भर जाने के बाद उसे अस्पताल प्रबंधन आग के हवाले कर देता है। इससे जहरीला धुआं भी चारों तरफ फैलता है।

#### काफी मात्रा में निकलता है मेडिकल वेस्ट

बताया जाता है कि अनुमानित प्रतिबेड प्रति अस्पताल में एक-दो किलोग्राम कचरा निकलता है। अगर कोई सौ बेड का अस्पताल है तो हर दिन वहां से सौ किलो से ज्यादा मेडिकल कचरा उत्पन्न होता है। इनमें करीब पांच से दस प्रतिशत मेडिकल वेस्ट घातक और संक्रामक होता है।

---

# इंश्योरेंस कैंप लगा कर दी जायेगी जानकारी: बीपीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** जेएसएलपीएस के द्वारा अपने समुह के महिला सदस्यों के लिए पंचायतवार इंश्योरेंस कैंप पांच जनवरी से लगाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया की 5 जनवरी को परती कुशवानी पंचायत सचिवालय, 11 जनवरी को पाचाडुमर पंचायत सचिवालय में, 12 जनवरी को बलिगढ़ पंचायत सचिवालय, 13 जनवरी को केतार पंचायत सचिवालय,14 जनवरी को परसोडीह पंचायत सचिवालय,15 जनवरी को मुकुन्दपुर और 20 जनवरी को लोहरगाडा. पंचायत सचिवालय में इंश्योरेंस कैंप लगाया जायेगा।

#### 418 महिला स्वयं सहायता समूह संचालित

कैंप के माध्यम से महिलाओं को इंश्योरेंस से होने वाले लाभ एवं बैंक से मिलने वाली सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेंगी। उन्होंने बताया की अभी प्रखंड में 418 महिला स्वयं सहायता समूह संचालित है। इनमें 377 महिला स्वयं सहायता समूह को 1.5 लाख रुपए तक की राशि स्वरोजगार के लिए दी गई है। जबकि 11 स्वयं सहायता समूहों को 3 लाख रुपए और दो समुहों को 6 लाख रुपए आवंटित की गयी है। प्रखंड क्षेत्र में जेएस एलपीएस की दीदीयां बेहतर कार्य कर समुह का संचालन कर रही है। इसके लिए समय समय पर दीदीयों को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जा रहा है।

---

# मनरेगा योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय सोशल ऑडिट किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड के दो पंचायत खुटहेरिया व गड़ाखुर्द पंचायत के सत्र 2020 -21का मनरेगा योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय सोशल ऑडिट किया गया। जिसमें ज्यूरी के रूप में प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पाण्डेय उर्फ पिंकू पाण्डेय, मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी,सोशल ऑडिट बीआरपी सुनील तिवारी, जेएसपीएस सत्या देवी ने दोनों ही पंचायत के विभिन्न योजनाओं का जनसुनवाई किया। जिसमें बीआरपी एफसी अमित कुमार यादव ने सभी मुद्दों को प्रस्तुत किया ।जिसमें बिल वॉउचार का नही होना, तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति,तीन चरणों का फोटो, एफटीओ, एमआर, एमबी, योजना धरातल पर नही होना का मुद्दा सामने आया। जिसमें सभी दस्तावेज पर 100 रुपया प्रति दस्तावेज जुमार्ना लगाया गया।





निकासी राशि का 20 प्रतिशत वसूली क्रियान्वयन समिति से किया गया। साथ ही 194 तो किसी योजना में इससे भी अधिक रुपया अधिक निकासी किया गया का मामला सामने आया, जिसको जिला सुनवाई के लिए अग्रसारित किया गया। इसमें 367 योजना का 1 लाख 14 हजार 930 रुपया का मामला था ,जिसे जिला सुनवाई के लिए अग्रसारित किया गया। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी,मनरेगा बीपीओ कमलेश राम, पंचायत सेवक संतोष कुमार सिंह व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

---

# नया उजाला बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मंझिआंव/गढ़वा।** नगर पंचायत के मेन बाजार भारतीय स्टेट बैंक के पीछे गढ़ प्रांगण में नया सवेरा नया उजाला के तत्वधान में खेला जाने वाला बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे एवम राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। ततपश्चात सभी टीम के खिलाड़ियों से ग्राउंड में जाकर परिचय प्राप्त किया। नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजन कर्ता, युवा समाजसेवी, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी के द्वारा माननीय पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे एवं राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी बाबा केशव नारायण दास सम्मानित





लोगों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को माल्यार्पण एवं बुके देकर सम्मानित किया। लोगो को मारूत नंदन सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि खेत हम सभी के लिए जीवन का एक हिसा है जो शरीर को मानसिक, शारिरिक, बौद्धिक विकास करता है। वहीं सोनी ने खिलाड़ियों से अपील किया कि खेल शांतिप्रिय एवं सुसजित ढ़ंग से खेले। मौके पर उदय जॉनसन,ककू जयसवाल सुचित कमलापुरी, नीरज कमलापुरी, नौशाद खान सहित दर्शक उपस्थित थे।

---

### सभी विद्यालयों के एक-एक रसोईयों की प्रतियोगिता आयोजित

# लॉटरी के माध्यम से विजेता का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** संकुल संसाधन केन्द्र उच्च विद्यालय चितविश्राम में बुधवार को सीआरसी स्तरीय सभी विद्यालयों के एक- एक रसोईया का प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता में सभी रसोईया के द्वारा मेनू के अनुसार स्वादिष्ट भोजन बनाया गया। सभी रसोईया ने मेहनत व लगन से भोजन तैयार किया रसोईया के चयन के लिए कमिटी गठित कर चयन किया गया। कमिटी में शिक्षक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद अखौरी प्रवीण सिन्हा, सुग्रीव राम, सुभाष राम शामिल थे। सभी रसोईया द्वारा बच्चों को अपना अपना बनाया हुआ भोजन खिलाया गया। सभी बच्चों ने कहा कि सभी रसोईया के द्वारा बनाया गया भोजन स्वादिष्ट है। कमिटी के सदस्यों ने भी सभी रसोईया द्वारा बनाएं गए भोजन को चखा। कमिटी के सभी सदस्यों ने कहा कि सभी रसोईया



के द्वारा बनाएं गए भोजन बहुत ही स्वादिष्ट है।

कमिटी में उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि सभी रसोइयों में विजेता व उप विजेता का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाय। विजेता के लिए मध्य विद्यालय मंगरदह से विन्दा देवी व उपविजेता के लिए मध्य विद्यालय बरडीहा के निर्मला देवी का चयन किया गया। विजेता व उपविजेता रसोईया को सीआरपी संजय कुमार सिंह, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, राजनाथ राम के द्वारा संयुक्त रूप मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सीआरपी द्वारा बताया गया कि विभाग के आदेश के तहत आप दोनों को पुरस्कार राशि देकर भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम सीआरपी संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, कमलेश पांडेय, नरेंद्र श्रीवास्तव के देखरेख में संपन्न कराया गया। मौके पर सीआरसी के आये हुए रसोईया, शिक्षक नरेश राम, प्रियंका पांडेय, पूनम पांडेय, संजय कुमार ,संजय कुमार शुक्ल सहित बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

---

# ट्रक-कार की भीषण टक्कर एक की मौत, पांच घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत देवबार मोड़ के पास बुधवार की सुबह ट्रक और कार में भीषण टक्कर हो गई। घटना में वाहन चालक समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक 5 वर्षीय बच्ची पाको कुमारी भी शामिल है। इलाज के दौरान वाहन चालक
हेरहंज थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी 34 वर्षीय नागेंद्र यादव ने दम तोड़ दिया। बाकी लोगों का सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल 4 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत तासू गांव से मजदूरी करने के लिए बिहार के डिहरी जा रहे थे। इसी बीच मनिका थाना क्षेत्र के देवबार मोड के पास कोहरे के कारण स्विफ्ट वाहन ट्रक से जा भीड़ी। घटना का मंजर इतना खौफनाक था जिसने भी देखें उनके रोंगटे खड़े हो गए। स्विफ्ट वाहन मृतक नागेंद्र यादव का ही था और वह खुद ही वाहन चला रहा था। घायलों में तासू गांव निवासी मजदूर धर्मेंद्र उरांव, परमेश्वर भुइयां, राजमुनी देवी पति परमेश्वर भुइयां उम्र 30 वर्ष, संतोष भुईयां पिता वीरन भुइयां उम्र 28 वर्ष, व पाको कुमारी पिता परमेश्वर भुइयां उम्र 5 वर्ष का नाम शामिल है ।

---

### छापेमारी अभियान चलाकर चंदवा पुलिस की कार्रवाई

# दो किग्रा अफीम के साथ दो तस्कर धराए



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने दो किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि सासंग के रास्ते एक ब्रेजा कार में दो लोग अफीम लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन किया गया।गठित छापेमारी दल के द्वारा देर रात मीडिल स्कूल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के क्रम में एक ब्रेजा कार जेएच 01 डी एक्स 1074 को रोककर उसकी तलाशी ली गई, तलाशी के क्रम में गाड़ी में एक काले रंग के बैग में छुपाकर रखे दो किलो अफीम को पुलिस के द्वारा बरामद किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से वाहन समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

#### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार अपराधियों में दिलीप प्रसाद साहु पिता स्व बंशी साहू ,प्रदीप कुमार पिता महेंद्र साहू दोनो कुरियाम थाना बालूमाथ जिला लातेहार शामिल हैं। दोनो के पास से 27 हजार एक सौ नगद समेत दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। थाना प्रभारी श्री गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार दोनो व्यक्ति पूर्व में भी अफीम तस्करी में शामिल रहे हैं और जेल भी जा चुके हैं। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, बीडीओ विजय कुमार, पुअनि दिव्यप्रकाश, आ0 त्रिलोकी सिंह, निरंजन चौधरी, संतोष कुमार सिंह, राजन कुमार, सैट- 202 सशस्त्र बल चंदवा, चालक आरक्षी विजय नरायन तिवारी शामिल थे।

---

# पहल : वन संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी बरवाडीह के तत्वाधान में बेतला नेशनल पार्क के रेंजर शंकर पासवान की मौजूदगी में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत पोखरी कला और कोलपुरवा ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जंगल बचाने हेतु ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों के द्वारा जंगलों में लगी आग को बुझाने, जंगलों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन को लेकर जानकारी दी गई। जहां रेंजर शंकर पासवान ने कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए



पूरे मानव समुदाय हेतु वन बहुत आवश्यक हैं। वनों में आग लगने या वृक्षों के कटाव के कारण जानवरों के आश्रयों का विनाश और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है। पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए वनों का होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में बेतला फॉरेस्टर उमेश कुमार दुबे एवं संतोष सिंह के साथ साथ केचकी और कचनपुर ग्राम सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

---

### प्लस टू | चोरो ने दूसरी बार दिया घटना को अंजाम

# विद्यालय से प्रोजेक्टर सहित अन्य सामग्री की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय से एक किलोमीटर दूर स्थित डाली सिवान के समीप टेन प्लस टू उच्च विद्यालय नवा बाजार से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चार ताला तोड़कर विद्यालय के स्मार्ट क्लास से प्रोजेक्टर मशीन, डीवीडी, सीपीयू, पानी वाला स्टार्टर मशीन सहित कई अन्य सामग्री लेकर हुए फरार। जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्वामी प्रसाद बुधवार को निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचे जहां विद्यालय का चारदीवारी गेट का ताला व मेन गेट का ताला टूटा देखकर चोरी की घटना से प्रतीत होकर स्थानीय जनप्रतिनिधि जानकारी दी। सूचना पाकर नावा बाजार प्रखंड उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री सह जमीन दाता जमालूदिन खान, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पति मिर वारिस, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मिर आरीज



आलम, पूर्व उप मुखिया मीर आशिक, वार्ड सदस्य राजदेव यादव घटनास्थल पर पहुंचकर चोरी की जानकारी ली। घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक स्वामी प्रसाद ने नावा बाजार थाना को लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु दिया। मौके पर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार टूटी, शिक्षक अरशद अहमद, मनोज मेहता, रिंकू खान सहित कई लोग मौजूद थे।

**चोरी की घटना विद्यालय में दोबारा हुई है :** लोग प्रखंड मुख्यालय में शिक्षा संचालित को अवरुद्ध करना चाह रहे हैं। गांव के ही नशाखोर, शराबी, मनचले युवक लड़कियों के दुर्व्यवहार के साथ-साथ चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। एक वर्ष पूर्व में रात्रि प्रहरी यहां पर रहता था जिसका वेतन हम लोग चंदाकर देते थे लेकिन वर्तमान में रात्रि प्रहरी नहीं रहने के कारण विद्यालय असुरक्षित है। इस विद्यालय में बिजली की समस्या गंभीर है विद्यालय में बिजली संचालित के लिए नवा बाजार वीडियो, स्थानीय विधायक, बिजली कनीय अभियंता, उपायुक्त पलामू को जानकारी दी गई लेकिन अभी तक बिजली आपूर्ति यहां पर बहाल नहीं हुआ है जिस कारण चोरों ने घटना को अंजाम देने में सफल रह रहे हैं।

---

# साप्ताहिक मेला की तैयारी को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार में सोन नदी तट स्थित सूर्यमन्दिर परिसर में मंकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला साप्ताहिक मेला को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में मेला को शांति पूर्वक संचालन पर विस्तृत विचार विमर्श की गयी। इसको लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से वकील सिंह को अध्यक्ष, विवेक प्रसाद गुप्ता को उपाध्यक्ष, संतोष राम को सचिव, दिलीप चौधरी को उपसचिव, संतोष कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष,अंकित कुमार सिंह को उपकोषाध्यक्ष, मनोज प्रसाद गुप्ता, कमलेश साह, अनुज प्रसाद गुप्ता को व्यवस्थापक, गोविंदर सिंह ,मुकेश साह, विवेक, सोनू, सूरज, पवन, गोपाल, चंद्रकांत को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। इसके



अलावा विश्वजीत कुमार, मुन्ना, श्याम, अंकुश, बादल, दीपक, अमन, अजित, विश्वजीत को सक्रिय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस संदर्भ में पंसस सह मेला समिति के सचिव संतोष ने बताया कि इस वार्षिक मेला का आयोजन एक सप्ताह तक चलता है। जिसमे झारखंड व बिहार राज्य के कई गांवों के लोग पहुंचते हैं। मेला का शांति पूर्ण से संचालित करने के लिए कमेटी के लोग सक्रिय रहेंगे। मेला की शुरूआत मंकर संक्रांति से होगी।

**ज्ञान की बात**

**श्री हनुमान जी की भक्ति देखिए। वह सिर नीचे किये रहते हैं। उनका ध्यान अपने स्वामी प्रभु श्रीराम और माता सीता के चरणों की तरफ ही रहता है। कान तेज। आंख नीचे। गदा नीचे। वह श्रवण भाव में ही होते हैं। जब कुछ पूछा जाता है तब ही वह जवाब देते हैं अन्यथा राम-नाम जपते रहते हैं। वह इकलौते भक्त हुए, जिन्होंने प्रभु से कभी कुछ मांगा नहीं और बिना मांगे ही सब कुछ पा गए। -*कुमार विश्वास***

# अदालत व न्यायधीश

**किसी** विवाद या अन्याय की स्थिति में व्यक्ति इंसाफ के लिए न्यायालय की शरण में जाता है। अदालतों में बैठे न्यायाधीश तथ्यों, तर्कों और सबूतों के आधार पर मामले में फैसला सुनाते हैं और उम्मीद की जाती है कि सही पक्ष को इंसाफ मिलेगा। लेकिन अगर खुद न्यायिक अधिकारी ही सबूत पेश करने के मामले में गड़बड़ी करने लगें और उसके आधार पर फैसला सुनाने लगें तो इससे न्याय की उम्मीद धूमिल होती है, न्यायालयों पर से भरोसा कम होता है। लक्षद्वीप के एक पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का जैसा आचरण सामने आया, वह न केवल न्याय की अवधारणा को खंडित, बल्कि हैरान करता है कि अगर न्यायिक अधिकारी गलत सबूत पेश करके मुकदमे का पक्ष तय करें तो इससे कैसा उदाहरण स्थापित होगा। मगर अच्छी बात है कि इस मामले के सामने आने पर केरल उच्च न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी मजिस्ट्रेट, न्यायाधीश और अन्य न्यायिक अधिकारी कानून से ऊपर नहीं है और उसे भी कर्तव्य में लापरवाही के मामले में परिणाम भुगतने होंगे। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने एक आरोपी को दोषी करार देने के लिए मुकदमे में कथित रूप से साक्ष्य थोपने के मामले में लक्षद्वीप के पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को निलंबित करने का आदेश दिया। आमतौर पर अदालतों में गलत तथ्य, झूठे गवाह और फर्जी सबूत पेश करके मुकदमे को प्रभावित करने की कोशिशें देखी जाती रही हैं। मगर यह माना जाता है कि न्यायाधीश इस स्थिति में कानूनी प्रावधान, प्रक्रिया और व्यवस्था के साथ-साथ अपने विवेक का प्रयोग करके सही और गलत का पक्ष तय करते और उचित फैसला देते हैं। इसके उलट अगर यह स्थिति हो कि खुद न्यायिक मजिस्ट्रेट ही किसी मामले में आरोपी को दोषी करार देने के लिए जाली सबूत गढ़ कर या साक्ष्य थोप कर जालसाजी करे, तो ऐसे मुकदमे में फैसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में अदालत का फैसला स्वाभाविक ही न्याय के हक में नहीं होगा। मुश्किल यह है कि ऐसे किसी एक मामले से भी समूची न्यायपालिका की छवि पर असर पड़ता है और लोगों के बीच यह धारणा बनती है कि कोई न्यायिक मजिस्ट्रेट जब इस तरह की कर्तव्यहीनता कर सकता है तो न्याय

**पिछले दिनों हाईकोर्ट ने एक आरोपी को दोषी करार देने के लिए मुकदमे में कथित रूप से साक्ष्य थोपने के मामले में लक्षद्वीप के पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को निलंबित करने का आदेश दिया...**

की उम्मीद लेकर कहां जाया जाए। इसलिए केरल हाईकोर्ट ने इस मामले में जो रुख अख्तियार किया, वह राहत देता है। इससे यह उम्मीद बरकरार रहती है कि गलत आचरण का आरोपी भले ही न्यायिक मजिस्ट्रेट क्यों न हो, वह न्याय की परिधि से ऊपर नहीं है। यों न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मसले पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। खासकर निचली अदालतों में इस समस्या की जटिलता को लेकर चिंता जताई जाती रही है। लेकिन अब भी इस दिशा में ठोस पहलकदमी सामने नहीं आई है, जिससे न्यायिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर पूरी तरह रोक लग सके।

# साउथ चाइना-सी बन रहा जंग का पलीता



**नए** साल से ठीक पहले जिस तरह दक्षिणी चीन सागर के ऊपर चीनी नौसेना के एक जे-11 विमान और एक अमेरिकी जासूसी विमान के महज दस फुट की दूरी से होकर गुजर जाने की खबर आई- दोयम दर्जे के कुछ पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने तो सनसनीबाजी में 'शूटडाउन' की सुर्खियां भी जड़ दीं- उससे लगता है कि सन 2023 में यह इलाका दुनिया के लिए यूक्रेन और ताइवान जितनी ही बड़ी चिंता का विषय बन सकता है। हालात पिछले साल भी इसी तरफ बढ़ते दिख रहे थे। बात-बात पर दक्षिणी चीन सागर में तनाव बन जा रहा था। लेकिन फरवरी 2022 में आयोजित पेइचिंग शीतकालीन ओलिंपिक्स से घटनाओं की दिशा अचानक बदल गई। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इसके उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने आए अपने रूसी समवर्ती व्लादिमीर पूतिन से आपसी सहयोग की कोई सीमा न होने की बात कही, 20 फरवरी को खेल समाप्त हुए और 24 फरवरी को रूसी फौजें यूक्रेन पर चढ़ गईं।

**छिटपुट युद्ध :** कम्युनिस्ट चीन के असाधारण विकास की एक बड़ी वजह यह बताई जाती है कि उसने लड़ाइयों पर पैसे बहुत कम खर्च किये। इसका अर्थ यह नहीं है कि पिछले 75 वर्षों में चीन किसी लड़ाई में गया ही नहीं है। अपनी स्थापना के थोड़े ही समय बाद कोरिया में अमेरिकी फौजों के खिलाफ लड़े गये चीनी जनमुक्ति सेना के लगभग प्रत्यक्ष युद्ध के बाद 1962 के भारत-चीन युद्ध और 1979 के चीन-विएतनाम युद्ध से दुनिया वाकिफ है। लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से ही घिसाव-थकाव वाली लंबी लड़ाइयों की जैसी परंपरा हम देखते आ रहे हैं, उनसे तुलना करके देखने पर ये सारे युद्ध छोटी-मोटी सीमावर्ती झड़पों जैसे ही नजर आते हैं। चीन की रणनीति अभी तक लंबे टकरावों में उलझने के बजाय धीरे-धीरे वर्चस्व बढ़ाने, पड़ोस के छोटे-छोटे इलाकों को नियंत्रण में लेकर उनपर अपने कब्जे को पक्का करते जाने और अपना कूटनीतिक व्यहार किसी सैन्य शक्ति से ज्यादा व्यापारिक शक्ति जैसा ही रखने की रही है।

**दिसंबर 2022 के तीसरे हफ्ते में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से यह खबर जारी की कि कोरोना के दौर में जब दुनिया का समुद्री व्यापार लगभग ठप पड़ गया था और समुद्रों पर की जाने वाली टोही गतिविधियां भी मंद हो चली थीं, तब चीन इस समय का सदुपयोग दक्षिणी चीन सागर में अपने नये सैनिक अड्डों के लिए जमीन तैयार करने में कर रहा था...**

इन दिनों



चंद्रभूषण

**बदलती रणनीति :** दक्षिणी चीन सागर की स्थिति बता रही है कि इस रणनीति का प्याला अभी या तो भर चुका है, या भरने के करीब है।

दिसंबर 2022 के तीसरे हफ्ते में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से यह खबर जारी की कि कोरोना के दौर में जब दुनिया का समुद्री व्यापार लगभग ठप पड़ गया था और समुद्रों पर की जाने वाली टोही गतिविधियां भी मंद हो चली थीं, तब चीन इस समय का सदुपयोग दक्षिणी चीन सागर में अपने नये सैनिक अड्डों के लिए जमीन तैयार करने में कर रहा था। इस विवादित सागर क्षेत्र के कई इलाके, जहां कुछ समय पहले तक जब-तब गुजरने वाले मछलीमार जहाजों के अलावा अछोर, एकरस गहरा नीला पानी ही नजर आता था, वहां अभी समुद्र से बाहर निकले हुए छोटे-छोटे समतल द्वीप दिखाई दे रहे हैं। इन्हें छिछले सागर तल की रेत और आसपास मौजूद मूंगा भित्तियों के मलबे से बनाया गया है, और एक बात तय है कि छोटे-मोटे फौजी ठिकानों के रूप में ये जितना चीनी फौज को फायदा पहुंचाएंगे, उससे कहीं ज्यादा यहां से होने वाले विश्व व्यापार के लिए अड़चनों का सबब बनेंगे। दक्षिणी चीन सागर के नाम में 'चीन' उसी तरह आता है, जैसे हिंद महासागर के नाम में 'हिंद' आता है। नाम के आधार पर कोई देश किसी समुद्र पर अपना दावा नहीं ठोक सकता। छोटे द्वीपों पर टकराती दावेदारियां बीसवीं सदी के शुरूआती हिस्से में हर जगह समस्या बनी हुई थीं लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की शांति प्रक्रिया ने ऐसे अधिकतर विवादों का अंत कर दिया। अमेरिका के फौजी फैलाव ने दिएगो गार्सिया जैसी कुछ नई समस्याएं पैदा कीं लेकिन जैसे-तैसे उनका भी निपटारा हो गया। अभी तीस साल पहले तक दक्षिणी चीन सागर की उथली संरचनाओं पर चीन की कोई दावेदारी सुनने में नहीं आती थी। वैसे भी झगड़े की जड़ बनने के अलावा पहली नजर में इनकी कोई खूबी दिखाई नहीं पड़ती। चीन की मुख्यभूमि से ये काफी दूर हैं और फिलीपींस, विएतनाम, ब्रुनेई और कुछ अन्य दक्षिण एशियाई देशों के मछुआरे इनका उपयोग अपने जाल सुखाने में करते आ रहे हैं। **मसला क्यों है नाजुक :** फिर अचानक चीन के जंगी जहाज यहां दिखने लगे और अपने दावे के पक्ष में उसने राजशाही के दस्तावेज निकाल लिए। ध्यान रहे, यह मामला कुछ द्वीपों पर चीन के दावे तक सीमित नहीं है। चीन का दावा पूरे दक्षिणी चीन सागर पर है, जिसकी पुष्टि के लिए नए द्वीप खड़े कर देने जैसे हथकंडे भी वह अपना रहा है।

**बोधि वृक्ष**

## सुनें कहानी श्री हनुमान की

**(गतांक से आगे)**

श्री राम की मदद से सुग्रीव ने अपने बड़े भाई बाली को मार डाला और किशकिंधा की गद्दी फिर से हासिल कर ली। इसके बदले में सुग्रीव ने श्री राम को सीता को खोजने में मदद का वचन दिया। सीता को खोजने में श्री राम की सहायता करने के लिए सुग्रीव ने भालुओं और बंदरों की फौज बनाई। जब जटायु से पता चला कि रावण ने सीता का अपहरण कर लिया है, जिसका राज्य सागर के पार था तो सवाल उठ रहा था कि कौन सागर पार कर सकता है और सीता के समाचार और ठिकाने लेकर वापस आ सकता है? तब जाम्बावंत, भालुओं के राजा ने हनुमान को अपनी विभिन्न शक्तियों की याद दिलाई, जिसे वह ऋषियों के श्राप के कारण भूल गए थे। तब हनुमानजी ने सागर के पार उड़ान भरी, लंका में सीता से मुलाकात की, राम की अंगूठी उन्हें दी और आश्वासन दिया कि राम अपने सैनिकों के साथ आएंगे और रावण को हराने के बाद उसे वापस ले जाएंगे । श्री राम को सीता माता का पता और हाल सुनाने वापस चल दिए। श्री राम की इच्छानुसार सागर के उस पार एक सेतु बनाया गया था और राम और रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ था। लड़ाई के दौरान लक्ष्मण मूर्छित हो गए। लक्ष्मण के इलाज के लिए आवश्यक एक विशिष्ट जड़ी बूटी (संजीवनी जदीबुती) लाने के लिए एक बार फिर हनुमान ने द्रोणाचल पर्वत की ओर उड़ान भरी।

**(क्रमशः)**

# रूढ़ियां कब से कर्म का धर्म बनने लगीं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपनी मां हीराबेन के निधन के बाद जिस ढंग से पहले पुत्र धर्म और फिर राजधर्म निभाया, उसी पर सवाल उठाये जा रहे हैं। कुछ लोगों को इस बात पर आपत्ति है कि प्रधानमंत्री ने मां की मृत्यु पर सूतक क्यों नहीं मनाया और सरकारी कार्यक्रम में क्यों चले गये? यानी इन लोगों के मुताबिक उन्हें सिर मुंड़वा कर क्रिया-कर्म में लग जाना चहिए था। जाहिर है, इन लोगों की नजर में राजधर्म से भी बड़ा सूतक धर्म हो गया है।

**शंकराचार्य का मार्ग :** जब आदि गुरु शंकराचार्य केदारनाथ धाम में थे, उन्हें पता चला कि केरल के उनके गांव कालानी मे उनकी मां बहुत बीमार हैं। बीमार मां की सेवा करने के लिए आदि गुरु शंकराचार्य तत्काल अपने गांव अपने गांव की ओर चल दिये। गांव पहुंचकर उन्होंने मां की सेवा की। तब भी समाज के कुछ ठेकेदारों ने उनका यह कहकर विरोध किया था कि वह संन्यासी धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं। संन्यास के बाद कोई रिश्ते-नाते नहीं होते, क्योंकि संन्यास तो पिंडदान कर के ही लिया जाता है। फिर मां का रिश्ता कैसा? लेकिन शंकराचार्य इन आलोचनाओं से विचलित नहीं हुए और कहा कि मां की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने मां की सेवा की। जब मां नहीं रहीं तो उनकी अंत्येष्टि का भी कई लोगों ने विरोध किया। लेकिन आदि गुरु अपने कंधों पर लादकर मां का पार्थिव ले गये और उनकी अंत्येष्टि की। इसके बाद उन्होंने और कोई संस्कार नहीं किया, न सूतक के चक्कर में पड़े। क्या आदि गुरु का मार्ग अनुकरणीय नहीं है?

**टूटती रूढियां :** अभी कुछ ही वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री और बीजेपी के शीर्ष नेता अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर उनकी दत्तक पुत्री ने मुखाग्नि दी थी। हालांकि श्मशान घाट में महिलाओं का जाना भी वर्जित माना जाता है। तब भी तमाम सवाल उठाये गये थे। कट्टरपंथियों ने उस वक्त भी इसकी आलोचना की थी, लेकिन समाज ने इन आलोचनाओं को स्वीकार नहीं किया। अपना समाज पहले ही रूढियों से जकड़ा हुआ है, और अब उसे ज्यादा बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। अब बहुत सी लड़कियां बाहर निकल कर आ रही हैं जो रूढियों को तोड़ना चाहती हैं और अपने माता-पिता की मृत्यु पर उनका अंतिम संस्कार कर रही हैं।

**कृष्ण मार्ग :** महाभारत में जब अभिमन्यु वध हो गया तो क्या अर्जुन सूतक काल मनाने बैठे थे? उन्होंने तत्काल यह संकल्प ले लिया कि अगले दिन सूर्यास्त के पहले तक अगर जयद्रथ का वध नहीं कर सके तो स्वयं चिता में भस्म हो जाएंगे। श्रीकृष्ण ने उन्हें तो नहीं रोका। श्रीकृष्ण ने तब भी कर्म की बात कही, पाखंडों के खिलाफ खड़े हुए। श्री कृष्ण का पूरा जीवन ही पाखंड के खिलाफ खड़ा है। वह तमाम देवी-देवताओं की पूजा का विरोध करते हैं और उन गिरिराज की

**महाभारत में जब अभिमन्यु वध हो गया तो क्या अर्जुन सूतक काल मनाने बैठे थे? उन्होंने तत्काल यह संकल्प ले लिया कि अगले दिन सूर्यास्त के पहले तक अगर जयद्रथ का वध नहीं कर सके तो स्वयं चिता में भस्म हो जाएंगे। श्रीकृष्ण ने उन्हें तो नहीं रोका। श्रीकृष्ण ने तब भी कर्म की बात कही, पाखंडों के खिलाफ खड़े हुए। श्री कृष्ण का पूरा जीवन ही पाखंड के खिलाफ खड़ा है।**

दौर-जमाना



बृजेश शुक्ल

पूजा के लिए कहते हैं जो प्रकृति के प्रतीक हैं।

**कबीर का रास्ता :** कबीर तो उस परंपरा को ही चुनौती देते हैं जिसमें कहा है कि बनारस में ही मरने से मुक्ति मिलती है। मृत्यु के समय वह उस मगहर में जाकर बस गए, जिसके बारे में कहा जाता है कि वहां मरने से नर्क मिलता है। तब भी तमाम पोंगा पंथियों ने कबीर का विरोध किया था। ऐसे कई मामले देखने को मिलते हैं जिनमें बच्चे जीते जी तो अपने माता-पिता की सेवा नहीं करते, उनकी इच्छाओं की पूर्ति नहीं करते और मरने के बाद रीति-नीति की औपचारिकताओं से इसकी कसर पूरी कर देना चाहते हैं। चैतन्य महाप्रभु ने मां की मृत्यु के बाद कोई सूतक नहीं मनाया लेकिन संन्यासी होते हुए भी वह मां के जिंदा रहते लगातार उनसे मिलते रहे। वह मां से मिलने के लिए ही बंगाल के शांतिपुर आते थे। संन्यासी धर्म से कहीं बड़ा उनके लिए मातृ धर्म था और इसीलिए उन्होंने किसी के कुछ कहने-बोलने की परवाह नहीं की। हमें भी रूढियों के बजाय मानवीय संवेदनाओं की तरफ चलना होगा। मृत्यु के बाद क्या है, वहां की दुनिया कैसी है इसका उत्तर तो यमराज भी नचिकेता को नहीं दे पाये थे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

फोटो की दुनिया



ट्वीट-ट्वीट




फेसबुक वॉल से




# जलवायु परिवर्तन पर खोखली चिंतायें

**सब** कुछ जानते-समझते हुए भी दुनिया के तमाम ताकतवर देश और पर्यावरण हितैषी संगठन तापमान नियंत्रण की चिंता छोड़ कर अपना हित और व्यापार देख रहे हैं। जिस बैठक में मिस्त्र से एक बेहतर संकेत निकलना चाहिए था, हरित ऊर्जा पर जोर होना चाहिए था, ताकि जलवायु का बिगड़ता संतुलन और न बिगड़े, वह दिखा नहीं। पिछली डेढ़ सदी में हमने तरक्की की जो मिसाल कायम की है, वह सब कुछ पर्यावरण की कुबार्नी देकर हासिल हुआ है। नतीजा सामने है। हवा, पानी, जमीन और जंगल को लेकर हर कहीं चिंता पैदा हो गई है। हालांकि आबोहवा में तब्दीली हमें महसूस तो पचास साल पहले ही होने लगी थी, लेकिन उसे लगातार नजरअंदाज करने का नतीजा यह है कि धरती खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी है। गर्मी, बारिश, सूखा, बाढ़, ठंड के बेवक्त और जबरदस्त प्रकोप से डगमगाए संतुलन ने घबराहट पैदा कर दी है। अब जब थोड़ा चेते हैं, तो रस्मअदायगी के सम्मेलनों की बाढ़-सी आ गई है। मगर जो हाल है और जैसा चल रहा है अगर वैसा ही चलता रहा तो जलवायु परिवर्तन पर होने वाले तमाम सम्मेलन और दूसरी गतिविधियां कहीं महज उत्सव बन कर न रह जाएं। आज बात भले पृथ्वी के बढ़ते तापमान, उसमें भी 1.5 डिग्री सेल्सियस, को लेकर हो या इससे उपजे दूसरे दुष्परिणामों की, पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर तरक्की हासिल करने तथा बचे-खुचे संसाधनों के दोहन से पीछे हटने को कोई तैयार नहीं है। औद्योगिक क्रांति की बढ़ती भूख, खासकर धरती पर मौजूद संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के न जाने कितने दुष्परिणाम भोग कर भी चुप्पी साधे रहना धरती के साथ हमारा कैसा इंसाफ है? ऐसे दुष्परिणामों की भरपाई तो दूर, पहले कुछ सोचा नहीं और अब जब सोचा जा रहा है, तो सोचने का दिखावा हो रहा है। वाकई काफी देर हो चुकी है। फिर भी हम हैं कि मानते नहीं और इसी होड़ में विकास से ज्यादा विनाश की इबारत लिख रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि जैसे ही पर्यावरण असंतुलन का अहसास होने लगा, तुरंत चरणबद्ध तरीके से गलती सुधारने में जुट जाना था। मगर यह हुआ नहीं, जागरूकता पैदा करने के नाम पर दुनिया भर में बड़े-बड़े संगठन बन गये, कोष इट्ठा हुए, एजंडे तय हुए। उससे लगा कि धरती के साथ न्याय होगा। मगर कितना न्याय हुआ, नतीजा सबके सामने है। महीने भर पहले पूरी दुनिया की उम्मीदें संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में मिस्त्र के शर्म अल-शेख में आयोजित विश्व जलवायु सम्मेलन पर टिकी थीं। उम्मीद थी कि पिछली छब्बीस बैठकों के मुकाबले इसमें कुछ ठोस जरूर होगा। वजह भी थी कि बीते साल भर में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी जितनी भी घटनाएं हुईं, उनको सबने देखा, महसूस किया और चिंता में डूबे दिखे। मगर जब मिस्त्र में सब जुटे तो जलवायु परिवर्तन पर गंभीर चिंता के बजाय अमेरिका की अफ्रीका से नई पाइप लाइनें बिछा कर जीवाश्म गैसें लाने की दिलचस्पी सुर्खियों में रही। अक्षय ऊर्जा पर कोई ठोस बहस नहीं हुई। निश्चित रूप से जो मौजूदा परिस्थितियां हैं, उससे तो यही लगता है कि कहीं ऊर्जा संकट जलवायु संकट पर भारी न पड़ जाए। जलवायु परिवर्तन से नुकसान की भरपाई को लेकर इतने मतभेद उभरे कि लगने लगा कि कोई निष्कर्ष निकल भी पायेगा या नहीं। 'क्षरण और क्षति' पर पूरी बहस केंद्रित थी, जिसकी भरपाई कार्बन उत्सर्जन के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार देशों से कराने की मांग थी। सहमति न बन पाने और मतभेद ज्यादा होने से बैठक को एक दिन और बढ़ाना पड़ा। अब भरपाई कैसे हो पायेगी, यह वक्त बतायेगा। फिलहाल धरती की बिगड़ती हालत के परिणामों में कहीं कोई कमी दिखती नहीं है। भावी पीढ़ी को लेकर कपट भरी चिंताएं या दिखावा धरती के अस्तित्व के लिए बेहद गंभीर संकेत हैं। अगर अफ्रीकी द्वीप समूह से आवाज उठती है कि वे जीवाश्म ईंधन पर निर्भर औद्योगीकरण से दूर रहेंगे और अमीर देशों के मनमाने और औपनिवेशिक हितों, खासकर यूरोपीय देशों का सताया नहीं कहलायेंगे, तो बुरा क्या है? इधर अमेरिका है कि येन केन प्रकारेण अफ्रीका से नई गैस पाइपलानें बिछाने के लिए अरबों डालर का निवेश करना चाहता है।

**औद्योगिक क्रांति की बढ़ती भूख, खासकर धरती पर मौजूद संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के न जाने कितने दुष्परिणाम भोग कर भी चुप्पी साधे रहना धरती के साथ हमारा कैसा इंसाफ है? ऐसे दुष्परिणामों की भरपाई तो दूर, पहले कुछ सोचा नहीं और अब जब सोचा जा रहा है, तो सोचने का दिखावा हो रहा है। वाकई काफी देर हो चुकी है...**

जलवायु की बात



ऋतुपर्ण दवे

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### आज मुंबई में रोड शो, सीएम योगी खुद करेंगे अगुवाई

# योगी ने खुद संभाली मुंबई रोड शो की बागडोर

**देश के बड़े निवेशक देख रहे उत्तर प्रदेश की ओर**

**विदेशों में सफल रोड शो के बाद अब मुंबई से होगी घरेलू रोड शो की शुरूआत**

**गुरुवार को रोड शो के साथ-साथ देश के बड़े उद्योगपतियों से मिलेंगे सीएम योगी**

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश लाने की कमान अब खुद संभाल ली है। विदेशों में टीम योगी के सफल रोड शो के बाद 5 जनवरी यानी गुरुवार से देश के 9 बड़े महानगरों में रोड शो की शुरूआत होने जा रही है। सबसे पहले मुंबई में इस रोड शो का नेतृत्व स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस रोड शो के दौरान सीएम मुंबई में उद्योग जगत के दिग्गजों से मुलाकात करेंगे और फरवरी में लखनऊ में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शिरकत करने के लिए उन्हें आमंत्रित करेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और अवसरों के बारे में भी अवगत कराएंगे। निवेशकों के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी सिनेमा जगत के लोगों से मिलकर नोएडा में बन रही फिल्म सिटी पर भी चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि सीएम योगी के इस रोड शो के माध्यम से



**मुकेश अंबानी, सज्जन जिंदल, जीनल मेहता, अजय पीरामल समेत दिग्गज होंगे शामिल**

**बड़े बैंकर्स और फिनटेक प्लेयर्स के साथ होगा सीएम का संवाद**

**फिल्म जगत से जुड़े बड़े प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और कलाकारों से भी होगी बातचीत**

उत्तर प्रदेश को बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव प्राप्त होंगे। उल्लेखनीय है कि दिसंबर में सीएम योगी के मार्गदर्शन में 16 देशों के 21 शहरों में गए मंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों के 8 प्रतिनिधिमंडलों ने 7.12 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए थे। इसी क्रम में अब देश के 9 बड़े शहरों में रोड शो का आयोजन किया जा रहा है।

#### जारी रहेगा बैठकों का दौर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुंबई में गुरुवार की सुबह से ही एक्टिव रहेंगे। अपने दिन की शुरूआत सीएम राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के साथ करेंगे। यह मुलाकात आम शिष्टाचार से संबंधित होगी। इसके बाद वह होटल ताज में ही विभिन्न बैंकों के अधिकारियों से भेंट करेंगे। दोपहर 12 से 2 बजे तक सीएम जीआईएस रोड शो में प्रतिभाग करेंगे। 2 घंटे तक चलने वाले इस रोड शो में विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्हें यूपी में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस के बारे में जानकारी दी जाएगी। शाम को सीएम योगी फिल्म इंडस्ट्री के निमार्ता, निर्देशकों व कलाकारों से भेंट करेंगे।

#### 17 बीटूजी मीटिंग्स करेंगे सीएम योगी

सीएम योगी के शेड्यूल के अनुसार रोड शो से पहले और बाद सीएम विभिन्न उद्योगपतियों के साथ वन टू वन मुलाकात भी करेंगे। यह मुलाकात बिजनेस टू गवर्नमेंट (बीटूजी) के आधार पर होगी। शेड्यूल के अनुसार कुल 17 बीटूजी मीटिंग्स का कार्यक्रम तय है। रोड शो से पहले उनकी मुलाकात आदित्य बिडला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला, पीरामल एंटरप्राइज लि. के चेयरमैन अजय पीरामल, जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल, टोरेंट पॉवर के एमडी जीनल मेहता और हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ दर्शन हीरानंदानी से होगी। रोड शो के बाद सीएम टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, पारले एग्रो के चेयरमैन प्रकाश चौहान व एमडी शॉना चौहान, अडाणी पोर्ट्स एंड सेज लि. के सीईओ करन अडाणी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के चेयरमैन मुकेश अंबानी और गोदरेज इंडस्ट्रीज के एग्जिक्यूटिव चेयरममैन पिरोजशा गोदरेज के साथ मुलाकात करेंगे।

#### देर शाम तक चलेगा बैठकों का दौर

इन मीटिंग्स के बीच में वोकहॉर्ट के चेयरपर्सन हबील एफ खोरकीवाला, इंडियन मर्चेंट चैंबर्स के प्रेसीडेंट अनंत सिंहानिया, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के डॉ. तुषार मोतीवाला, स्टार एंड डिज्नी इंडिया के उदय शंकर, ध्रुव एडवाइजर्स के फाउंडर व सीईओ दिनेश कानाबार, केकेआर इंडिया के सीईओ संजय नायर और एवर्स्टन ग्रुप के वाइस चेयरमैन धनपाल झावेरी का प्रतिनिधिमंडल भी सीएम से मुलाकात करेगा। इसके अलावा हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा, हिंदुस्तान यूनिलिवर लि. के सीईओ व एमडी संजीव मेहता, रैमकी ग्रुप ऑफ कंपनीज के फाउंडर अला अयोध्या रामी रेड्डी, हीरो साइकिल के पंकज मुंजाल, आरपीजी एंटरप्राइज (सिएट टायर्स) के वाइस चेयरमैन व एमडी अनंत गोयनका और लार्सेन एंड्र टूब्रो लि. के सीईओ व एमडी एस एन सुब्रमण्यम के साथ भी सीएम का देर शाम तक बैठकों का दौर चलेगा। इसके माध्यम से मुख्यमंत्री योगी इन उद्योगपतियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों की जानकारी देंगे और उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

#### फिल्म सिटी के प्रमोशन को लेकर भी होगी चर्चा

गुरुवार को ही बैठकों के बीच सीएम योगी की फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ मुलाकात होगी। इस अवसर पर मेहमानों को फिल्म बंधु और फिल्म सिटी पर शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी, जिसमें इस प्रोजेक्ट के विषय में जानकारी होगी। इस दौरान सीएम योगी इन प्रतिनिधियों से फिल्म सिटी के प्रमोशन व इन्वेस्टमेंट को लेकर चर्चा करेंगे। फिल्म जगत से जिन लोगों को इस मुलाकात के लिए आमंत्रित किया गया है, उनमें प्रोड्यूसर बोनी कपूर, कुमार मंगत पाठक, निमार्ता व निर्देशक सुभाष घई, विनोद बच्चन, राहुल मित्रा, निर्देशक नारायण सिंह, अनिल शर्मा, दीपक मुकुट, लेखक व निर्देशक चंद्र प्रकाश द्विवेदी, निमार्ता-निर्देशक मुकेश छाबड़ा व प्रोड्यूसर और एडलैब्स के फाउंडर व एमडी मनमोहन शेट्टी शामिल हैं। अभिनेता व गोरखपुर के सांसद रवि किशन, राजपाल यादव, परेश रावल, मनोज जोशी, सतीश कौशिक, जैकी श्राफ, सुनील शेट्टी, जैकी भगनानी, आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, अर्जन बाजवा और राहुल देव भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा गीतकार मनोज मुंतशिर, समीर अंजान, गायक उदित नारायण व कैलाश खेर भी इस मीटिंग का हिस्सा होंगे। फिल्म जगत के साथ-साथ सीएम योगी ओटीटी, स्टूडियोज व अन्य एक्टिविटीज से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे। इनमें वायकाम 18 से अजीत अंधारे, लाइका प्रोडक्शन के सीईओ आशीष सिंह, जी ग्रुप के एमडी के एडवाइजर और प्रोड्यूसर जतिन सेठी, सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल के हेड लदा गुरुदेन सिंह, अमेजन प्राइम के कंट्री हेड गौरव गांधी, अमेजन प्राइम की हेड ऑफ इंडिया ओरिजिनल्स अपर्णा पुरोहित, जियो स्टूडियो के हेड ऑफ इंडिया ओरिजिनल्स तेजकरन सिंह बजाज, प्रोड्यूसर गिल्ड के प्रेसीडेंट शिबाशीष सरकार और सीईओ नितिन तेज आहूजा भी उपस्थित रहेंगे।

---

**NEWS इन ब्रीफ**

#### नवादा सांसद चंदन ने गृह मंत्री से मिल विकास के रखे मुद्दे



**नवादा।** नवादा के सांसद चंदन सिंह ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर बिहार की विधि व्यवस्था के साथ ही नवादा संसदीय क्षेत्र के विकास की कई मुद्दों की जानकारी देते हुए उत्थान के लिए कार्रवाई की मांग की है। सांसद चंदन सिंह ने नवादा संसदीय क्षेत्र के विकास के 1 दर्जन से अधिक मुद्दों को रखते हुए केंद्र सरकार से भी पहल की मांग की है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर केंद्र सरकार खासकर अमित शाह ने कई मामलों के निपटारे का आश्वासन दिया।

#### सारण में युवक की चाकू मारकर हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि गुरदाहां गांव निवासी राहुल कुमार (24) को मंगलवार की रात कुछ लोग बुलाकर ले गये और चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। घायल युवक को सदर अस्पताल छपरा में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

#### पश्चिमी चंपारण में नीतीश कुमार का दो दिन का दौरा

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण में बिहार के सीएम के दो दिन के आगमन को लेकर बुधवार सुबह से ही जिले के सभी विभाग के कर्मी एवं अधिकारी तत्पर दिखे। कोई किसान अपने खेतों में पराली नहीं जलावे इसको लेकर कृषि कर्मी जगह जगह तैनात दिखे और किसानों को किसान सलाहकार पराली नहीं जलाने को लेकर समझाते दिखे। वही दूसरी तरफ गांव से मुख्य मार्ग में आने वाले लिंक रोड पर पुलिस कर्मी मौजूद रहे ताकि सड़क पर किसी प्रकार की जाम की समस्या उत्पन्न नही हो सके। चौतरवा थानाध्यक्ष स्वयं मुख्य मार्ग पर गस्ती कर पल पल की खबर लेते देखे गए।ताकि मुख्य मार्ग पर किसी प्रकार की परेशानी नही हो सके क्योंकि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंगलवार शाम से लेकर बुधवार तक छोटे बड़े अधिकारियों का आने का सिलसिला जारी रहा।

---

## बिजली चोरी रोकें, बुनकरों को बिल में दें सब्सिडी : योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में ढाई लाख से ज्यादा की संख्या में बुनकर पॉवरलूम से जुड़े हुए हैं। यही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। हमें इस व्यवस्था को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी को रोकते हुए प्रदेश के बुनकरों को बिजली के बिल में आवश्यक सब्सिडी दी जाए। सीएम योगी ने कहा कि पॉवर कॉर्पोरेशन इसको लेकर व्यवस्था बनाएं।

सीएम ने बुधवार को एमएसएमई बुनकर योजना के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। इस दौरान बिजली की खपत और उस पर दी जाने वाली सब्सिडी को लेकर सीएम ने अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि



बुनकरी व्यवसाय से जुड़े प्रदेश के बड़े सेंटर जैसे अम्बेडकर नगर, वाराणसी, मऊ, गोरखपुर, मेरठ आदि जिलों के सम्भ्रांत बुनकर व्यवसायियों से बात करें और उनकी राय लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकरों के लिए विद्युत खपत की योजना को नेट बिलिंग के साथ जोड़ते हुए सोलर पावर की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। हम अभी सोलर पैनल के इंस्टाल के लिए 30 हजार रुपए तक सब्सिडी दे रहे हैं। इसके लिए बुनकरों को प्रोत्साहित करें। मिशन मोड पर इस पर काम करें। पावर कंजम्पशन का मूल्य हर हाल में पावर कारपोरेशन को मिले यह भी सुनिश्चित करें। सीएम योगी ने कहा कि हमारे बुनकर आज भी पुरानी तकनीक पर कार्य कर रहे हैं। मार्केट में आज नई तकनीक और डिजाइन आ गयी हैं। बुनकरों को जल्द से जल्द अपग्रेड करते हुए उनके उत्पादों को समयानुकूल बनाएं। उनके डिजाइन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

#### गोशालाओं के लिए बनाएं सेल्फ सस्टेनेबल मॉडल: सीएम योगी

**योगी** ने कहा कि गोशाला चलाने के लिए उसकी अर्थव्यवस्था बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए एक सेल्फ सस्टेनेबल मॉडल बनाया जाए। उन्होंने ने कहा कि गोशालाओं का निर्माण पीपीपी मोड पर किया जाए। साथ ही उन्हें नेचुरल फार्मिंग, गोबर पेंट, सीएनजी और सीबीजी से जोड़ा जाए। इससे गोशालाएं आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगी और गायों के रखरखाव एवं पालन पर आने वाला खर्च खुद उठा सकेंगी। गोशाला संचालन के लिए इच्छुक एनजीओ के साथ एमओयू करें और उन्हें आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराएं।

## शराब के नशे में फायरिंग, एक युवक की मौत, दो घायल

**भिण्ड।** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में शराब के नशे के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नयागांव थाना क्षेत्र में दो पक्षों में हुए विवाद में फायरिंग से विष्णु नामक एक युवक की मौत हो गयी। जबकि विकास व गोलू घायल हो गए। विष्णु को ग्वालियर उपचार के लिए ले जाया जा रहा था। बीच रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार इस मामले में पिंटू शर्मा के खिलाफ आज हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## डिवाइडर से टकराई कार महिला समेत 3 की मौत



**एजेंसी। गुना**

मध्य प्रदेश के गुना जिले के चाचौड़ा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यहां एक तेज रफ्तार कार पुलिया पर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे का कारण घना कोहरा होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की पड़ताल में जुट गई है। जानकारी अनुसार हादसा चाचौड़ा के नेशनल हाइवे 46 पर हुआ। मारूति सुजुकी की डीजायर कार क्रमांक एमपी 09 सीजेड 4902 देपालपुर से आगरा की तरफ जा रही थी। इस दौरान सुबह करीब सात बजे रानीखेजड़ा गांव के पास कार पुलिया पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक इंदौर के देपालपुर से आगरा जा रहे थे। मारे गए लोगों में दिनेश दास निवासी आश्रम बिजूर (धार), ड्राइवर सचिन निवासी देपालपुर (इंदौर) और नीलम निवासी आगरा (उत्तरप्रदेश) के नाम शामिल है। फिलहाल पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच में जुट गई है।

---

## जल्द ही वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं!

**एजेंसी। पीलीभीत**

पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना तेज होती जा रही है। इस संभावना के मद्देनजर यूपी की सियासत में अचानक तेजी आ गई है। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को राहुल गांधी ने इस संबंध में एक बयान दिया था। यह बयान उस सवाल के आलोक में दिया गया था, जिसमें पूछा गया था कि क्या आपने वरूण गांधी को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है या नहीं। तब राहुल ने इसका जवाब दिया था। राहुल ने कहा था: वरुण गांधी के पार्टी में शामिल होने या नहीं होने का सवाल खड़गे जी से करिये। वैसे तो भारत जोड़ो यात्रा में उनका या सबका स्वागत है, लेकिन वो भाजपा में हैं, उनको दिक्कत हो जाएगी। आपको याद दिला दें कि इस यात्रा के क्रम में ही वरुण गांधी ने एक बयान दिया था। उस बयान में वरुण गांधी ने कहा था: इस देश को जोड़ने की राजनीतिक होनी चाहिए, तोड़ने की नहीं। भाई को भाई से टकराने की राजनीति नहीं होनी चाहिए। लोगों को हिंदू मुसलमान की राजनीति नहीं चाहिए। बेरोजगारी पर बात होनी चाहिए। भूखमरी पर बात होनी चाहिए। इसके अलावा बेरोजगारी पर बात होनी चाहिए।



## बिहार में रेलवे एक्ट में 28 गिरफ्तार, वसूला गया जुर्माना

**बक्सर।** बिहार में बक्सर रेलवे स्टेशन पर बुधवार को मजिस्ट्रेट चेकिंग में 28 रेल यात्रियों को रेलवे एक्ट उल्लंघन मामले में पुलिस ने पकड़ कर जुर्माना वसूला गया। वही नो पार्किंग में वाहन लगाने के जुर्म चार चालक को पकड़ कर जुर्माना वसूला गया है। बताया जा रहा है कि आरा रेल कोर्ट की मजिस्ट्रेट सुश्री शैल अचानक बक्सर रेलवे स्टेशन पहुंच कर जांच अभियान शुरू कर दी। जांच के दौरान महिला रेल बोगी में यात्रा करते 19 रेल यात्री को पकड़ा गया। इसके साथ ही नौ रेल यात्री को अलग अलग रेलवे एक्ट में गिरफ्तार किया।

## पटना में छात्रों पर बरसी लाठियां

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पटना में एक बार फिर से पेपर लीक का मामला सुर्खियों में आ गया है। इसी क्रम में बुधवार को

#### बीएसएससी परीक्षा रद्द करने की कर रहे थे मांग

बीएसएससी पेपर लीक को अभ्यर्थियों सड़कों पर उतरे। छात्रों ने पेपर रद्द कराए जाने की मांग को विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन इस दौरान छात्रों पर पुलिस ने जमकर लाठीचार्ज किया गया है। पुलिस ने छात्रों पर सड़क पर दौड़ा-दौड़ा का डंडे बरसाए। छात्रों पर पुलिस की लाठी चार्ज के बाद अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। छात्र पुलिस की लाठियों से बचने के लिए इधर उधर भागने लगे। जिसके बाद कुछ छात्र



घायल हो गये हैं। इधर पुलिस ने कुछ छात्रों को हिरासत में लिया है। इसका घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छात्रों पर पुलिस जमकर लाठियां भांज रही है। इसके बाद अफरा-तफरी मच जाती है। सभी इधर से उधर भागने लगते है। छात्रों पर लाठिया बरसाने के बाद पुलिस की सफाई भी सामने आ गई है। टाउन डीएसपी अशोक कुमार ने कहा है कि अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण ढंग से मांग रखने का मौका दिया गया था लेकिन छात्रों ने सुरक्षा घेरा को तोड़ते हुए पुलिस पर हमला कर दिया जिसके बाद पुलिस ने छात्रों पर हल्का बल प्रयोग किया है। बता दें कि बीएसएससी सीजीएल के पहले पाली की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। जिसके बाद आयोग ने पहली पाली की परीक्षा रद्द कर दी थी। लेकिन अभ्यर्थियों की मांग है कि सभी पालियों की परीक्षा रद्द की जाए और दोबारा से परीक्षा आयोजित कराई जाए।

## अभिषेक की साली की गिरफ्तारी पर लगी रोक

**कोलकाता।** राज्य के बहुचर्चित कोयला तस्करी मामले में हाईकोर्ट की ओर से अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर की गिरफ्तारी पर लगी रोक को हटाने की मांग लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को याचिका लगाई है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की एकल पीठ में इस मामले पर गुरुवार को सुनवाई होगी। इसके पहले भी ईडी ने इस तरह की याचिका लगाई थी जिस पर हस्तक्षेप करने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया था। दरअसल इस नोटिस को आधार बनाकर मेनका गंभीर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और गिरफ्तारी से राहत पाई थी। उसकी मियाद खत्म हो गई है इसलिए ईडी की ओर से यह याचिका लगाई गई है।

---

**खिचड़ी मेला** | **गोरखनाथ मंदिर के प्रसिद्ध खिचड़ी मेला की तैयारियों का जायजा लिया मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने**

# श्रद्धालुओं के लिए रैन बसेरों व अलाव के हों पर्याप्त इंतजाम

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा है कि गोरखनाथ मंदिर के विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा-सहूलियत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता है। मकर संक्रांति पर लगने वाले एक माह के इस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन पर्याप्त संख्या में रैन बसेरों व अलाव के इंतजाम सुनिश्चित करे ताकि ठंड के मौसम में किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। इस दौरान पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लोगों को कोरोना से सतर्क रहने के लिए भी जागरूक किया जाए। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा बुधवार को पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान के साथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला की तैयारियों का जायजा लेने गोरखपुर आए थे। गोरखनाथ मंदिर परिसर



का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने आयुक्त सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी व एसएसपी ने मेले को लेकर की गई तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि मेले की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए युवाओं की टोलियों व स्वयंसेवियों को भी जोड़कर उनकी मदद ली जाए। एक माह के इस मेले को रोजगार का भी बड़ा अवसर बताते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से वार्ता कर इसकी अवधि को और बढ़ाया जा सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि खिचड़ी मेला व गोरखपुर महोत्सव में स्थानीय उत्पाद, कला, संस्कृति को बढ़ावा देने में कोई कोर कसर न छोड़ी जाए। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने कहा कि फायर टेंडर की जांच करने के साथ अभी से मॉक ड्रिल भी किया जाए। कोशिश हो कि ट्रैक्टर ट्राली से यात्री परिवहन न हो। इसके साथ ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगवाने का अभियान अभी से प्रारंभ कर दिया जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार, मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, आईजी जे रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर, सीडीओ संजय कुमार मीना, नगर आयुक्त अविनाश सिंह, जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

#### गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन कर किया मंदिर व मेला परिसर का निरीक्षण

**मुख्य** सचिव व डीजीपी ने गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद समूचे मंदिर व मेला परिसर का भ्रमण-निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का हाल जाना। कंट्रोल रूम जाकर उन्होंने परिसर की मॉनिटरिंग के इंतजाम को भी परखा।



#### श्रद्धालुओं को होगा बदलते उ.प्र का एहसास

मंदिर परिसर में मीडिया से बात करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि शासन-प्रशासन का प्रयास है कि खिचड़ी के मेले में जो लोग यहां पर आएं उन्हें बेहतर सुविधाएं मिले। श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत न हो। व्यवस्था ऐसी होगी कि यहां आने वाले लोगों को बदलते हुए उत्तर प्रदेश का एहसास होगा। श्रद्धालु आसानी से मंदिर में आकर दर्शन कर सकेंगे। स्वास्थ्य के परीक्षण के लिए डॉक्टरों की तैनाती यहां की जाएगी। इस अवसर पर डीजीपी ने कहा कि लॉकडाउन के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है कि सारी व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एटीएस और एसटीएफ की टीम भी यहां पर लगाई जाएगी। मकर संक्रांति के मौके पर विशेष ट्रैफिक व्यवस्था का इंतजाम किया जाएगा और उसका प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा जिससे आम लोगों को पता हो कि उन्हें अपनी गाड़ियां कहां खड़ी करनी है। गाड़ियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस विभाग पर होगी। पार्किंग में भी सीसी कैमरे लगवाए जाएंगे। पिछले साल एक युवक द्वारा गोरखनाथ मंदिर पर हमले के मामले पर उन्होंने कहा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियां चौकस हैं। उस वक्त भी उसे जल्दी काबू कर लिया गया था और अब और भी सतर्क हैं। साथ ही नेपाल के बॉर्डर इलाकों में भी सतर्कता बरती जा रही है।

# अंतिम सफर : महान फुटबॉलर के अंतिम दर्शन के लिए उमड़े लाखों लोग

### ब्राजील में दुनिया के सबसे बड़े 10 मंजिला कब्रिस्तान में हुआ पेले का अंतिम संस्कार

### 24 घंटे के अंदर 2.3 लाख लोगों ने पेले के अंतिम दर्शन किए

**एजेंसी। सैंटोस**

महान फुटबॉलर पेले का मंगलवार की रात सैंटोस में दुनिया के सबसे बड़े 10 मंजिला कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले 24 घंटे के अंदर 2.3 लाख लोगों ने पेले के अंतिम दर्शन किए। पेले का पार्थिव शरीर मंगलवार शाम को सैंटोस स्टेडियम से कब्रिस्तान मेमोरियल नेक्रोपोले एक्यूमेनिका पहुंचाया गया। शहर में पेले के तबूर को ब्राजील के झंडे से साथ ले जाया गया।

सैंटोस स्टेडियम से मेमोरियल तक पूरे रास्ते में पेले को लोगों ने श्रद्धांजलि दी। पेले को उनकी मां ने भी देखा। पेले का शव उनके घर से होते हुए गया। वहां उनकी मां ने परिवार के साथ पेले को श्रद्धांजलि दी। पेले को मेमोरियल को नेक्रोपोल एक्यूमेनिका वर्टिकल कब्रिस्तान में ले जाया गया है। यह कब्रिस्तान वर्टीकल यानी एक बिल्डिंग की तरह है। यहां पेले की आखिरी इच्छा स्वरुप उन्हें नौवीं मंजिल पर दफनाया जाएगा। पेले के पिता को भी यहीं दफनाया गया था। मेमोरियल की नौवीं मंजिल से सैंटोस स्टेडियम की पिच नजर आती है।



### पेले की मां को नहीं थी निधन की खबर

**पेले** की मां को नहीं पता था कि उनके बेटे की मृत्यु हो गई है। इस बात का खुलासा उनकी बहन ने किया। पेले की मां सेलेस्टे अभी-अभी 100 साल की हुईं। उनकी देखभाल बेटी मारिया लूसिया डो नैसिमेंटो करती हैं। पेले की बहन ने अपनी मां को नहीं बताया कि उनका बेटा कैंसर से जंग हार गया। पेले की मां बेड रेस्ट पर हैं और वे उठ नहीं सकतीं। पेले के कॉफिन को उनके घर से होते हुए ले जाया गया, जहां पेले की मां ने अपने बेटे को अंतिम विदाई दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### उमरान ने स्पीड से लंकाई कप्तान को किया हैरान

**मुंबई।** श्रीलंका के खिलाफ वानखेड़े में मंगलवार को पहले टी-20 में भारत ने दो रन से शानदार जीत दर्ज की, तो कई खिलाड़ियों ने प्रदर्शन से चर्चा बटोरी। इन सबके बीच जम्मू एक्सप्रेस उमरान मलिक ने भी वह असर छोड़ ही दिया, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। जब वह आखिरी ओवरों में बॉलिंग के लिए आए तो चौथी गेंद पर मलिक ने शनाका को चौंका दिया। दरअसल 17वें ओवर की जिस चौथी गेंद पर शनाका आउट हुए, वह मैच की सबसे तेज गेंद रही। इस गेंद के साथ मलिक ने 155 किमी की रफ्तार का छुआ।

### राफेल नडाल तीन सेट में हारे

**मेलबर्न।** 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन राफेल नडाल को नए सीजन में लगातार दूसरे मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। यूनाइटेड कप में ऑस्ट्रेलिया ने स्पेन को 3-2 से हराया। स्पेन अपने ग्रुप में सबसे नीचे है, जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। पुरुष सिंगल्स में स्पेन के नडाल को पहला सेट जीतने के बाद भी हार झेलनी पड़ी। उनको ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने तीन सेट में 6-3, 1-6, 5-7 से हराया। दोनों खिलाड़ी चौथी बार आमने-सामने हुए थे। मिनौर की यह नडाल के खिलाफ पहली जीत है।

### बकिंघम ने मुंबई सिटी के साथ अनुबंध बढ़ाया

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम मुंबई सिटी एफसी ने घोषणा की कि मुख्य कोच डेस बकिंघम ने क्लब के साथ अपने अनुबंध में विस्तार किया है। अनुबंध में दो साल के विस्तार के बाद बकिंघम 2024-25 सत्र के अंत तक टीम के साथ जुड़े रहेंगे। बकिंघम अक्टूबर 2021 में मुंबई सिटी से जुड़े था। वह इससे पहले सिटी फुटबॉल ग्रुप की एक अन्य टीम मेलबर्न सिटी के सहायक कोच थे।

### लाबुशेन और ख्वाजा ने जड़ा अर्धशतक

**सिडनी।** मार्नस लाबुशेन और उस्मान ख्वाजा के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के खराब मौसम से प्रभावित पहले दिन बुधवार को यहां दो विकेट पर 147 रन बनाए। लाबुशेन (79) और ख्वाजा (नाबाद 54) ने दूसरे विकेट के लिए 135 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की आखिरी गेंद पर लाबुशेन का विकेट गंवाया।

### कार्तिक वेंकटरमन बने नेशनल चैम्पियन

**नयी दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के ग्रांड मास्टर कार्तिक वेंकटरमन एमपीएल 59वे नेशनल सीनियर शतरंज के खिताब को जीतने में सफल रहे है। अंतिम राउंड में उन्होने रेल्वे के विशाख एनआर से सफेद मोहरो से बाजी ड्रॉ खेलते हुए 10 अंक बनाकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले 12वें राउंड में उन्होने एक दिन पहले ही ग्रांड मास्टर बने पश्चिम बंगाल के कौस्तुब चटर्जी को पराजित करते हुए एकल बढ़त बनाकर अपना दावा मजबूत कर लिया था।

# अक्षर पटेल को आखिरी ओवर देने पर हार्दिक बोले- हम हार सकते थे मैच

### आखिरी गेंद पर जीता भारत, सांस थामने वाले मैच के रोमांच की पूरी कहानी

### आखिरी ओवर में भारत को 13 रन बचाने थे, हार्दिक ने खुद नहीं की बॉलिंग

**एजेंसी। मुंबई**

तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 में श्रीलंका पर शानदार जीत के बाद भारत के स्टैंड-इन कप्तान हार्दिक पंड्या ने कुछ हैरान करने वाले बयान दिए। कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली और केएल राहुल जैसे बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में हार्दिक पंड्या कप्तानी कर रहे हैं। पहले टी-20 मुकाबले में भारत ने वानखेड़े स्टेडियम में एशिया कप की विजेता श्रीलंका को 2 रन से हरा दिया। मैच रोमांच आखिरी गेंद तक था। पंड्या ने मेजबान टीम के लिए गेंदबाजी आक्रमण की शुरूआत की, जबकि युवा खिलाड़ी शिवम मावी वानखेड़े स्टेडियम में जबरदस्त प्रदर्शन किया। हालांकि, आखिरी ओवर में जब श्रीलंका को 13 रन बनाने थे तो हार्दिक ने खुद ओवर नहीं करते हुए अक्षर पटेल को गेंद पकड़ा दी। भारत ने यह मैच रोमांचक अंदाज में 2 रन से जीता। अक्षर को आखिरी ओवर दिए जाने को लेकर जब पंड्या से सवाल किया गया तो उन्होंने हैरान करने वाली वजह बताई।

उन्होंने कहा- हम गेम हार सकते थे, लेकिन यह ठीक है। मैं इस टीम को कठिन परिस्थितियों में रखना चाहता हूं, क्योंकि इससे हमें बड़े गेम में मदद मिलेगी। द्विपक्षीय मैचों में हम बहुत अच्छे हैं और इस तरह हम खुद को चुनौती देने जा रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो आज सभी युवा खिलाड़ियों ने हमें इस स्थिति से बाहर निकाला। स्पिनर अक्षर ने अंतिम ओवर में 13 रनों का बचाव किया और भारत ने शानदार जीत से सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

मध्यक्रम के बल्लेबाज दीपक हुड्डा (41*) के साथ ऑलराउंडर अक्षर (31*) ने मिलकर बैटिंग में धमाल किया था। इन दोनों के दम पर ही भारत 20 ओवरों में 5 विकेट पर 162 रन तक पहुंच सका था।

सीरीज के पहले मैच में भारत के प्रदर्शन पर कार्यवाहक कप्तान पंड्या ने तेज गेंदबाज मावी की भी तारीफ की, जिन्होंने वानखेड़े में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने डेब्यू मैच में 4 विकेट झटके। उमरान मलिक और हर्षल पटेल ने भी 2-2 विकेट झटके। उन्होंने मावी के बारे में कहा- मैंने उसे (मावी) आईपीएल में अच्छी गेंदबाजी करते देखा है और मुझे पता है कि उसकी ताकत क्या है। मैंने कहा बस अपने आप को समझो और रनों की चिंता मत करो। मैंने उसे सिर्फ गेंदबाजी करने के लिए कहा। मैंने उससे कहा- मैं आपका समर्थन कर रहा हूं। अगर यही स्थिति रही तो मैं नई गेंद लूंगा। पंड्या एंड कंपनी गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट असोसिएशन स्टेडियम में दूसरे टी-20 में दासुन शनाका की अगुवाई वाली टीम से भिड़ेगी।



## भुवनेश्वर पहुंची नीदरलैंड की टीम

**भुवनेश्वर।** एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप की शुरुआत में अब जब 9 दिन बाकी हैं तब नीदरलैंड की टीम बुधवार को भुवनेश्वर पहुंच गई। नीदरलैंड की पुरुष हॉकी टीम बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। टूर्नामेंट 13 से 29 जनवरी तक ओडिशा में होगा। भारतीय टीम सबसे पहले 27 दिसम्बर को ओडिशा पहुंची थी। फिलहाल टीम राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में अभ्यास कर रही है। तीन बार के विश्व चैंपियन नीदरलैंड को मलेशिया, न्यूजीलैंड और चिली के साथ पूल सी में रखा गया है। नीदरलैंड अपना पहला मैच 14 जनवरी को राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में मलेशिया के खिलाफ खेलेगा। पत्रकारों से बात करते हुए नीदरलैंड के कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन ने कहा कि हम यहां आकर बहुत खुश हैं, हमारे पास यहां की अच्छी यादें हैं...चार साल पहले, वास्तव में एक अच्छा टूर्नामेंट खेला था। उम्मीद है कि हम इस टूर्नामेंट में भी अच्छा खेलेंगे। उन्होंने कहा कि यहां के दर्शक बहुत दोस्ताना हैं। इस टूर्नामेंट में कुछ अच्छी टीमें खेलेंगी हैं जैसे बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, भारत के अलावा जर्मनी और अर्जेंटीना।

# मावी का पर्दापण, पहले ही मैच में झटके चार विकेट



### पर्दापण करनेवालों में तीसरे सबसे सफल गेंदबाज बने

**एजेंसी। मुंबई**

श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर के पहले मैच में भारत के तेज गेंदबाज शिवम मावी का शानदार पर्दापण रहा। उन्होंने महज 22 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने डेब्यू पर बेस्ट बॉलिंग के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। मावी भारत के लिए सबसे सफल डेब्यू के मामले में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। सबसे सफल डेब्यू बरिंदर सरन (4/10) का रहा है। इस मामले में पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा (4/21) दूसरे नंबर पर हैं।

शिवम मावी ने मैच के बाद कहा, पहले ओवर में पथुम निसांका को इन स्विंग गेंद पर बोल्ड करना उनका बेस्ट विकेट था। शुरुआती 2 ओवर में 2-2 चौके पड़े। इसके बाद अगली ही बॉल पर विकेट मिला। हर चौके के बाद हार्दिक पंड्या लगातार मोटिवेट कर रहे थे। हार्दिक बोल रहे थे कि बैटर ने अच्छे शॉट मारे हैं। अपनी लाइन पर ध्यान दे और बॉलिंग कर। मैंने भी वैसे ही किया और विकेट मिले।

**सूर्यकुमार यादव का सबसे कम स्ट्राइक रेट :** मैच में सूर्यकुमार यादव ने नया रिकॉर्ड बनाया। सूर्यकुमार यादव ने एक टी-20 पारी में अपने करियर का सबसे कम स्ट्राइक रेट दर्ज कराया। सूर्यकुमार यादव ने 70 के स्ट्राइक से बल्लेबाजी करते हुए 10 बॉल में 7 रन बनाए। 10 या उससे ज्यादा बॉल खेलने के बाद यह उनके टी-20 इंटरनेशनल का सबसे कम स्ट्राइक रेट है। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में सूर्यकुमार ने 18 बॉल पर 100 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। इसके अगले ही मैच में श्रीलंका के खिलाफ सूर्या ने 29 बॉल पर 117 के स्ट्राइक रेट 34 रन बनाए थे। इसके अलावा सूर्यकुमार ने जब भी 10 या उससे ज्यादा खेलीं, तब उनका स्ट्राइक रेट 130 से ज्यादा ही रहा है।

**हार्दिक की कप्तानी में भारत अजेय :** हार्दिक पंड्या की कप्तानी में भारत अब तक एक भी मैच नहीं हारा है। हार्दिक की कप्तानी में भारत ने 6 मैच खेले है। इनमें से 5 मैच टीम ने जीते और एक मैच बारिश के कारण टाई रहा। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के 2 मैच में बाकी है। हार्दिक अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को दोनों मैच जिताकर अपना रिकॉर्ड बरकरार रखना चाहेंगे।

**लगातार छठी बार श्रीलंका के खिलाफ घर में जीते :** श्रीलंका के खिलाफ भारत लगातार छठी बार घर में टी-20 इंटरनेशनल मैच जीता है। श्रीलंका ने भारत के खिलाफ कुल 15 मैच खेले इनमें से भारत ने 12 और श्रीलंका ने 2 मैच जीते। एक मैच बेनतीजा रहा। आखिरी बार टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका ने भारत को 2016 में हराया था।

# विश्व कप 2023 में अहम भूमिका निभाएंगे कोहली और रोहित : गंभीर

**एजेंसी। कोलकाता**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने कहा है कि अक्टूबर में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में विराट कोहली और रोहित शर्मा भारत के लिये अहम भूमिका निभायेंगे। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम रोड टू वर्ल्ड कप ग्लोरी पर एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम के चयन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि बीसीसीआई को सबसे पहले ऐसे खिलाड़ियों को पहचानने की जरूरत है जो निडर रवैये के साथ खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट में हर तरह के खिलाड़ी की जरूरत होगी, ऐसे खिलाड़ियों की भी जो पिच पर टिककर खेल सकते हैं।

विश्व कप 2011 जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे गंभीर ने कहा : खिलाड़ियों की भूमिका बदलने से भी खेल पर प्रभाव पड़ा है। मुझे हमेशा लगता है कि जब हम इस नये रवैये के बारे में बात करते हैं, तो आपको ऐसे खिलाड़ियों की पहचान करनी होगी जो उन भूमिकाओं या उस खाके को बहुत आसानी से अपना सकते हैं। कुछ लोग उस खाके के अनुकूल नहीं खेल सकते, इसलिये उन्हें एक निश्चित तरीके से खेलने के लिये धकेलने के बजाय सही खिलाड़ियों की पहचान करना और साथ ही टीम में सही मिश्रण हासिल करना बहुत जरूरी है।



गंभीर ने कहा : मुझे लगता है कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और वे सभी खिलाड़ी जो विकेट पर टिक सकते हैं और स्पिन को वास्तव में अच्छी तरह से खेल सकता है, वह आने वाले विश्व कप में बड़ी भूमिका निभाएंगे। गंभीर ने यह भी कहा कि भारत को एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस साल ज्यादा से ज्यादा वनडे क्रिकेट खेलना चाहिए। उन्होंने कहा : इस साल जरूर वनडे पर ध्यान देना चाहिये। तीन से ज्यादा प्रारूप खेलनेवाले खिलाड़ी अगर ब्रेक लेना चाहें तो टी-20 क्रिकेट से ब्रेक जरूर ले सकते हैं, लेकिन वनडे फॉर्मेट से तो बिल्कुल नहीं। उन्हें एक साथ खेलना है। मुझे लगता है कि पिछले दो विश्व कप में भारतीय क्रिकेट ने सबसे बड़ी गलती यह की है कि इन लोगों ने एक साथ पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेली है। मुझे बताओ कि हमने मैदान में कितनी बार सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारी है? हमने ऐसा नहीं किया, केवल विश्व कप के दौरान हमने सर्वश्रेष्ठ एकादश रखने का फैसला किया, लेकिन दुर्भाग्य से वह कभी भी सर्वश्रेष्ठ एकादश नहीं रही।

# पंत के घुटने का होगा ऑपरेशन

### एयरलिफ्ट कर ले जाया गया मुंबई, कोकिलाबेन अस्पताल में होगा इलाज

**एजेंसी। देहरादून**

सड़क हादसे में घायल क्रिकेटर ऋषभ पंत को देहरादून से एयरलिफ्ट कर मुंबई ले जाया गया। यहां कोकिलाबेन अस्पताल में उनका आगे का इलाज होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान जारी कर कहा है कि अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड ऑर्थोस्कोपी हेड डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में पंत का ट्रीटमेंट होगा। डॉ. पारदीवाला इससे पहले सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे क्रिकेटर्स का इलाज कर चुके हैं। बीसीसीआई ने यह भी बताया है कि पंत के घुटने के लिगामेंट की सर्जरी की जाएगी। पंत की रिकवरी और इसके बाद रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया पर बोर्ड की टीम नजर रखेगी। 30 दिसम्बर को कार एक्सीडेंट में घायल होने के बाद से पंत को पहले रुड़की के सक्षम हॉस्पिटल में इमरजेंसी ट्रीटमेंट दिया गया। इसके बाद से उनका इलाज देहरादून के मैक्स हॉस्पिटल में चल रहा था।

### बीसीसीआई उठाएगा एयर लिफ्टिंग का खर्च

**भारतीय** बोर्ड ने बताया कि पंत के इलाज का खर्च उनके मेडिकल इन्शोरेंस से कवर होगा। वहीं, देहरादून से मुंबई एयरलिफ्ट किए जाने का खर्च बोर्ड उठाएगा। बीसीसीआई ने इस मामले में अब तक पंत का इलाज करने वाले उत्तराखंड के दोनों अस्पतालों की सराहना की है लेकिन पंत का आगे का इलाज वह अपने एक्सपर्ट्स की देखरेख में कराना चाहता था।

**टेंडर जारी** | कंपनियां 21 जनवरी तक खरीद सकेंगी डॉक्यूमेंट

# महिला आईपीएल टीमों की होगी नीलामी

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला आईपीएल की टीमों को बेचने के लिए टेंडर आमंत्रित किए है। 2023 में पहली बार महिला आईपीएल का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले बोर्ड टीमों की नीलामी करेगा। बोर्ड ने जो सूचना जारी की है उसके मुताबिक टीम खरीदने की इच्छुक कंपनियों को टेंडर डॉक्यूमेंट्स खरीदने होंगे। इस डॉक्यूमेंट के लिए कंपनियों को 5 लाख रुपए की नॉन रिफंडेबल राशि देनी होगी। डॉक्यूमेंट खरीदने की आखिरी तारीख 21 जनवरी, 2022 है। डॉक्यूमेंट खरीदने के बाद कंपनियों को पेमेंट डिटेल्स भेजना है। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने का यह मतलब नहीं है कि सिर्फ इसके आधार पर बोली में भागीदारी की इजाजत मिल जाएगी। बोर्ड पहले सभी कंपनियों की योग्यता को परखेगा और इसके बाद ही बोली में हिस्सा लेने की इजाजत होगी। पांच टीमों की नीलामी इसी तरीके से होगी। एक टीम का बेस प्राइस 400 करोड़ रुपए होगा। बोर्ड को उम्मीद है कि हर टीम के एवज में उसे 1000 से 1500 करोड़ रुपए के बीच राशि मिलेगी।



**मार्च से शुरू होगा महिला आईपीएल :** महिला आईपीएल यानी विमेंस इंडियन प्रीमियर लीग मार्च 2023 में आयोजित होगी। 26 फरवरी को साउथ अफ्रीका में महिला टी-20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। विमेंस आईपीएल का पहला सीजन 2 वेन्यू पर खेला जाएगा। 22 मैचों के इस मेगा इवेंट में हर टीम के पास 18 प्लेयर होंगे। वहीं, विदेशी खिलाड़ियों की संख्या 6 रखी गई है। पांच खिलाड़ी से ज्यादा विदेशी खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे।

**कारवां फॉर्मेट में होंगे मैच :** विमेंस आईपीएल कारवां फॉर्मेट में हो सकता है। कारवां फॉर्मेट यानी एक ही शहर में वहां होने वाले सारे मैच खेले जाएंगे। फिर वहां से दूसरे शहर के लिए साड़ी टीमें रवाना होंगी। कोविड के दौरान 2021 में इसी तरह से आईपीएल हुआ था। जब आईपीएल टीमें यूएई गई थी। टूर्नामेंट के सारे मैच दो वेन्यू पर होंगे। पहला हाफ एक जगह और दूसरा हाफ दूसरे वेन्यू पर खेला जाएगा।



NEWS इन ब्रीफ

## वेदांता का एल्युमीनियम उत्पादन दो प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** वेदांता ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में उसका कुल एल्युमीनियम उत्पादन दो प्रतिशत घटकर 5,66,000 टन रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का कुल एल्युमीनियम उत्पादन 5,79,000 टन था। वेदांता ने बीएसई को एक सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि तीसरी तिमाही में तैयार इस्पात का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 3,50,000 टन से घटकर 3,06,000 टन रह गया।

## पीएनबी ने एफडी पर ब्याज दर 0.50 प्रतिशत बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली सावधि जमाओं (एफडी) पर ब्याज दरों में आधा प्रतिशत की वृद्धि की है। बैंक ने यह कदम अधिक जमा प्राप्त करने के इरादे से उठाया है। पीएनबी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि दो करोड़ रुपये से कम की एक साल से तीन साल की सावधि जमा पर अब 6.75 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा। अभी तक यह दर 6.25 प्रतिशत थी। बैंक ने कहा कि नई दरें एक जनवरी, 2023 से लागू हो गई हैं।

## सैमसंग गैलेक्सी एफ 04 स्मार्टफोन हुआ लॉन्च

**नयी दिल्ली।** कोरियन कंपनी सैमसंग ने भारत में अफोर्डेबल गेमिंग स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। सैमसंग गैलेक्सी एफ04 में 5000 एमएएच की बड़ी बैटरी मिलती है। इसके अलावा स्मार्टफोन में 16.55 सेंटीमीटर की (6.5 इंच) का एच प्लस डिस्प्ले मिलता है। यह जेड पर्पल और ओपल ग्रीन कलर ऑप्शन में अवेलेबल है। सैमसंग गैलेक्सी एफ04 में 4 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज की कीमत 9,499 रुपए रखी गई है। लेकिन, लॉन्चिंग ऑफर में कस्टमर इस फोन को 7,499 रुपए में खरीद सकते हैं। सैमसंग गैलेक्सी एफ04 12 जनवरी से ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए अवेलेबल रहेगा। कंपनी फोन के लिए 1 साल की और इन-बॉक्स एसेसरीज पर 6 माह की मैन्युफैक्चरर वारंटी दे रही है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले साल की 22 मई के बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव 3 डॉलर घटकर 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, प्रति लीटर पर उलब्ध है।

# मस्क की कंपनी पर जुर्माना



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क ने हाल ही ट्विटर को खरीदा। सीईओ बने फिर आलोचना तक झेली और फिर पद से हटने का ऐलान कर दिया। विवाद थम गया। लेकिन अब इलेक्ट्रिक वाहन का बाजार बढ़ रहा है और एलन मस्क दुनिया में इलेक्ट्रिक निर्माता कंपनी टेस्ला के मालिक भी हैं और कंपनी का दावा है कि यह सबसे बढ़िया इलेक्ट्रक कार है। लेकिन दक्षिण कोरिया ने कार की हकीकत दुनिया के सामने रख दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार टेस्ला पर दक्षिण कोरिया के एक कमीशन ने जुमार्ना लगाया है। दक्षिण कोरिया के एंटीट्रस्ट रेगुलेटर ने टेस्ला पर 2.9 बिलिन वॉन यानी 2.2 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगा दिया है। रेगुलेटर का कहना है कि टेस्ला ने अपने ग्राहकों को यह सूचित नहीं किया है कि कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कारों का माइलेज ठंडियों में आधा हो जाता है। रेगुलेटर ने अपने इस फैसले में यह भी कहा कि कंपनी ने ऑनलाइन जो भी दावे किए हैं वह काफी बढ़ा चढ़ा कर पेश किए गए हैं और इतना ही नहीं गलत दावे भी किए गए हैं। रेगुलेटर का कहना है कि रेंज और चार्जिंग स्पीड के बारे में भी फर्जी दावे किए हैं। कोरिया के फेयर ट्रेड कमीशन ने ये बातें कही हैं। रेगुलेटर का यह भी कहना है कि कंपनी ने गैसोलिन गाड़ियों की तुलना में दावों में गाड़ियों के कॉस्ट इफेक्टिव होने की बात कही है जो धोखा देने के समान है। कमीशन के अनुसार टेस्ला द्वारा जो दावा कंपनी की कारों पर माइलेज को लेकर किया गया है वह भी गलत है क्योंकि इन ई-कारों का माइलेज 50.5 प्रतिशत तक सर्दियों में गिर जाता है। स्थानीय वेबसाइट पर कंपनी ने इस प्रकार के दावे भी किए हुए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ई-कार ब्रैंड है जो जल्द ही भारतीय कार बाजार में प्रवेश करने वाली है। अपने भारतीय उत्पाद लाइन-अप में, टेस्ला के पास 2 कारें हैं-मॉडल 3 और मॉडल एस। टेस्ला ब्रैंड की पहली आगामी कार मॉडल 3 के भारत में जल्द ही 70.00 लाख रुपये की अनुमानित कीमत पर लॉन्च होने की उम्मीद है। बता दें कि टेस्ला को भारत में निर्माण करने के लिए प्लांट लगाने के लिए भारत सरकार ने आमंत्रण दिया था मगर कंपनी चीन में उत्पादन कर भारत में निर्यात का मन बना चुकी थी।

## भारतपे के सीईओ सुहेल समीर ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** भारतपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहैल समीर ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बताया जाता है कि इनका पूर्व में कंपनी से हटे सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के साथ मतभेद था। अब समीर के इस्तीफे के बाद प्रतिक्रिया देते हुए अशनीर ग्रोवर ने मंगलवार को ट्विटर पर एक कविता के साथ कंपनी पर निशाना साधा। ग्रोवर ने फर्म के संस्थापक शाश्वत नाकरानी को फटकार लगाई और उनसे आदमी बनने और व्यवसाय की देखभाल करने के लिए तंज भरे लहजे मे आह्वान किया। इस बीच भारतपे ने वर्तमान मुख्य वित्तीय अधिकारी नलिन नेगी को कंपनी का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है, जब तक कि इसके बोर्ड को सुहैल समीर के लिए कोई अलटरनेटिव नहीं मिल जाता, जो पद से हट गए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि समीर 7 जनवरी से प्रभावी रूप से सीईओ से रणनीतिक सलाहकार बनेंगे।

### प्रमोटर की बेरुखी से मुश्किल में वोडा और आइडिया फोन

## कंपनी को संकट से उबारने को 45000 करोड़ चाहिए

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वित्तीय संकट झेल रही देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कंपनी भारी कर्ज के बोझ में डूबी हुई है और कंपनी चलाने के लिए उसे भारी भरकम पूंजी की दरकार है। लेकिन कंपनी के प्रमोटर अब और ज्यादा पूंजी डालने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं तो वोडाफोन आइडिया पर बकाये एजीआर पर जो 16000 करोड़ रुपये का ब्याज बन रहा है उसे शेयर में बदलने को लेकर सरकार का रूख भी ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी के प्रमोटर केवल 2000 से 3000 करोड़ रुपये पूंजी डालना चाहते हैं जो कंपनी के कायाकल्प करने के लिए नाकाफी है। वोडाफोन आइडिया को बेहतर तरीके से संचालन करने के लिए 40,000 से 45,000 करोड़ रुपये की जरुरत है। अगर इसका 50 फीसदी बैंक से कर्ज के रूप में मिल जाता है तो बचे हुए रकम प्रमोटर को डालना होगा। प्रमोटर के फंडिंग के बगैर ना तो कोई भी निवेशक कंपनी में निवेश करेगा और ना कोई बैंक कंपनी को सपोर्ट करने के लिए आगे आएगी।

## जिंदल कोटेक्स के तीन अधिकारियों के बैंक खातों को कुर्क करने का आदेश

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट्स (जीडीआर) जारी करने में गड़बड़ी के मामले में जिंदल कोटेक्स और उसके तीन अधिकारियों के बैंक और डीमैट खाते कुर्क करने का आदेश दिया है। नियामक ने यह कदम इन लोगों से 14.55 करोड़ रुपये की वसूली के लिए उठाया है। सेबी ने कहा कि जिंदल कोटेक्स, संदीप जिंदल, राजेंद्र जिंदल और यशपाल जिंदल के खिलाफ 14.55 करोड़ रुपये की वसूली के लिए कुर्की आदेश जारी किया जाता है। इस राशि में ब्याज, सभी लागत, शुल्क और खर्च शामिल हैं। सेबी ने अपने नोटिस में सभी बैंकों, डिपॉजिटरी और म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा है कि जिंदल कोटेक्स, संदीप, राजेंद्र और यश पाल जिंदल के खातों से निकासी की अनुमति नहीं दी जाए।

### सीसीडीए-सीएमआईई ने अपनी नई बुलेटिन में दी जानकारी

# कोविड : अब 1.4 करोड़ कम लोगों के पास रोजगार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कोरोना संकट के बाद से देश में रोजगार की स्थिति में सुधार हुआ है, पर यह सुधार अब भी महामारी के पहले के लेवल पर नहीं पहुंच पाया है। जनवरी 2020 से तुलना करें तो अक्तूबर 2022 में 14 मिलियन यानी 1.4 करोड़ कम लोगों के पास रोजगार उपलब्ध है। सीसीडीए-सीएमआईई ने अपनी बुलेटिन में इसकी जानकारी दी है। आंकड़ों के अनुसार कोरोना महामारी की पूर्व की तुलना में 45 लाख कम पुरुष और 96 लाख कम महिलाएं फिलहाल रोजगार में हैं। इन आंकड़ों से संबंधित रिपोर्ट्स अशोका विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इकोनॉमिक डेटा एंड एनालिसिस और सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी ने कंपाइल कर प्रकाशित किए हैं। द इंपेक्ट ऑफ द कोविड पेंडेमिक ऑन पीपुल्स इकोनॉमिक लाइव्स नाम से यह रिपोर्ट बीते 27 दिसंबर को प्रकाशित की गई है। इस रिपोर्ट में इस बात पर चर्चा की गई है कि कैसे कोरोना महामारी ने देश में उपलब्ध रोजगार को प्रभावित किया है। नवीनतम बुलेटिन में लेखिका प्रीता जोसेफ और रशिका मौदगिल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में युवा व्यक्ति (15-39 आयु वर्ग के लोग) बेरोजगारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। अक्टूबर 2022 तक, जनवरी 2020 की तुलना में 15-39 आयु वर्ग के लगभग 20 प्रतिशत कम लोगों को रोजगार मिला। इसमें कोरोना संकट के पूर्व की तुलना में 36.5 मिलियन की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, इस दौरान वृद्ध आयु वर्ग (40-59 वर्ष) के लोगों के रोजगार में 12% की वृद्धि हुई। जनवरी 2020 की तुलना में अक्टूबर 2022 में इस आयु वर्ग के अतिरिक्त 25 मिलियन लोगों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि 15-39 आयु वर्ग का एक बड़ा वर्ग कार्यबल शामिल हो रहा है। सीएमआईई के एमडी और सीईओ महेश व्यास कहते हैं, वृद्ध आयु वर्ग मौजूदा कौशल का उपयोग करके अपनी पिछली नौकरियों को बनाए रख रहा है या वापस आ रहा है। बुलेटिन में कहा गया है कि शुरूआती लॉकडाउन महीनों के बाद पिछले तीन वर्षों में शहरी रोजगार अपेक्षाकृत स्थिर रहा। बुलेटिन के अनुसार पहले लॉकडाउन के बाद समग्र रोजगार में बदलाव मुख्य रूप से ग्रामीण रोजगार में उतार-चढ़ाव से प्रभावित हुआ। रिपोर्ट के अनुसार सेवा क्षेत्र, जो लगभग 147 मिलियन लोगों को रोजगार देता है, देश का सबसे बड़ा नियोक्ता बना हुआ है। लेकिन यह भी अभी तक महामारी से पहले के रोजगार के स्तर को फिर से हासिल नहीं कर पाया है। सेवाओं के भीतर, थोक और खुदरा व्यापार अब वित्तीय वर्ष 2018-19 की 59 मिलियन की तुलना में 70 मिलियन से अधिक रोजगार देता है। वित्तीय सेवाओं में रोजगार पिछले वर्ष की तुलना में 2021-22 में 16.1 प्रतिशत बढ़ा। वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 के बीच आईटी और आईटीईएस में कार्यबल में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में कार्यबल में कमी देखी गई है। नियोजित श्रमिक में सबसे बड़ा हिस्सा छोटे व्यापारियों और दिहाड़ी मजदूरों रहा।

### जियो की साझीदारी में मोटोरोला ने पेश किया 5जी स्मार्टफोन

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता जियो ने बुधवार को कहा कि अब मोटोरोला ने भी जियो के साथ साझीदारी में स्टैंडअलोन 5जी नेटवर्क पर चलने वाले 5जी हैंडसेट की पूरी श्रृंखला पेश की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मोटोरोला और जियो की यह साझेदारी इसलिए भी खास है कि मोटोरोला दुनिया में 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने वाली पहली कंपनी है। रिलायंस जियो के ट्रू 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क पर काम करने वाले मोटोरोला 5जी स्मार्टफोन में उन्नत हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के साथ प्रस्तुत मोटोरोला एज 30 अल्ट्रा, मोटोरोला एज 30 फ्यूजन, मोटोरोला एज 30, मोटो जी82 5जी, मोटोरोला एज 30 प्रो, मोटो जी71 5जी, मोटो जी51 5जी, मोटोरोला एज 20, मोटोरोला एज 20 फ्यूजन के साथ-साथ मोटो जी62 जैसे किफायती स्मार्टफोन शामिल हैं। मोटोरोला एशिया पैसिफि क के कार्यकारी निदेशक, प्रशांत मणि ने कहा, 5जी के विभिन्न 13-बैंड पर काम करने वाले हमारे 5जी स्मार्टफोन्स पोर्टफोलियों में विभिन्न कीमतों के स्मार्टफोन शामिल हैं।

### क्रिप्टो करेंसी में रहा उछाल, बिटकॉइन और ईथर समेत इन डिजिटल टोकन में बढ़ोतरी



**नयी दिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में इस साल लगातार दूसरे दिन बढ़ोतरी हुई है। ग्लोबल स्तर पर क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 1 ट्रिलियन डॉलर के नीचे बना हुआ है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान इसमें बढ़ोतरी हुई है और यह अब 844 बिलियन डॉलर हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय डिजिटल टोकन बिटकॉइन 16,728 डॉलर पर रहा। वहीं दुनिया के दूसरे और फेमस डिजिटल टोकन ईथर की बात करें तो इथेरियम बढ़ोतरी के साथ 1,229 डॉलर पर था। जबकि डॉजकॉइन की कीमत फ्लैट रही और यह 0.07 डॉलर पर था। इसके अलावा,शिबा इनू की प्राइस गेन के साथ ही 0.000008 डॉलर पर थी। सबसे बड़े डिजिटल टोकन बिटकॉइन ने पिछले 24 घंटे में 1.04 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह 1,396,925.75 रुपये की कीमत पर कारोबार कर रहा था। भारत में दूसरे नंबर का सबसे बड़ा कॉइन इथेरियम 103,546.18 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जिसने 2.89 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। इस कॉइन की बात करें तो यह 82.86 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जो 0.05 प्रतिशत की उछाल दर्ज किया था।

### चमड़ा उद्योग के मशीनरी को बढ़ावा देगी सरकार

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने को कहा कि सरकार चमड़ा उद्योग में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी और संबंधित उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये नई योजना लाने पर विचार कर रही है। गोयल ने चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हम चमड़ा उद्योग में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी और अन्य संबंधित सामान के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये नई योजना लाने पर गौर कर रहे हैं।

# केवल तीन सालों में टीडी पावर सिस्टम्स ने निवेशकों को दिया 9 गुना तक का रिटर्न



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहता है। ऐसे में मार्केट में निवेश करना बहुत रिस्की माना जाता है, लेकिन मार्केट में कुछ ऐसे शेयर्स हैं जिसने अपने निवेशकों को कुछ ही सालों में तगड़ा रिटर्न दिया है। इस तरह के शेयर्स को मल्टीबैगर शेयर कहते हैं। आज हम आपको जिस मल्टीबैगर शेयर के बारे में जानकारी देने वाले हैं उस शेयर का नाम है टीडी पावर सिस्टम्स। इस शेयर ने निवेशकों को कुछ ही सालों में 9 गुना तक का रिटर्न दिया है। कल भी इस शेयर ने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है और यह 141।30 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ है। आज भी इस शेयर में तेजी देखी जा रही है। टीडी सिस्टम्स के इस शेयर ने निवेशकों को 3 साल में करीब 817 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं पिछले 6 महीने की बात करें तो शेयर्स के प्राइस करीब 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। वहीं एक साल में निवेशकों को कुल 62 फीसदी का रिटर्न मिला है। मार्च 2020 में यह शेयर 15।40 रुपये पर था। इसके बाद यह शेयर कल 141।30 पर बंद हुआ है। ऐसे में 3 साल से कम की अवधि में यह शेयर करीब 9 गुना तक बढ़ चुका है। अगर आपने मार्च 2020 में यह शेयर 1 लाख रुपये में खरीदे होंगे तो आपको अब आपको 9 लाख रुपये का रिटर्न मिलेगा। आज की बात करें तो फिलहाल कंपनी के शेयरों में आज तेजी दर्ज की जा रही है। आज यह शेयर 1।70 फीसदी की तेजी के साथ 143।55 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा है। वहीं कंपनी की बात करें तो यह टरबाइन का कारोबार करती है। कंपनी अलग-अलग तरह के कई टरबाइन बनाती है जिसमें स्टीम टरबाइन, गैस टरबाइन, हाइड्रो टरबाइन, विंड टरबाइन जैसे शामिल है।

# भारत एशियाई प्रशांत डाक संघ का नेतृत्व संभालेगा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत इस महीने से एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) का नेतृत्व संभालेगा। इसका मुख्यालय बैंकॉक, थाईलैंड में है। अगस्त-सितंबर 2022 के दौरान बैंकॉक में आयोजित 13वीं एपीपीयू कांग्रेस के दौरान हुए सफल चुनावों के बाद, डाक सेवा बोर्ड के पूर्व सदस्य (कार्मिक) डॉ. विनय प्रकाश सिंह 4 वर्षों के कार्यकाल के लिए संघ के महासचिव का पदभार संभालेंगे। एशियाई प्रशांत डाक संघ(एपीपीयू) एशियाई-प्रशांत क्षेत्र के 32 सदस्यीय देशों का एक अंतर-सरकारी संगठन है। एपीपीयू इस क्षेत्र में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) का एकमात्र प्रतिबंधित संघ है, जो संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। एपीपीयू का लक्ष्य डाक सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना के लिए सदस्य देशों के बीच डाक संबंधों का विस्तार,सुविधा देना और सुधार करना है। विभिन्न यूपीयू परियोजनाओं के क्षेत्रीय केंद्र के रूप में, एपीयूयू यह सुनिश्चित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाता है कि यूपीयू की सभी तकनीकी और परिचालन परियोजनाएं इस क्षेत्र में पूरी हो जाएं ताकि क्षेत्र को सर्वोत्तम संभव तरीके से वैश्विक डाक नेटवर्क में एकीकृत किया जा सके।

## पेज एक का शेष

### झारखंड के विकास...

इस मौके पर राजमहल सांसद विजय हांसदा सहित पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का तलबड़िया फुटबॉल ग्राउंड में स्वागत हुआ। फुटबॉल मैदान स्थित हेलिपैड में साहेबगंज जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहं से श्री सोरेन पार्टी कार्यक्रम के लिए पतना आवास रवाना हुए। साहेबगंज भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और पदाधिकारियों को उसके निराकरण का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, डीआईजी सुदर्शन मंडल, विधायक दिनेश मरांडी, झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, केंद्रीय समिति सदस्य नजरुल इस्लाम, जीप अध्यक्ष मोनिका किस्कू, समेत अन्य ने स्वागत किया।

### निलंबित आईएस पूजा...

साथ रह सकती है। लेकिन वो रांची नहीं आएंगी जब तक की उनके मामले में कोर्ट में सुनवाई ना हो। सुप्रीम कोर्ट का आदेश ईडी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल को रिलीज करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने मई माह के पहले सप्ताह में पूजा सिंघल समेत उनके करीबियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान उनके सीए सुमन कुमार के घर और ऑफिस से 19 करोड़ रुपए बरामद हुए थे। पूछताछ के बाद पूजा सिंघल को गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थी।

### घंटों जाम में...

फंसा रहना पड़ा। इस कारण वे विलंब से न्यायालय व दफ्तर पहुंचे। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार मेकॉन से राजेंद्र चौक तक ट्रॉयल के तौर पर वन-वे जारी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस की टीम अचानक बुधवार की सुबह मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक तक के मार्ग को वन-वे कर दिया। इसी बीच राज्यपाल का जमशेदपुर जाने का कार्यक्रम भी निर्धारित था। राज्यपाल का काफिला सुबह साढ़े नौ बजे राजेंद्र चौक होते हुए गुजरा। इस वजह से काफिला गुजरने तक ट्रैफिक रोक दी गई थी। इसके बाद मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक तो गाड़ियों को भेजा ही जा रहा था। वहीं, कडरू फ्लाईओवर से आनेवाले वाहनों को डोरंडा देवेंद्र मांझी चौक के पास डायवर्सन पर रोकने के बजाय पुलिस उसे मेकॉन चौक की तरफ भेज रही थी। वहीं, राजेंद्र चौक जाने से भी रोका नहीं जा रहा था। इसी वजह से मेकॉन चौक, राजेंद्र चौक, वन भवन मार्ग और कडरू फ्लाईओवर में वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वहीं, दूसरी तरफ सुजाता चौक से हिनू जानेवाले वाहनों को हाईकोर्ट और डोरंडा बाजार मार्ग में भेजा गया। इस मार्ग में अचानक वाहनों का लोड बढ़ने की वजह से यहां पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। हालांकि, दोपहर बाद स्थिति सामान्य हो गयी।

मेकॉन से राजेंद्र चौक तक वन-वे लागू : डोरंडा पोस्ट ऑफिस से फ्लाईओवर निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस वजह से मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक तक के मार्ग को ट्रॉयल के तौर पर वन-वे कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने निर्माण कार्य पूरा होने तक यह व्यवस्था लागू कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस अफसरों के अनुसार इस व्यवस्था में भविष्य में और भी बदलाव किया जाएगा।

बड़ी गाड़ियों पर लगेगा रोक : ट्रैफिक पुलिस के अनुसार बड़ी गाड़ियों के प्रवेश से डोरंडा इलाके में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाएगा। योजना बनायी गई है कि इस मार्ग में बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाया जाएगा। बड़ी गाड़ियों को नामकुम में ही रोक दिया जाएगा। वहां से गाड़ियों को रिंग रोड से गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।

### मंदी का माहौल | ग्लोबल मार्केट से कमजोर के संकेत, एशियाई बाजार दबाव में

# एशियाई बाजारों में भी आमतौर पर गिरावट



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। नए साल की छुट्टियों के बाद पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार में नए साल के कारोबार की शुरूआत हुई, लेकिन टेक शेयरों में आई गिरावट के दबाव की वजह से अमेरिकी बाजार कमजोरी के साथ बंद हुए। इसके पहले यूरोपीय बाजार में मजबूती का रुख बना हुआ था। अमेरिकी बाजार की तर्ज पर ही आज एशियाई बाजारों में भी आमतौर पर गिरावट का ही रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में नैस्डेक 6.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10,386.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ पिछले सत्र में अपने कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डाओ जोंस 0.03 प्रतिशत टूटकर 33,136.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। जानकारों का मानना है कि अमेरिकी बाजार अभी भी मंदी की आशंका से ऊपर नहीं हो सके हैं। इसी वजह से पिछले कारोबारी सत्र के दौरान टेक शेयरों में लगातार दबाव बना रहा। इसके साथ ही बाजार की निगाहें आज आने वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मिनट्स पर टिकी रहने वाली हैं। इन मिनट्स में ब्याज दर को लेकर मिलने वाले संकेत के आधार पर अमेरिकी बाजार की आगे की चाल तय होगी। इसके पहले यूरोपियन बाजार पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार कर के बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 102.35 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,554.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,623.89 अंक के स्तर पर अपने पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### डीएएक्स इंडेक्स 14,181.67 अंक पर बंद हुआ

डीएएक्स इंडेक्स 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 14,181.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी बाजार में आई गिरावट का असर आज एशियाई बाजारों में भी साफ-साफ नजर आ रहा है। हैंग सेंग, कोस्पी और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स को छोड़ कर शेष सभी इंडेक्स फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। एसजीएक्स निफ्टी 75 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,231 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 328.47 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,766.03 अंक के स्तर पर नजर आ रहा है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,245.47 अंक के स्तर पर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 14,223.98 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,674.09 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,869.99 अंक के स्तर पर कारोबार करते नजर आ रहे हैं।




## NEWS इन ब्रीफ

### सोनिया को सांस संबंधित संक्रमण, अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली।** सांस में संक्रमण की शिकायत के बाद कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुधवार को गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूत्रों ने बताया कि सोनिया गांधी को नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा उनके साथ अस्पताल गई हैं। सूत्रों ने कहा कि सोनिया गांधी मंगलवार से अस्वस्थ हैं।

### मिस्र खरीदेगा 12 सीएच-47 एफ चिनूक विमान

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने घोषणा की कि कंपनी मिस्र की वायु सेना के लिए 12 नए सीएच-47 एफ चिनूक विमानों का निर्माण करेगी। कंपनी ने कहा कि इसके लिए मिस्र के साथ 42.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर में अनुबंध हुआ है। इसके साथ ही मिस्र सीएच-47 डी विमानों के अपने बेड़े को आधुनिक एफ मॉडल के साथ बदल देगा।

### नेता प्रतिपक्ष सीडी को सार्वजनिक कर दें : मिश्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि वे जो सीडी अपने पास रखे हुए हैं, उन्हें सार्वजनिक कर दें। डॉ. मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान सवाल किया कि नेता प्रतिपक्ष वे सीडी अपने पास रखे हुए क्यों हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उनसे इस बारे में कह चुके हैं। ऐसे में डॉ. सिंह को वे सीडी अपने पास न रखते हुए सार्वजनिक कर देनी चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट से खुशी दुबे को जमानत

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बहुचर्चित बिकरू कांड में सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस एनकाउंटर में मारे गए अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे को जमानत दे दी है। जमानत की शर्तें ट्रायल कोर्ट तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल के दौरान खुशी दुबे को कानपुर नहीं जाने देने की मांग भी ठुकरा दी और कहा कि वो एक महिला हैं। वह कहां जाएंगी? वह सड़क पर तो नहीं रह सकती हैं। न्याय के हित में आरोपी को जमानत दी जानी चाहिए।

### आजम खां की केस ट्रांसफर करने की मांग खारिज

**नयी दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सपा नेता ने एक याचिका दायर कर सर्वोच्च न्यायालय से अपील की थी कि उनके खिलाफ यूपी में दर्ज कुछ केसों को दूसरे राज्यों में ट्रांसफर कर दिया जाए। कोर्ट ने उनकी इस मांग को नकारते हुए उन्हें हाईकोर्ट जाने के लिए कहा और निर्देश दिए कि उनकी याचिका पर जल्दी सुनवाई की जा सकती है।

### सतीश शाह पर लंदन में नस्लभेदी टिप्पणी

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सतीश शाह लंदन के एयरपोर्ट पर रेसिज्म का शिकार हो गए हैं। एक्टर को लेकर एयरपोर्ट स्टाफ ने कमेंट किया था, जिसके बाद सतीश शाह ने करारा जवाब दिया। शाह लंदन की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने हीथ्रो हवाई अड्डे पर नस्लवादी टिप्पणियां सुनीं। उन्होंने अपने तरीके से टिप्पणी करने वाले अधिकारियों को इसका जवाब दिया और इसके बारे में ट्वीट भी किया।

# जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने पर पश्चिमी देशों का मुंह किया बंद

### भारत के बेबाक विदेश मंत्री की हो रही तारीफ

### भारतीय विदेश मंत्री ने खुलासा किया कि यूरोप ने भारत के मुकाबले छह गुना अधिक तेल रूस से खरीदा

**एजेंसी। वियना**

यूक्रेन युद्ध के बीच ऑस्ट्रिया के दौरे पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस से सस्ता तेल खरीदने पर अपने जोरदार तर्कों और इतिहास के तथ्यों की याद दिलाकर यूरोपीय और पश्चिमी देशों का मुंह बंद कर दिया। भारतीय विदेश मंत्री ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि यूरोप ने भारत के मुकाबले 6 गुना अधिक तेल रूस से खरीदा।

जयशंकर ने यूरोपीय देशों और भारतीय जनता की आय की तुलना करते हुए कहा कि भारत की 1 अरब 40 करोड़ की आबादी के पास इतना पैसा नहीं है कि वह महंगा तेल खरीद सके। जयशंकर के इस बयान की दुनियाभर में जमकर तारीफ हो रही है। नीदरलैंड के भारत में राजदूत रह चुके फोंस स्टोइलिंगा ने कहा कि जयशंकर आपने पश्चिमी देशों को इतिहास और अर्थव्यवस्था सीखा दिया। नीदरलैंड के भारत में पूर्व राजदूत फोंस स्टोइलिंगा ने ट्वीट करके कहा : भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर का शानदार प्रदर्शन। पश्चिमी देशों को इतिहास और अर्थव्यवस्था का कुछ पाठ पढ़ाया। जयशंकर के इस बयान की सोशल मीडिया में जमकर तारीफ हो रही है। आशुतोष झा ने लिखा कि जयशंकर ने अपने बयान में क्या शानदार स्पष्टता दिखाई। भारत को अब तक का सबसे बुद्धिमान विदेश मंत्री मिल गया है।



### रूस से तेल लेने पर क्या बोले जयशंकर

**विदेश** मंत्री जयशंकर ने बुधवार को पश्चिमी शक्तियों के असंतोष के बावजूद रूस से कच्चे तेल का आयात करने के भारत के कदम का बचाव करते हुए कहा था कि यूरोप ने फरवरी 2022 से भारत की तुलना में रूस से जीवाश्म ईंधन का छह गुना अधिक आयात किया है। यूरोप के दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में साइप्रस से यहां पहुंचे जयशंकर ने यह भी कहा कि यूरोपीय राजनीतिक नेतृत्व अपनी आबादी पर रूस-यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव को कम करना चाहेगा, और यह एक विशेषाधिकार है जिसे उन्हें अन्य राजनीतिक नेतृत्व तक भी विस्तारित करना चाहिए।

### यूरोप ने मॉस्को से बिजली खरीद क्यों नहीं की बंद

**विदेश** मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर यह सिद्धांत की बात थी तो यूरोप ने 25 फरवरी को मॉस्को से बिजली क्यों नहीं बंद की। रूसी तेल के लिए भारत की चाहत तब से बढ़ गई है जब से मॉस्को ने इस पर छूट पर देनी शुरू की है, क्योंकि पश्चिम ने यूक्रेन पर हमले के चलते रूस को दंडित करने के लिए उसके तेल का त्याग किया है। बता दें कि रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला शुरू कर दिया था और तब से पश्चिमी देश उसे दंडित करने के लिए देशों से रूसी तेल का त्याग करने के लिए कहते रहे हैं। भारत सरकार रूस के साथ अपने तेल व्यापार का यह कहते हुए पुरजोर बचाव करती रही है कि वह तेल वहीं से लेगी जहां यह सबसे सस्ता होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी हैं जुनूनी : बघेल

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने बुधवार को एबीपी न्यूज के सिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। सीएम भूपेश बघेल से पूछा गया था कि गया कि पीएम ने अपनी मां के निधन के बाद भी कार्यक्रम नहीं टाले तो बघेल ने कहाः मुझे अचरज हुआ लेकिन जिसको काम करने का जुनून हो वो करता ही है। नहीं तो सामान्यतः हिन्दू परिवार में निधन के बाद दिन दस गात्र होने तक घर से नहीं निकलते हैं। सभी रस्मों को निभाना होता है लेकिन पीएम ने यह सब जिम्मेदारियां परिवार को सौंपकर अपनी जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने नई लकीर खींच दी है।

## कंझावला पीड़ित के परिवार को दस लाख मुआवजे की घोषणा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को बाहरी दिल्ली इलाके में नए साल की सुबह एक कार द्वारा स्कूटी को टक्कर मारने और घसीटने के बाद जान गंवाने वाली लड़की के परिवार के लिए दस लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। यह घोषणा उन्होंने बुधवार को की। केजरीवाल ने आश्वासन दिया कि परिवार को उनकी बेटी के लिए न्याय मिलेगा। केजरीवाल ने ट्वीट कियाः पीड़ित की मां से बात हुई. बेटी को न्याय दिलाएंगे, बड़े से बड़ा वकील खड़ा करेंगे, उनकी मां बीमार रहती हैं उनका पूरा इलाज कराएंगे , पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देंगे , सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। भविष्य में अगर कोई जरूरत होगी तो हम उसे भी पूरा करेंगे। इस बीच, पुलिस ने बताया कि मृतक लड़की की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि मौत का कारण सदमा और सिर, रीढ़, बाएं फीमर और दोनों निचले अंगों में पहले से लगी चोट के कारण रक्तस्राव था। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि पीड़िता का पोस्टमॉर्टम नई दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) में तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड द्वारा किया गया था।

# 2023 में शादी के सबसे ज्यादा 15 शुभ मुहूर्त मई में

**आरएनएम। वाराणसी**

काशी के कथावाचक पंडित जयन्तुजय मिश्रा के अनुसार वर्ष 2023 में शादी के लिए सबसे ज्यादा 15 शुभ मुहूर्त मई में हैं। जनवरी में 9, फरवरी में 12, मार्च में 4 शुभ मुहूर्त हैं। मई में 15, जून में 9 शुभ तिथियां हैं। नवंबर व दिसंबर में 4 शुभ मुहूर्त हैं। खरमास की वजह से जनवरी में 14 तक कोई शुभ मुहूर्त नहीं है। खरमास के बाद दिनांक 15 से विवाह की शहनाइयां गूंजेंगी। जबकि जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर में शादी का कोई शुभ मुहूर्त नहीं है।

### विवाह की तिथियां

**जनवरीः** 15, 16, 18, 19, 25, 26, 2, 30, 31
**फरवरीः** 6, 7, 9, 10, 12, 13, 14, 16, 22, 23, 27, 28
**मार्चः** 6, 9, 11, 13
**मईः** 3, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 15, 16, 17, 20, 21, 22, 29, 30
**जूनः** 1, 3, 5, 6, 7, 11, 12, 23, 26
**नवम्बरः** 23, 27, 28, 29
**दिसम्बरः** 6, 7, 9, 15
**(जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में कोई लग्न नहीं है।)**

# शंघाई की 70 प्रतिशत आबादी कोरोना संक्रमित



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चीन में कोरोना वायरस के तेजी से फैलने के कारण आशंका जतायी गयी है कि शंघाई की 70 फीसदी आबादी अब तक इसकी चपेट में आ चुकी होगी। चीन में पिछले महीने कोविड-19 को लेकर लगाई गई पाबंदियों में ढ़ील दिए जाने के बाद संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। अस्पतालों में मरीजों और श्मशान घाटों पर शवों में संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। रुइजिन अस्पताल के उपाध्यक्ष एवं शंघाई के कोविड विशेषज्ञ सलाहकार पैनल के सदस्य चेन एर्जेन ने अनुमान लगाया कि शहर के 2.5 करोड़ लोगों में अधिकांश इस जानलेवा विषाणु से संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने चीन की दजियांगडोंग स्टूडियो को बताया : अब शंघाई में महामारी का प्रसार बहुत व्यापक है और यह 70 फीसदी आबादी तक पहुंच चुका होगा। शंघाई में गत अप्रैल से दो महीने के लिए सख्त लॉकडाउन लगाया गया था। इस दौरान 600,000 से अधिक निवासी संक्रमित हुए थे। काफी संख्या में लोगों को क्वारंटीन केंद्रों में रखा गया था। उन्होंने कहा कि शंघाई अस्पताल में प्रतिदिन 1,600 मरीज कैजुअल्टी वार्ड में आ रहे हैं, जो प्रतिबंध हटाए जाने से पहले की तुलना में दोगुनी है। इनमें से 80 फीसदी कोविड रोगी हैं। स्टूडियो ने चेन के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहाः 100 से अधिक एम्बुलेंस हर दिन अस्पताल में आती हैं। लगभग आधे मरीज 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग हैं।

# शर्मनाक : नशे में धुत्त पैसेंजर ने फ्लाइट में महिला पर कर दिया पेशाब

### पेशाब करने वाला नो फ्लाई जोन लिस्ट में

### एयर इंडिया ने दर्ज कराई एफआईआर, डीजीसीए लेगा एक्शन

**आरएनएम। नयी दिल्ली**

एयर इंडिया की फ्लाइट से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अमेरिका से दिल्ली आ रही फ्लाइट में नशे में धुत एक शख्स ने एक 70 वर्षीय महिला पर पेशाब कर दिया। इस मामले में अब नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और एयर इंडिया ने संज्ञान लिया है। डीजीसीए ने कहा है कि एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी गई है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 26 नवंबर, 2022 को एयर इंडिया के बिजनेस क्लास में एक महिला सह-यात्री पर नशे में धुत एक पुरुष यात्री ने पेशाब कर दिया। एयर इंडिया ने 26 नवंबर को हुई घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एयर इडिया के अधिकारी ने बताया कि ये घटना तब हुई, जब विमान अमेरिका से नई दिल्ली आ रहा था। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने कहाः एयर इंडिया ने इस घटना में एक आंतरिक समिति का गठन किया है और पुरुष यात्री को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की सिफारिश की है। मामला सरकारी समिति के अधीन है और फैसले का इंतजार है।



ज्ञात हो कि 26 नवंबर को अमेरिका से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट में सवार नशे में धुत्त एक शख्स ने करीब 70 साल की एक महिला यात्री पर पेशाब कर दिया। बुजुर्ग महिला ने इस बारे में केबिन क्रू को बताया, इसके बावजूद उस शख्स को पकड़ा नहीं गया और वो आसानी से एयरपोर्ट से चला गया। सूत्रों के मुताबिक मामले की जांच भी तब शुरू हुई, जब महिला ने टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पत्र लिखा। इस मामले को दबा देने का भरपूर प्रयास किया गया। बुजुर्ग महिला ने अपने पत्र में लिखाः केबिन क्रू इस तरह की दर्दनाक और संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए सक्रिय नहीं था। मुझे क्रू से जवाब पाने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा और इस दौरान मुझे अपनी बातों को खुद ही उनके सामने रखना पड़ा।

# सोमालिया में धमाके, 9 की मौत



**एजेंसी। मोगादिशु**

पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया में दो बड़े कार धमाके हुए। इनमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, सोमालिया के सुरक्षा अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मध्य सोमालिया के एक कस्बे में बुधवार को हुए कार बम धमाकों में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। स्थानीय सुरक्षा अधिकारी अब्दुल्लाही अदन ने एएफपी को बताया कि आतंकवादियों ने बुधवार की सुबह विस्फोटकों से लदे वाहनों से महास कस्बे पर हमला किया। उन्होंने सिविल एरिया को निशाना बनाया और हमने पुष्टि की है कि दो विस्फोटों में नौ लोग मारे गए हैं, इसमें सभी आम नागरिक हैं।

## अजीबो-गरीब

### पाकिस्तान में 19 साल लंबे अंतराल के बाद की गई जनगणना

# एक परिवार में तीन भाइयों के हैं कुल 100 बच्चे

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम बन्नू में आदिवासी दुश्मनी को लेकर खतरा बना रहता है। इसी जगह पर 57 वर्षीय बन्नू शहर में अपनी तीसरी पत्नी के साथ रहते हैं, जो गर्भवती भी है। पाकिस्तान के बन्नू शहर में रहनेवाले 57 साल के गुलजार खान को 3 बीवियों से 36 बच्चे हैं। इसके अलावा उनके दो और भाइयों के बच्चे को जोड़ने पर कुल बच्चों की संख्या 100 हो गई। पाकिस्तान से ऐसा चौंकाने वाले मामला तब सामने आया, जब वहां 19 साल लंबे अंतराल के बाद जनगणना की गई। ऐसे में तीन आदमी को मिलाकर 100 बच्चे का होना बहुत अजीब बात है।



विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती आबादी आर्थिक लाभ और सामाजिक सेवाओं को नुकसान पहुंचा रही है। विश्व बैंक और सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में प्रति महिला लगभग तीन बच्चों को जन्म देती है, जो पूरे दक्षिण एशिया में सबसे अधिक है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है, ऐसे में ये सारी चीजें बहुत ही सोचने पर मजबूर करती हैं।

### क्या कहते हैं गुलजार खान

**पाकिस्तान** के 36 बच्चों के बाप गुलजार खान कहते हैं कि सारी चीजें ऊपर वाले के हाथ में है। वो सारी जरूरतों को पूरा करेगा। अगर ऊपर वाले ने सारी दुनिया को बनाया है तो मैं बच्चों के जन्म पर रोक कैसे लगा सकता हूं। उनका मानना है कि ऊपर वाला ही सारी मुसीबतों से बचाएगा।

### जनसंख्या में हुई बढ़ोतरी

**पाकिस्तान** के उत्तर पश्चिम बन्नू में आदिवासी दुश्मनी को लेकर खतरा बना रहता है। इसी जगह पर 57 वर्षीय बन्नू शहर में अपनी तीसरी पत्नी के साथ रहते हैं, जो गर्भवती भी है। उन्होंने कहा कि उनके बच्चों को क्रिकेट मैच खेलने के लिए दोस्तों की जरूरत नहीं पड़ती है। उनके 23 बच्चे ऐसे हैं, जो खेल सकते है। पाकिस्तान में आखिरी जनगणना साल 1998 में हुआ था, तब देश की जनसंख्या 135 मिलियन के करीब थी। 19 साल के बाद जनगणना होने के बाद आंकड़ा बढ़ कर 200 मिलियन के करीब हो गया। विशेषज्ञों का मानना है कि जनसंख्या में उछाल आने से परेशानी बढ़ गई है। नौकरियां मिलनी मुश्किल हो गई है। पाकिस्तान में करीब 60 मिलियन लोग गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं।

## FILMY हलचल

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगी अनन्या

**एजेंसी। मुंबई**



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे बहुत जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रही हैं। चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे जल्द ही एक सीरीज में नजर आनेवाली है। कहा जा रहा है कि अनन्या फिल्मकार करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही सीरीज का हिस्सा होंगी। इस वेब सीरीज का नाम कॉल मी बे होगा, जिससे अनन्या अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी। करण जौहर ने ही अपनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर-2 से अनन्या पांडे को लॉन्च किया था और अब करण जौहर की अनन्या पांडे को ओटीटी पर लॉन्च करनेवाले हैं। अनन्या पांडे इस वेब सीरीज में एक अरबपति फैशन ऑइकन का रोल प्ले करेंगी, जिसे एक घोटाले के बाद उसके परिवार ने खुद से दूर कर दिया है। सीरीज कॉल मी बे का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा कर रहे हैं। अनन्या पांडे की आने वाली वेब सीरीज कॉल मी बे को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजान प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।